आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 261 | उज्जैन, शनिवार 03 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 7 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

भारतीय पायलट स्मित मच्छर से वीडियो कॉल पर मोदी ने की बात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 174 जान बचाने वाले भारतीय पायलट स्मित मच्छर से करीब 9 मिनट वीडियो कॉल पर बात की। स्मित ने दो दिन पहले दुबई से तेल अवीव जा रहे प्लेन की हाइजैकिंग नाकाम की थी। ओमानी को-पायलट ने उन्हें चाकू मारा। स्मित ने फिर भी प्लेन क्रैश नहीं होने दिया। मोदी ने स्मित से कहा, पूरा देश आपके लिए प्रार्थना कर रहा था और आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर रहा था। आपके साहस और सूझबूझ से कई लोगों की जान बची। बातचीत के दौरान स्मित ने बताया कि वह विमान उड़ा रहे थे और एक झटके के बाद नीचे गिर गए, जिससे काफी चोटें आईं।

हमलावर पायलट का ब्रेनवॉश हुआ, यहूदी विरोधी था: नेतन्याहू

तेल अवीव। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जांच में सामने आया है कि फ्लाइट में पायलट पर हमला करने वाला आरोपी इस्लामी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित था। नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज से कहा, ऐसा लगता है कि पायलट विमान को गिराने की कोशिश कर रहा था। पकड़े जाने के बाद वह क्रू मेंबर्स से बार-बार उसे मार देने की बात कह रहा था। इससे लगता है कि वह आत्महत्या करना चाहता था। इजराइली मीडिया के मुताबिक, आरोपी के साथ काम कर चुके एक सहकर्मी ने बताया कि वह महिलाओं से हाथ नहीं मिलाता था और दिन में कई बार नमाज पढ़ता था।

पाकिस्तान में ट्रम्प के बेटों की कंपनी ड्रोन यूनिट लगाएगी

इस्लामाबाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटों से जुड़ी पॉवरस कंपनी पाकिस्तान में ड्रोन प्रोडक्शन यूनिट लगाने जा रही है। एरिक ट्रम्प और डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर की कंपनी ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मर्री में सीक्रेट मीटिंग की है। पाकिस्तान में ड्रोन प्रोडक्शन के लिए हरीपुर, रावलपिंडी और तक्षशिला में तीन संभावित मिलिट्री साइट्स चुनी गई हैं। यहां आत्मघाती ड्रोन बनाए जाएंगे। 16 सितंबर को मुनीर और पॉवरस के बीच ड्रोन आयात का एमओयू हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, प्रोडक्शन में पाक आर्मी की इंडस्ट्रियल यूनिट भी शामिल होगी।

गबन मामले में डीनो मोरिया गिरफ्तार



मुंबई की मीठी नदी सफाई घोटाले से जुड़ा मामला, 65 करोड़ के गबन का आरोप

मुंबई। एक्टर डीनो मोरिया के शुक्रवार को गिरफ्तार होने की खबर सामने आई है। सुबह वे कमिश्नर ऑफिस पहुंचे, जहां मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग के सामने उनकी पेशी हुई। उनसे पूछताछ की जा रही है। मामला मीठी नदी डीसिल्टिंग (गाद निकालना) घोटाले का है। दावा है कि राज्य में नदियों की सफाई के नाम पर हुए 65 करोड़ रुपए का गबन हुआ। इस जांच में मोरिया का नाम इसलिए आया क्योंकि उन पर उन कॉन्ट्रैक्टर्स और अधिकारियों से जुड़े होने का आरोप है, जिन लोगों ने मुंबई में बाढ़ से बचाव और ड्रेनेज सिस्टम के रखरखाव के लिए दिए गए सरकारी फंड में हेराफेरी की थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब डीनो, दिशा सालियन की मौत के मामले में भी जांच का सामना कर रहे हैं। 2025 में भी ईडी ने मुंबई और कोच्चि में 15 जगहों पर छापेमारी की, जिसमें मोरिया का घर भी शामिल था। इन छापों में उन लोगों और संगठनों को निशाना बनाया गया जो जांच के दायरे में आए कॉन्ट्रैक्टर्स और अधिकारियों से जुड़े थे।

नैनो न्यूज

- **रुस :** पुतिन ने कहा, मोदी दोस्त, फिर भी जंग रोकने को कहते हैं, उनके पास अच्छे सुझाव, पीएम 5 मौकों पर यूक्रेन जंग का मुद्दा उठा चुके।
- **रुस :** पुतिन ने नाटो देशों को परमाणु हमले की धमकी देकर कहा- कलिनिनग्राद पर हमला किया तो सारे हथियार तैयार।
- **वाशिंगटन :** अमेरिका ने 9 हजार सैनिकों वाला युद्धपोत मिडिल ईस्ट भेजा, ट्रम्प बोले थे- मिडटर्म इलेक्शन के बाद ईरान पर फिर हमला संभव।
- **मुंबई :** अडाणी 3 साल बाद फिर देश के सबसे अमीर, संपत्ति 10.85 लाख करोड़ हुई, अंबानी को पीछे छोड़ा, लक्ष्मी मित्तल 12 से नंबर-4 पर।
- **यूपी :** एसी बस-ट्रेलर की टक्कर, बिहार के युवक समेत 4 की मौत, दिल्ली से दरभंगा आ रही थी।
- **नई दिल्ली :** पोस्ट ऑफिस मंथली इनकम अकाउंट पर 7.4% सालाना ब्याज, इससे हर महीने 9,250 रु. तक की कमाई।
- **नई दिल्ली :** जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी, 734 करोड़ के नकली आईटीसी।

एसआईआर के खिलाफ मुंबई में कॉकरोच पार्टी का प्रदर्शन, टीशर्ट पर गांधी की फोटो

मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, फाइनल जंतर-मंतर पर होगा : सीजेपी

एजेंसी ▸▸ मुंबई

कॉकरोच जनता पार्टी ने शुक्रवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान स्टेज पर मौजूद सभी लोग गांधी जी की फोटो वाली टी-शर्ट पहनकर पहुंचे।

इस दौरान सीजेपी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा- जब भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका जाते हैं, तब भी वहां कहा जाता है कि ये गांधी के देश से आए हैं। गांधी देश की आत्मा हैं, अंबेडकर रीढ़ की हड्डी और नेहरू दिमाग हैं। प्रदर्शन के दौरान कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा- मुंबई पुलिस ने हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने दिया। मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, जो करना है कर लो, फाइनल तो हम जंतर-मंतर पर ही खेलेंगे। सीजेपी ने 19 जून से 25 जुलाई तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर धर्मेंद्र प्रधान (पूर्व शिक्षा मंत्री) के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। 36 दिन के विरोध के बाद प्रधान ने इस्तीफा दे दिया था। नीट पेपर लीक विवाद के बाद सीजेपी ने प्रधान के इस्तीफे को मुद्दा बनाया था।

शबाना आजमी बोलीं- हमारा वोट हमारी आवाज है- सीजेपी के विरोध प्रदर्शन में अभिनेत्री शबाना आजमी ने कहा, आप सभी का हार्दिक स्वागत है। चूंकि मैं मुंबई से हूं, इसलिए आप सभी को इतनी बड़ी संख्या में यहां देखकर मुझे अपार खुशी हो रही है। हमारा वोट हमारा अधिकार है, हमारी आवाज है। जब मतदाता सूची से हमारे नाम हटा दिए जाएं, तो हम क्या करेंगे?"

सीजेपी ने कहा- दिल्ली पुलिस भूल गई कि वो जनता की पुलिस- प्रदर्शन के दौरान सीजेपी ने कहा कि मुंबई पुलिस ने हमारा प्रदर्शन शांतिपूर्ण होने दिया। लेकिन दिल्ली पुलिस भूल गई है कि वो जनता की पुलिस है, भाजपा की पुलिस नहीं। तो उन्हें हम कहना चाहेंगे कि मुंबई तो सिर्फ ट्रेलर है, जो करना है कर लो, फाइनल तो हम जंतर-मंतर पर ही खेलेंगे।









13 करोड़ लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कटा

सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने कहा- पीएम की दुकान जो पिछले इतने सालों से चल रही है, वह दुकान चलाने वाला मास्टरमाइंड है ज्ञानेश कुमार। पिछले कुछ दिनों में इन्होंने 13 करोड़ लोगों को वोटर लिस्ट से हटा दिया है। जब हम कुछ नहीं थे तब इस देश में हर आदमी को वोटिंग का अधिकार मिला था। अमेरिका जैसे देश को भी 200 साल लगे थे हर नागरिक को वोटिंग का अधिकार देने में।

ज्ञानेश कुमार को पद पर रहने का अधिकार नहीं- एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि देश भर में हर कोई इसके बारे में जानता है। ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा दे देना चाहिए। वह इतना बड़ा गद्दार, इतना अक्षम और इतना बेईमान है कि उसे इस पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

विशाल ददलानी ने प्रदर्शन के दौरान गाना गाया- मुंबई के शिवाजी पार्क में आए गायक विशाल ददलानी ने प्रदर्शन के दौरान गाना गाया। इस दौरान उन्होंने भीड़ में मौजूद लोगों से भी साथ गाने को कहा।

विशाल भारद्वाज बोले- मैं समर्थन देने आया हूं- सीजेपी विरोध प्रदर्शन में, अभिनेता विशाल भारद्वाज ने कहा, मुझे नहीं पता कि किसी के साथ कुछ हुआ है या नहीं। मैं यहां केवल अपना समर्थन देने आया हूं। क्या बॉलीवुड को भी इस मुद्दे का समर्थन करना चाहिए, यह एक व्यक्तिगत मामला है। मैं बॉलीवुड का हिस्सा हूं।

दीपके बोले- गांधी देश की आत्मा हैं

मुंबई के शिवाजी पार्क में प्रदर्शन के दौरान अभिजीत दीपके ने कहा कि गांधी कभी खत्म नहीं होंगे, कोई महामानव आएगा कहेगा कि हम नॉन-बायोलॉजिकल हैं। वो लोग आएंगे और कहेंगे कि हम विश्वगुरु हैं पर जब भारत के प्रधानमंत्री अमेरिका जाते हैं, तब भी वहां कहा जाता है कि ये गांधी के देश से आए हैं। गांधी देश की आत्मा हैं, अंबेडकर रीढ़ की हड्डी और नेहरू दिमाग हैं।

दिल्ली में सीईसी के खिलाफ आंदोलन

700 से ज्यादा प्रदर्शनकारी हिरासत में इंटरनेट सेवा बंद, मेट्रो के 12 स्टेशन बंद





दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव आयोग और एसआईआर को लेकर दिल्ली में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। पुलिस ने जंतर-मंतर से सौरभ भारद्वाज, आतिशी, संजय सिंह समेत 700 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर यह प्रदर्शन किया गया।

दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं सौरभ भारद्वाज, संजीव झा, आतिशी और संजय सिंह के साथ-साथ कुछ छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित 700 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया. राजनीतिक दल और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन तथा अन्य छात्र संगठनों के सदस्य मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं और बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर पर सीईसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान आप नेता सौरभ भारद्वाज, संजीव झा, अनुराग ढांडा, आतिशी और संजय सिंह सहित 700 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। जंतर-मंतर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान ड्यूटी पर तैनात किसी पुलिसकर्मी के घायल होने के बारे में पूछे जाने पर नई दिल्ली के डीसीपी सचिन शर्मा ने कहा, कुछ लोगों को चोटें आई हैं; हम स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

प्रदेश में 43 करोड़ के धान घोटाला मामले में

हाईकोर्ट ने सरकार से मांगी जांच रिपोर्ट, 28 जिलों में फर्जीवाड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

प्रदेश में धान के परिवहन और आपूर्ति में कथित अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रदेशभर में हुई गड़बड़ियों की जांच कर छह सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि जांच रिपोर्ट की एक प्रति याचिकाकर्ता के अधिवक्ता को उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे रिपोर्ट का अध्ययन कर अपना पक्ष रख सकें। मामले की अगली सुनवाई 16 नवंबर को होगी।

याचिकाकर्ताओं के अनुसार, जबलपुर कलेक्टर की कार्रवाई के दौरान धान परिवहन में कथित गड़बड़ी सामने आई थी। याचिका में दावा किया गया है कि जांच में 28 जिलों में करीब 43.03 करोड़ रुपए के धान परिवहन घोटाले का पता चला। मामले में कई एफआईआर दर्ज होने और कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी का भी उल्लेख किया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह गड़बड़ी केवल जबलपुर तक सीमित नहीं है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी तरह की अनियमितताओं की आशंका जताते हुए पूरे मामले की विस्तृत जांच की मांग की गई है।



एथनोल के लिए ली गई धान को बीच में बेचने का दावा

याचिकाकर्ता पीजी नाजपाण्डे के अनुसार, एथनोल के लिए धान लिया गया था, लेकिन आरोप है कि इसे रास्ते में ही बेच दिया गया। उनका कहना है कि जबलपुर के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसी तरह की गड़बड़ियां सामने आने की आशंका है। उन्होंने कहा कि मामले में जिन लोगों की भूमिका सामने आई है, उनके खिलाफ जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई की जानी चाहिए। उनके अनुसार, जबलपुर और बालाघाट में कुछ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है और कार्रवाई जारी है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपाण्डे और धनीराम लखेरा की ओर से जनहित याचिका दायर की गई है।

एआई मॉडल्स कंट्रोल से बाहर

100 संस्थानों में सेंधमारी, गलती पकड़ने के लिए एआई से ही 50 पेटाबाइट डेटा जांचना होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई के मॉडल ने 100 से ज्यादा संस्थानों के सिस्टम में जबरन घुसपैठ की कोशिश की है। कंपनी ने खुद इसका खुलासा किया है। कंपनी अब अपने अकमॉडल्स के ट्रेनिंग और टेस्टिंग से जुड़े 50 पेटाबाइट डेटा की जांच कर रही है, ताकि अब तक मिले मामलों के अलावा भी कोई गड़बड़ी हुई हो, तो उसे पकड़ा जा सके।

इस जांच के लिए 7 हजार अत्याधुनिक जीबी200 और जीबी300 जीपीयूएस लगाए गए हैं। इसमें रोज करीब 5 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। ये डेटा कितना ज्यादा है इसे उदाहरण से समझें। अगर यह पूरा डेटा सामान्य अंग्रेजी शब्दों में लिखा हो, तो एक इंसान 240 शब्द प्रति मिनट की तेज रफ्तार से बिना रुके भी पढ़े, तो इसे खत्म करने में करीब 6.6 करोड़ साल लग जाएंगे। इंसानों के बस से बाहर होने के कारण इस काम को भी एआई मॉडल्स से कराया जा रहा है। जांच को ज्यादा सटीक बनाने के लिए ज्यादा कंप्यूटिंग पावर लगाई जा रही है।

दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज पर 100किमी प्रतिघंटे से दौड़ी ट्रेन

जम्मू। भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में 1178 फीट की ऊंचाई पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस को 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से सफलतापूर्वक क्रॉस कराया। वंदे भारत एक्सप्रेस ने भारत के पहले केबल-स्टे वाले अंजी ब्रिज को भी 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रॉस किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी शेयर कर इसे ऐतिहासिक पल बताया। इस सफल ट्रायल के बाद 111 किमी लंबे श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम ट्रेन की स्पीड को 75 किमी/घंटा से बढ़ाकर 100 किमी/घंटा कर दिया गया है।

धर्म और राष्ट्र अलग-अलग नहीं दोनों एक-दूसरे पर निर्भर : भागवत

मुंबई। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा। मोहन भागवत ने कहा, हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक मौजूद है, तो दूसरा भी मौजूद है। अगर एक नहीं है, तो दूसरा भी नहीं है। भागवत ने मुंबई में ऑल इंडिया विहार सेवा ग्रुप के 14वें सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दुनिया विकास और पर्यावरण सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन खोज रही है।

भागीरथपुरा में 36 मौतें, फिर भी जवाबदेही तय नहीं: सिंघार ने कहा

66 दिन मेयर के पास क्यों अटकी फाइल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भागीरथपुरा दूषित पेयजल त्रासदी को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शुक्रवार को रेसीडेंसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने सरकार और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय करने और प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग की। आयोग की सार्वजनिक रिपोर्ट में 36 मौतों की जांच का उल्लेख है और 22 मौतों को दूषित पानी से संभावित रूप से जुड़ा माना गया है।

सिंघार ने कहा कि आयोग की रिपोर्ट में पेयजल और सीवरेज नेटवर्क की योजना, रखरखाव और निगरानी में लंबे समय से चली आ रही कमियों का उल्लेख है। रिपोर्ट के मुताबिक कई स्थानों पर सीवर और पेयजल लाइनें बेहद करीब, समानांतर या एक-दूसरे को क्रॉस करती मिलीं। सीवर में रिसाव और पेयजल लाइन में निगेटिव प्रेशर से दूषित पानी के नेटवर्क में पहुंचने की संभावना बताई गई है।

उन्होंने कहा कि पानी की पाइपलाइन और सीवरेज नेटवर्क के ब्लूप्रिंट, डिजाइन और अलाइनमेंट जैसे तकनीकी रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होना गंभीर सवाल है। यदि नेटवर्क का रिकॉर्ड ही नहीं है तो लीकेज या क्रॉस कनेक्शन की स्थिति में लाइन को ट्रेस करना मुश्किल होगा। सिंघार ने फाइल मूवमेंट का जिक्र करते हुए कहा कि संबंधित फाइल मेयर के हस्ताक्षर के लिए 66 दिन तक लंबित रही। उन्होंने कहा कि आयोग ने केवल फाइल लंबित रहने के आधार पर मेयर की व्यक्तिगत लापरवाही तय नहीं की, लेकिन यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि फाइल इतने लंबे समय तक क्यों रुकी रही। यहां आयोग की रिपोर्ट का व्यापक निष्कर्ष यह है कि त्रासदी किसी एक तत्काल घटना के बजाय वर्षों की तकनीकी, प्रशासनिक और निगरानी संबंधी कमियों के संयुक्त प्रभाव से बनी।

पाइप लाइन बदलने में देरी पर भी सवाल



सिंघार ने करीब ढाई करोड़ रुपए के टेंडर की प्रक्रिया में देरी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव और प्रशासनिक प्रक्रिया में देरी के कारण जरूरी काम समय पर पूरा नहीं हो सका। न्यायिक आयोग की रिपोर्ट में भी पाइप लाइन बदलने की प्रक्रिया में लंबी देरी को त्रासदी के प्रमुख कारणों में शामिल किया गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक परियोजना में टेंडर से काम पूरा होने तक 859 दिन लगे।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

महाआयोजन और राजाधिराज का सवारी मार्ग

महाआयोजन की तैयारियों में उसके रखवाले अवंतिका अधिपति राजाधिराज का सवारी मार्ग भी पूरी तरह से चौड़ीकरण में चौड़ा किया जा रहा है। वर्तमान परिस्थिति में आधा ही मार्ग चौडा हुआ था जिसकी पूर्णता के लिए हाल ही में काम शुरू किया गया है। महाआयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं एवं सनातन के ध्वज वाहकों के लिए उनकी अनुमानित करोडों की संख्या को देखते हुए विकास कार्यों को अंजाम दिया ही जा रहा है इसके साथ ही विकास की योजना 2035 का पालन भी किया जा रहा है जिससे की 2040 के महाआयोजन में बहुत ज्यादा कार्यों को करने की आवश्यकता न हो और काम चल जाए। विकास कार्यों में एक तरह से पुराने शहर को नया जामा पहनाया जा रहा है। शहर को चौतरफा एक से दुसरी जगह के लिए जोड़ा जा रहा है। आवागमन के लिए एक ही स्थान पर दो मार्गों की सुविधा मिलने वाली है। इसी तरह से प्रवेश एवं निषेध के लिए अलग-अलग मार्ग एवं पुलों का निर्माण किया जा रहा है। शहर की बढ़ती आबादी एवं उसके विकसित होते क्षेत्रफल को देखते हुए भी विकास कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। दाता अवंतिका नाथ की सवारी के मार्ग के आधे हिस्से को चौड़ा करने का काम रहवासियों के समर्पण त्याग से किया गया है, शेष आधे हिस्से की तैयारी कर ली गई है। उनके मंदिर से बाहर निकलते ही चौराहा तक का मार्ग शेष था इसे भी विकसित किए जाने की तैयारी हो गई है। चौराहा के पिछले हिस्से से लेकर कमरी मार्ग चौराहा तक भी तैयारी है। गुदरी से अंदर की और भी काफी कुछ किया जा रहा है। पाल से घाट तक पहले ही इस चौड़ीकरण को अंजाम दिया जा चुका है। उसके आगे गली एवं ढाबा रोड पर भी चौड़ीकरण किया जा चुका है। खुसूर-फुसूर है कि महाआयोजन में वैष्णव संप्रदाय की पैशवाईयों के लिए भी पूरी तरह से अनुकुल मार्ग किए गए है और आगे किए जा रहे हैं। शैव संप्रदाय की पेशवाई मार्ग पूर्व से ही चौड़े हैं और आवश्यकता के मान से उन्हें भी विकसित किया जा रहा है। इस बार अब तक वैचारिक महासंगम के आयोजन को लेकर इंदौर रोड का वहीं गांव रहने वाला है या फिर अन्य मार्ग पर विचार का मंथन रखा जाना है। पिछली बार वैचारिक महासंगम के मंथन से निकले बिंदुओं पर अमल को लेकर एक दशक बाद क्या स्थिति सामने आई है ये भी अब तक सामने नहीं हैं।

नैनो न्यूज

- **प्रधानमंत्री कॉलेज** ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन की 10 म.प्र. बटालियन एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने स्वच्छता ही सेवा का संदेश देते हुए कमल तालाब में स्वच्छता श्रमदान, वृक्षारोपण एवं जलकुंभी हटाने का अभियान चलाया।
- **श्री अवंतिका महाकाल** युवा तीर्थ पुरोहित समिति ने गांधी जयंती पर रामघाट पर मां शिप्रा का पूजन कर चलाया स्वच्छता अभियान
- **गांधी प्रतिमा** के समक्ष शिक्षकों ने उपवास कर जताया विरोध, पात्रता परीक्षा को समाप्त करने एवं वरिष्ठता की मांग
- **अग्रसेन जयंती** कार्यक्रमों का शुभारंभ, अग्रवाल जेसीस ने की नारायण सेवा, चामुंडा माता चौराहे पर परोसे स्वादिष्ट व्यंजन, माता की आरती में शामिल हुए कई गणमान्य
- **मीणा समाज** और अमलतास अस्पताल का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 4 अक्टूबर को, रूप गार्डन परिसर में सुबह 10 से 3 बजे तक मिलेगी विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं और निशुल्क जांच की सुविधा
- **नफरत की राजनीति** के दौर में बापू के विचार और भी प्रासंगिक, कांग्रेस ने शहीद पार्क से निकाली प्रभात फेरी, बापू व शास्त्री जी को किया नमन
- **गांधी जयंती** पर कोठी रोड पर लगा निशुल्क हीमोग्लोबिन परीक्षण शिविर, रेडक्रॉस सोसायटी ने सेवा संकल्प अभियान के तहत किया आयोजन, राहगीरों और विद्यार्थियों ने कराई जांच
- **अस्पताल जा रहे** बुजुर्ग का रास्ता रोककर हमले का प्रयास, एसपी से की शिकायत, पांड्याखेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते विवाद, दहशत में परिवार

ट्रेंडिंग



श्री महाकालेश्वर मंदिर के सामने से चौराहा तक 200 मीटर दायरे में बनाया जाएगा 24 मीटर रोड

टेंडर के तीन साल बाद चौड़ीकरण की शुरूआत, दायरे में आए 39 भवन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर के ठीक सामने गेट नं. 1 के बाहर से महाकाल घाटी तक 200 मीटर दायरे में 24 मीटर चौड़ा रोड बनाने की तैयारी हो गई है। चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे 39 भवनों का हिस्सा हटाने का काम जारी है, जो 50 फीसदी हो गया है। इन्हें दोनों तरफ 6-6 मीटर पीछे किया जा रहा है। वर्तमान मार्ग 12 मीटर चौड़ा है। इस रोड को स्मार्ट सिटी बनाएगा।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के तहत महाकाल मंदिर से महाकाल घाटी चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई जारी है। महाकाल चौराहे से लेकर महाकाल घाटी तक ये जो मार्ग है, जो मास्टर प्लान में 24 मीटर है और इसकी लंबाई लगभग 200 मीटर है, इसका चौड़ीकरण का कार्य जारी है।

12 मीटर से बढ़कर 24 मीटर चौड़ी होगी सड़क- महाकाल मंदिर से महाकाल घाटी चौराहे के बीच करीब 200 मीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण मास्टर प्लान के अनुसार किया जा रहा है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई लगभग 12 मीटर है, जिसे बढ़ाकर 24 मीटर किया जाना प्रस्तावित है। चौड़ीकरण की सीमा में कुल 39 निर्माण और पक्के ढांचों के हिस्से चिन्हित किए गए हैं।

टेंडर में शामिल तीन काम कभी के पूर्ण हुए, एक काम अटका हुआ शेष अब होगा







4 में से 3 काम निपटे एक शेष था- स्मार्ट सिटी के सहायक यंत्री दीपक टोकरिया ने बताया कि वर्ष 2022 में 4 मार्ग का एक साथ 12.50 करोड का टेंडर किया गया था। इसमें बडा गणेश रोड, नृसिंह घाट-नूतन स्कूल, भारत माता मंदिर से नीचे की ओर का मार्ग के साथ श्री महाकाल मंदिर से चौराहा तक का भाग शामिल था। इसका ठेका गुजरात की अवि कंस्ट्रक्शन के पास है। तीन मार्गों के विकास कार्य को पुरा किया जा चुका है। अकेला यह मार्ग रहा है। वैसे तो इसके निर्माण की समयावधि डेढ़ वर्ष थी लेकिन इसे अगले 6-8 माह में पूर्ण कर दिया जाएगा।

डिवाइडर नहीं बनेगा स्मार्ट मार्ग - टोकरिया बताते हैं कि कुल 4 मार्ग 680 मीटर के विकसित किए जाने थे। इसमें से यह 200 मीटर बाय 24 मीटर का मार्ग बनाया जाना है। वर्तमान मार्ग 12 मीटर है। यह मार्ग पूरी तरह से स्मार्ट बनाया जाना है। पूरे मार्ग पर कोई डिवाइडर नहीं होगा। इस मार्ग पर इलेक्ट्रिक केबल, ड्रेनेज, सीवर, युटीलिटी सर्विसेस सभी अंडर ग्राउंड रहेंगी। इसके साथ ही मार्ग पर सौंदर्यीकरण के साथ लैंप पोस्ट लगाए जाएंगे।

2023 में प्रस्तावित स्मार्ट रोड का हिस्सा

महाकाल घाटी मार्ग स्मार्ट सिटी के वर्ष 2023 में प्रस्तावित चार स्मार्ट रोड प्रोजेक्ट में शामिल था। हालांकि, न्यायालय में मामला लंबित रहने और स्टे के चलते इस हिस्से में काम आगे नहीं बढ़ सका। करीब तीन साल तक मामला कोर्ट में रहने के कारण सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई रुकी रही। स्टे हटने के बाद दोबारा कार्रवाई शुरू की गई। अब नगर निगम का लक्ष्य शेष निर्माणों को जल्द हटाकर सड़क विकास का काम आगे बढ़ाना है। नगर निगम की कार्रवाई यहां निरंतर जारी है, करीब 50 प्रतिशत निर्माण हटाए जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, शेष कार्रवाई अगले 2-4 दिनों में पूरी होने की उम्मीद है। इसके बाद स्मार्ट रोड निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

अधिकारियों ने बाइक पर बैठकर गश्त की और शहर में कानून व्यवस्था को कायम रखा

ड्रोन, सीसीटीवी, आरएएफ के साथ क्षेत्रों में तैनात रहा पुलिस बल...

जुमे की नवाज पूरे नियम से शाही मस्जिद में पढ़ी गई, शहर काजी सहित शामिल हुए समाजजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरूवार को चौड़ीकरण के दायरे में आ रही शाही मस्जिद के हिस्से में समाजजनों द्वारा किए जा रहे काम में मिनार को हटाने के दौरान तकनीकी त्रुटि क्रेन का पत्ता टूटने से हादसा हुआ था। इसमें छत का कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया था। इसी को लेकर एहतियात बतौर शुक्रवार को जुमा की नवाज को देखते हुए पुराना शहर हाई अलर्ट पर रहा। अधिकारियों ने बाइक गस्त की है। सभी क्षेत्रों में ड्रोन एवं सीसी टीवी कैमरा से नजर रखी गई। छत्री चौक सहित आसपास के क्षेत्र में रेपिड एक्शन फोर्स सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। नमाज पूरी तरह से शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

शुक्रवार को गांधी जयंती के अवकाश के कारण बाजारों में चहल-पहल कम ही रही। सामान्य रूप से बाजार खुले थे। शहर के व्यवसायिक केंद्रों पर सामान्य रूप से ही काम चला। छत्री चौक में मस्जिद के भाग को हटाने की स्थिति के चलते यहां 500 मीटर के दायरे में आवाजाही बंद है और पूरे क्षेत्र में एहतियात बतौर बैरिकेडिंग की गई है।



उज्जैन जैसी शांति मुल्क के हर शहर में बनी रहे- शुक्रवार को दोपहर नमाज के लिए शहर काजी खलिकुर्रेहमान के साथ मस्जिद कमेटी के सदस्यों एवं समाजजन पहुंचे थे। सभी ने यहां जुमे की नमाज अता की। प्रशासनिक अधिकारी भी यहां मौजूद रहे। यहां नमाज के उपरांत शहर काजी खलिकुर्रेहमान ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि दुआ करना चाहिए इस बात के लिए हर शख्स को कि जिस शांति से उज्जैन के लोग रहते हैं, मुल्क के हर शहर के अंदर ऐसी शांति बनी रहनी चाहिए। जुमे की नमाज सभी लोग जानते हैं, जुमे की नमाज की पॉजिशन भी हर आदमी जानता है। जुमे की नमाज सबने अदा की है और शांतिपूर्वक अदा की है। कहीं कोई चीज ऐसी नहीं बनी है जाकर के जिससे किसी को कोई आपत्ति पैदा हो। मैं तो दुआ करता हूँ समाज ने इस मुल्क के अंदर रहने वाले लोगों के लिए कि जो शांति उज्जैन ने बना करके रखी है सारा हिंदुस्तान ऐसी शांति बना करके रखे। क्योंकि एक मुल्क एक गुलदस्ता है और ये गुलदस्ता हमेशा कायम रहना चाहिए।

एहतियात बतौर ड्रोन सीसी टीवी से कवरेज

एसपी प्रदीप शर्मा ने मीडिया बयान में कहा कि हम सभी जगह मुस्लिम समाज के सभी धर्मगुरुओं, सदर साहब और इमाम साहब के लगातार संपर्क में थे। उनके द्वारा भी शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई थी। जो दुर्घटना कमेटी के काम के दौरान हुई है, वो एक दुर्घटना है और कमेटी द्वारा काम लगातार जारी है। आज सभी चौराहों पर व्यवस्था लगाई गई थी। एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र में ड्रोन और सीसी टीवी से कवरेज कराया गया है। सभी जगह शांति व्यवस्था सामान्य है। बाजार भी सामान्य रूप से खुले हैं, कहीं किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। सोशल मीडिया को हम लगातार मॉनिटर कर रहे हैं। जैसा आप जानते हैं, कल के बाद भी हमने बहुत सारी आईडी को ट्रेस किया है, बंद कराया है, बहुत सारे कंटेंट को डाउन कराया है। कल के बाद भी जिन्होंने भड़काऊ कंटेंट फैलाने की कोशिश की है, उन्हें भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शाही मस्जिद वाले मामले में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। पूरे शहर में पर्याप्त फोर्स लगा था- जिला पुलिस, बाहर से आया बल और 7 आरएएफ कंपनियां। हर चौराहे, हर बड़ी मस्जिद और संवेदनशील पॉइंट पर बैरिकेडिंग और पेट्रोलिंग की गई। ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी रही है। मेरी सभी से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

कमल तालाब पर स्वच्छता और श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत नगर निगम द्वारा शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर कमल तालाब, कोठी रोड पर स्वच्छता एवं श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुरू हुआ। कार्यक्रम में सांसद अनिल फिरोजिया, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों ने श्रमदान करते हुए क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य समिति प्रभारी सत्यनारायण चौहान, एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, जोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

उज्जैन की 2500 साल पुरानी वैश्य-टेकरी पर एएसआई का सर्वे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में कनीपुरा रोड स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक बौद्ध स्तूप का टीला वैश्य टेकरी है। करीब 2500 साल पुरानी इस टेकरी का संबंध मौर्य सम्राट अशोक से माना जाता है। यह स्थल भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक घोषित है।

वैश्य टेकरी के संरक्षण और इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में एएसआई की टीम ने शोध और सर्वेक्षण शुरू किया है। शुक्रवार को टीम आवश्यक उपकरणों के साथ टेकरी पहुंची और अत्याधुनिक मशीनों की मदद से विभिन्न स्तरों पर जांच एवं अध्ययन किया।

महापौर टटवाल ने भैरवगढ़ सीवरेज पंपिंग स्टेशन का किया निरीक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महापौर मुकेश टटवाल ने शुक्रवार को भैरवगढ़ स्थित सीवरेज पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंपिंग स्टेशन की कार्यप्रणाली, सीवरेज के प्रवाह तथा निकासी व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। महापौर ने संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए पंपिंग स्टेशन के संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को देखा। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मल्लखंब प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने जीते पदक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन, शा. शालिग्राम तोमर उमावि, दौलतगंज, उज्जैन के होनहार खिलाड़ियों ने झाँसी में आयोजित अखिल भारतीय राष्ट्रीय स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था एवं उज्जैन का नाम गौरवान्वित किया।

लक्ष्मी व्यायाम मंदिर, झाँसी द्वारा 27 से 29 सितंबर 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में संस्था के खिलाड़ी वेदांश कोठार ने रोप मल्लखंब व्यक्तिगत स्पर्धा में सिल्वर मेडल तथा टीम चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं संस्था की प्रतिभावान खिलाड़ी आरोही बारोड ने टीम



चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष शकुंतला सोलंकी, दैनिक अवंतिका संपादक संदीप मेहता, मुकेश राव बागले, विजय लावरे, रमेश सिहरा, सप्त मेहता, संस्था सचिव एवं कोच संतोष सोलंकी, संस्था उपाध्यक्ष सपना माली सहित संस्था के समस्त सदस्यों ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गांधी जयंती पर कांग्रेसजनों ने गाए भजन, सत्य-अहिंसा और जय जवान, जय किसान के संदेश को किया याद

कांग्रेस ने शहीद पार्क से निकाली प्रभात फेरी, बापू-शास्त्री को किया नमन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार सुबह 6 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। शहीद पार्क से शुरू हुई प्रभात फेरी शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए क्षीरसागर बालोद्यान स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान कांग्रेसजन रघुपति राघव राजा राम का गायन करते हुए चले।



क्षीरसागर बालोद्यान में जिलाध्यक्ष एवं विधायक महेश परमार तथा मुकेश भाटी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गांधी और शास्त्री को किया नमन, गांधी के विचारों को बताया प्रासंगिक- विधायक महेश परमार ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन भारतीय इतिहास में विशेष महत्व रखता है। इस दिन देश की दो महान विभूतियों का जन्म हुआ, जिन्होंने अपने-अपने तरीके से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को दिशा दी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का संदेश दिया।

मुकेश भाटी ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा को मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत मानते थे। उन्होंने कहा कि गांधीजी के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। इस दौरान सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण रोचवानी ने वैष्णव जन तो तेने कहिये सहित अन्य गांधी भजनों की प्रस्तुति दी।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | शनिवार 03 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

पीपीए ने रेलवे के स्वच्छता अभियान में की सहभागिता

उज्जैन। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत एवं गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर प्लेटफार्म परिसर की साफ-सफाई की। मीडिया प्रभारी डॉ स्वामीनाथ पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वच्छता बनाए रखने, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

भोपाल में शिक्षकों का उपवास व सत्याग्रह, टीईटी हटाने की मांग

भोपाल। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के बैनर तले अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत शिक्षकों ने गांधी जयंती के अवसर पर अनोखे ढंग से विरोध दर्ज कराया। 2 अक्टूबर को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर शिक्षकों ने उपवास रखकर सत्याग्रह किया और प्रशासन के माध्यम से सरकार को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। वहीं, राजधानी भोपाल के नीलम पार्क में जारी अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन के छठवें दिन इंदौर और भोपाल समेत कई जिलों से पहुंचे हजारों शिक्षकों ने हुंकार भरी। गांधी जयंती के मौके पर आंदोलन को पूरी तरह अहिंसक और सत्याग्रह का रूप देते हुए शिक्षकों ने धरना स्थल पर बापू की फोटो के समक्ष चरखा चलाकर सूत काता। शिक्षकों ने संदेश दिया कि चरखा सत्य, स्वावलंबन और अहिंसक संघर्ष का प्रतीक है।

17 फर्मों पर 52 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शानुसार इंदौर जिले में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियम 2011 के प्रावधानों के तहत न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी इंदौर नवजीवन विजय पवार द्वारा खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली 17 फर्मों पर कुल 52 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। खाद्य पदार्थों के नमूनों के विश्लेषण में अमानक, मिथ्याछाप एवं बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के खाद्य पदार्थों का निर्माण, भंडारण और विक्रय किए जाने से संबंधित अनियमितताएं सामने आई थीं।

आँगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित



इंदौर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 एवं 40 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर सिद्धिविनायक, परियोजना इंदौर शहरी क्रमांक-5 के आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्री महेंद्र हार्डिया ने सहभागिता कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों का सम्मान किया और उनके सेवाभाव एवं समर्पण की सराहना की। विधायक श्री महेंद्र हार्डिया ने कहा कि बच्चों के पोषण, संस्कार एवं प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों एवं माताओं को विभिन्न सेवाओं और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ ही स्वस्थ एवं संस्कारित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्पण और सेवाभाव को सम्मानित करना हम सभी के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी माताओं एवं बहनों ने विधायक महेंद्र हार्डिया, पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, पार्षद श्रीमती संगीता महेश जोशी एवं सुश्री नेहा शर्मा से संवाद किया। इस दौरान लाभार्थी बहनों ने कार्यक्रम के प्रति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए।आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, लाभार्थी माताओं एवं बहनों के बीच संवाद और आत्मीयता को बढ़ावा देने के साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

नैनो न्यूज

- **देवास** – खुले सोयाबीन तेल पर कार्रवाई- खाद्य विभाग ने देवास में दो प्रतिष्ठानों से करीब 1,520 किलो खुले सोयाबीन तेल को जब्त किया। चार सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे गए।
- **आगर** – शासकीय कार्यालयों में माह की शुरूआत- आगर-मालवा कलेक्ट्रेट में अक्टूबर के प्रथम कार्यदिवस पर वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ शासकीय कार्यों की शुरूआत हुई।
- **शाजापुर – निर्वाचन मुद्दे पर प्रदर्शन-** शाजापुर में जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया।
- **सुसनेर – स्ट्रांग रूम सुरक्षा पर सवाल-** सुसनेर आईटीआई कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे। दो लोगों की मौजूदगी को लेकर मौके पर हंगामा हुआ।
- **रतलाम – आज नो यूपीआई डे-** रतलाम के व्यापारिक संगठनों ने प्रस्तावित यूपीआई एमडीआर के विरोध में 2 अक्टूबर को 2,000 रुपये से अधिक के लेनदेन पर नो यूपीआई डे का आह्वान किया।

महाकाल दर्शन के लिए देशभर से पहुंच रहे श्रद्धालु, मंदिर क्षेत्र से लेकर प्रमुख धार्मिक स्थलों तक बढ़ी चहल-पहल

सप्ताहांत का संयोग, महाकाल नगरी में उमड़ा आस्था का सैलाब

शिप्रा तट पर पितरों के तर्पण, पिंडदान और अन्य धार्मिक कर्मकांड के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर का अवकाश और इसके बाद सप्ताहांत का संयोग होने से महाकाल की नगरी उज्जैन में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई है। देश के विभिन्न शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन और धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए उज्जैन पहुंच रहे हैं। अक्टूबर के पहले सप्ताह में अवकाश के कारण श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रहने की संभावना भी जताई जा रही है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। बाबा महाकाल के दर्शन के साथ श्रद्धालु महाकाल लोक, हरसिद्धि मंदिर, कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ, सिद्धवट और रामघाट सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी पहुंच रहे हैं। हाल के दिनों में महाकाल मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही है। सप्ताहांत के कारण अगले दो दिनों में भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी रहने की संभावना है। ऐसे में यातायात व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता और दर्शन व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना प्रशासन के सामने महत्वपूर्ण चुनौती है। विशेषकर महाकाल मंदिर क्षेत्र में बढ़ती भीड़ के बीच श्रद्धालुओं को सहज और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहेगी। महाकाल की नगरी में एक साथ गांधी जयंती का अवकाश, सप्ताहांत और श्राद्धपक्ष होने से धार्मिक पर्यटन को भी गति मिली है। शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ और जय महाकाल के जयकारों से धार्मिक वातावरण नजर आ रहा है।

श्राद्धपक्ष के कारण सिद्धवट पर भी भीड़



इधर श्राद्धपक्ष चलने के कारण सिद्धवट क्षेत्र में भी देशभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शिप्रा तट पर पितरों के तर्पण, पिंडदान और अन्य धार्मिक कर्मकांड के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी हुई है। सिद्धवट पर श्राद्धपक्ष का आयोजन 10 अक्टूबर तक चलने की जानकारी है। ऐसे में गांधी जयंती के अवकाश और सप्ताहांत के कारण यहां भी श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने का असर शहर के बाजारों, होटल-धर्मशालाओं, भोजनालयों और प्रमुख मार्गों पर भी दिखाई दे रहा है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु दर्शन के साथ शहर के अन्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। इसके चलते महाकाल क्षेत्र, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, सराफा, रामघाट और कालभैरव क्षेत्र में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक आवाजाही बनी हुई है।

महाकाल मंदिर में पहली बार रोज मिलेगा निःशुल्क प्रसाद

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए मंदिर प्रबंध समिति एक विशेष और नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है। मंदिर के इतिहास में पहली बार समिति की ओर से प्रतिदिन आम श्रद्धालुओं को निःशुल्क प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस नई व्यवस्था का शुभारंभ शुक्रवार से होने जा रहा है। मंदिर समिति की उप प्रशासक सिम्मी यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर प्रबंध समिति लगातार श्रद्धालुओं की सुविधाओं में विस्तार और नवाचार कर रही है। इसी कड़ी में अब दर्शनार्थियों को प्रतिदिन प्रसाद उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है।

---

723 खाद्य नमूने लिए, करीब 25 हजार किलोग्राम खाद्य सामग्री जब्त, 67 लाख रुपये की अनुमानित कीमत की हुई जब्ती

मिलावट एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर कारखाने बंद

अगस्त एवं सितंबर माह में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की व्यापक कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशन में तथा कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला इंदौर द्वारा मिलावटी, अमानक एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अगस्त एवं सितंबर 2026 में व्यापक जांच एवं कार्रवाई अभियान संचालित किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, कारखानों, डेयरियों, होटल-रेस्टोरेंट, थोक विक्रेताओं तथा खाद्य पदार्थों के भंडारण स्थलों का सघन निरीक्षण कर नमूना संग्रहण एवं नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। अगस्त एवं सितंबर 2026 की अवधि में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कुल 723 खाद्य नमूने लिए गए।

बिना लाइसेंस संचालित प्रतिष्ठानों एवं कारखानों पर सख्ती

अभियान के दौरान बिना वैध खाद्य अनुज्ञप्ति के संचालित प्रतिष्ठानों तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण करने वाले कारखानों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। मेसर्स श्री इंटरप्राइजेज, सुदामा नगर को बिना वैध खाद्य लाइसेंस के संचालित पाए जाने पर तत्काल बंद कराया गया तथा यहां से संदिग्ध घी का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। उमापति इंडस्ट्रीज, पालदा में अस्वच्छ परिस्थितियों में लो-फैट एनालॉग पनीर का निर्माण पाए जाने पर लगभग 450 किलोग्राम पनीर जब्त कर निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। सिंध डेयरी फार्म, मुराई मोहल्ला में निर्माण संबंधी वैध खाद्य अनुज्ञप्ति नहीं पाए जाने पर घी एवं पनीर सहित लगभग 252 किलोग्राम खाद्य सामग्री जब्त कर निर्माण कार्य बंद कराया गया।

होटल सयाजी एवं एडम्स एल रेस्टोरेंट पर कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा होटल एवं रेस्टोरेंट में स्वच्छता, खाद्य भंडारण एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। होटल सयाजी के निरीक्षण के दौरान किचन एवं खाद्य भंडारण क्षेत्रों में गंभीर स्वच्छता संबंधी अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण में कॉकरोच एवं चूहों की उपस्थिति, फंगस लगी मूंगफली तथा बिना उचित पैकिंग एवं एक्सपायरी डेट के रखे खराब खाद्य पदार्थ पाए गए। गंभीर अनियमितताओं के दृष्टिगत होटल के दोनों किचन सील किए गए तथा होटल का फूड लाइसेंस एवं बार लाइसेंस निलंबित किया गया। एडम्स एल रेस्टोरेंट, बायपास के स्टोर रूम में एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री तथा पिस्ता, मिर्च पाउडर एवं सौंफ में कीड़े पाए जाने पर रेस्टोरेंट का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। इस अवधि में खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन एवं अन्य गंभीर अनियमितताओं के चलते कुल 5 खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए। खाद्य तेल, घी, पनीर, एनालॉग पनीर एवं अन्य एनालॉग खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड, गोल्डन पैलेस कॉलोनी के डिपो पर कार्रवाई करते हुए गोवर्धन ब्रांड के लगभग 25 हजार लीटर संदिग्ध घी की बिक्री पर रोक लगाई गई। मां बगलामुखी एंटरप्राइजेज, स्कीम नंबर-51 से गुजरात से इंदौर सप्लाई किए गए मंथन एवं श्री आनंद ब्रांड के लगभग 1750 लीटर घी को जब्त किया गया।

दूध एवं दुग्ध उत्पादों की विशेष जांच

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्यप्रदेश के निर्देशन में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता एवं मिलावट की जांच के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान दूध, पनीर, मावा, घी एवं अन्य दुग्ध उत्पादों के नमूने लिए गए। दूध में संभावित मिलावट की प्राथमिक जांच के लिए रैपिड टेस्ट किट का उपयोग किया गया। साथ ही मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से मौके पर जांच एवं जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित की गईं।

मप्र भाजपा कोर कमेटी की बैठक में मंथन, हारी हुई 66 सीटो पर संगठन की नजर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश भाजपा कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश संगठन ने प्रदेश की उन 66 सीटों को लेकर मंथन किया जिन पर वह वर्ष 2023 के विधान सभा चुनाव में परजित हुई थी। इसके अलावा ऐसी सीटों जिन पर पार्टी पांच हजार से कम वोटों के अंतर से जीती थी उनको लेकर भी मंथन किया गया ।

कोर कमेटी की बैठक में इन सीटों पर संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए अलग रणनीति तैयार करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही जिन विधानसभा सीटों पर भाजपा 5 हजार या उससे कम मतों के अंतर से जीती थी, वहां भी संगठन को और मजबूत करने पर मंथन किया गया।

कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश प्रभारी बिप्लव कुमार देव, सह प्रभारी रेखा वर्मा, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी समेत कोर ग्रुप के सदस्य मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्तें सांसद एवं प्रदेश महामंत्री डॉ लता वानखेडे, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य सभी सदस्य शामिल हुए।

धूप, बारिश से बचाव के लिए विशाल शेड का निर्माण किया गया

रेड कारपेट पर चलकर माता के दर्शन करने पहुंचेंगे भक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शक्तिपीठ हरसिद्धि माता मंदिर में शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारी जारी है। इस बार भक्त रेड कारपेट पर चलकर माता हरसिद्धि के दर्शन करने पहुंचेंगे। मंदिर प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए नया प्रवेश द्वार बनवाया है। परिसर में धूप, बारिश से बचाव के लिए विशाल शेड का निर्माण किया गया है। जूता स्टैंड, शीतल पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के भी स्थाई इंतजाम किए गए हैं।

मंदिर प्रबंधक इंद्रेश लोधी ने बताया शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में शारदीय नवरात्र को लेकर जोरदार तैयारी जारी है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिहाज से इस बार का पर्व विशेष रहने वाला है। पहली बार दर्शनार्थियों के प्रवेश व निर्गम के लिए विशेष मार्ग का निर्माण किया गया है। परिसर में विशाल स्थायी शेड बनकर तैयार है। भक्तों को शीतल पेयजल, प्रसादालय आदि की सुविधा भी मिलने वाली है। मंदिर के बाहर नया जूता स्टैंड का निर्माण भी कराया गया है। नवरात्र में माता के दर्शन करने आने वाले भक्तों को अलग ही अनुभूति होगी। दीपमालिका के आसपास स्टील की रैलिंग से सुरक्षा दीवार बना दी गई है। शारदीय नवरात्र में मंदिर के आसपास साफ सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण से मुक्ति, सुगम यातायात की सुविधा तथा मंदिर परिक्षेत्र को भिक्षुक मुक्त रखने के लिए विभिन्न विभागों को पत्र लिखा गया है। नवरात्र में मंदिर परिसर स्थित सभागृह में विश्राम करने वाले लोगों पर भी रोक रहेगी। शारदीय नवरात्र में शक्तिपीठ हरसिद्धि मंदिर में भक्त सामूहिक रूप से दीपमालिका प्रज्वलित कर सकेंगे। भक्त 3100 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से दीपमालिका की बुकिंग कर सकते हैं।

52 शक्तिपीठों में से एक है माता हरसिद्धि मंदिर

भारत में 52 शक्ति पीठों में से एक उज्जैन में विराजमान माता हरसिद्धि है। प्रचण्ड राक्षस नामक दैत्य का संहार करने के कारण देवी का नाम हरसिद्धि प्रसिद्ध हुआ है। मंदिर में पहले भैंस की बलि दी जाती थी लेकिन अब यहाँ किसी तरह की बलि नहीं दी जाती। यहां लोक परंपरा अनुसार माता हरसिद्धि को राजा विक्रमादित्य की कुलदेवी भी बताया गया है। कहते हैं राजा विक्रमादित्य ने यहां पर अपने शीश अर्पित कर हरसिद्धि रूप में विराजमान देवी महालक्ष्मी एवं महासरस्वती को प्रसन्न किया था। तेहरवीं शताब्दी के ग्रंथों में हरसिद्धि माता मंदिर का उल्लेख मिलता है। वर्तमान मंदिर मराठा कालीन है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह के भोपाल दौरे से पहले गरमाई सियासत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 3 अक्टूबर को प्रस्तावित भोपाल दौरे के मद्देनजर पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके कार्यालय पर नजरबंद कर दिया गया है। दौरे से ठीक एक दिन पहले की गई इस प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के हवाले से पुलिस बल ने शाम मनोज शुक्ला के कार्यालय पर पहुँचकर उनकी आवाजाही पर रोक लगा दी। इस कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मनोज शुक्ला ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम जनता के मुद्दों, वादों और समस्याओं को सामने रखना है। विपक्ष के नेता को बिना किसी वैधानिक आधार के घरों में कैद करना पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कदम है। कांग्रेस कार्यकताओं ने भी इस कदम को तानाशाही करार देते हुए कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने के संवैधानिक अधिकार को दबाया जा रहा है। दूसरी ओर, स्थानीय प्रशासन व पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीआईपी दौरे की सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह एहतियातन कदम उठाया गया है।

मानसून की बैरूखी: 25 प्रतिशत कम बारिश ने बढ़ाई लोगों की चिंता

उज्जैन के गंभीर डैम में 90 दिनों का पानी ही बचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मानसून की अधिकारिक विदाई बुधवार को हो जाएगी। 30 सितंबर के बाद होने वाली किसी भी वर्षा को मौसम विभाग मानसूनोत्तर वर्षा (आफ्टर रैनी सीजन) की श्रेणी में दर्ज करेगा। लेकिन इस बार मानसून की विदाई शहर के लिए राहत नहीं, बल्कि एक भीषण जल संकट का अलार्म बजाकर जा रही है। सात लाख की आबादी की प्यास बुझाने वाले गंभीर बांध में इस समय जल संकट का सन्नाटा पसरा है।

2250 एमसीएफटी की क्षमता वाले इस बांध में फिलहाल महज 715 एमसीएफटी पानी ही बचा है- यानी बांध 68 प्रतिशत खाली है। ऊपर से वाष्पीकरण और रोजमर्रा की सप्लाई के चलते बांध से हर दिन 7 से 8 एमसीएफटी पानी तेजी से घट रहा है। इस हिसाब से गंभीर बांध में अगले 90 दिन नियमित जल प्रदाय करने जितना पानी ही उपलब्ध है। जीवाजी वेधशाला के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि इस सीजन में औसत 906 मिमी के मुकाबले महज 682 मिमी (75 प्रतिशत) बारिश हुई- यानी सीधी 25 प्रतिशत की बड़ी गिरावट। उज्जैन में करीब एक दशक (10 साल) बाद ऐसे सूखे जैसे हालात बने हैं। एनजीटी की रिपोर्ट में सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन की अनुमानित जल मांग 410 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) बताई गई है। यह आंकड़ा स्पष्ट करता है कि मेला अवधि में आने वाली करोड़ों की तैरती आबादी की प्यास बुझाना सामान्य दिनों से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण होगा।

शहर की निर्भरता और बड़ा संकेतक

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के समक्ष अगस्त में पेश की गई संयुक्त समिति की रिपोर्ट के अनुसार, उज्जैन शहर की मौजूदा जलापूर्ति का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा अकेले गंभीर बांध से पूरा होता है। अल्प वर्षा के कारण बांध में क्षमता का एक-तिहाई पानी ही बच पाना आने वाले शीतकाल और ग्रीष्मकाल के लिए बड़े संकट की दस्तक है। अल्प बारिश की वजह से भूजल रिचार्ज भी नगण्य रहा है। आशंका जताई जा रही है कि जो कुएं, हैंडपंप और बोरिंग अमूमन मई-जून की भीषण गर्मी में सूखते थे, वे इस बार शीतकाल समाप्त होते-होते (फरवरी-मार्च में) ही दम तोड़ देंगे। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि रबी फसलों (गेहूं और चना) के लिए मिट्टी में आवश्यक शुरूआती नमी नहीं मिलेगी। फसलों के उत्पादन में गिरावट का सीधा असर किसान की जेब और अंततः शहर के व्यापार पर पड़ेगा।

नर्मदा का सहारा : राहत बड़ी, लेकिन वित्तीय लागत भी भारी

गंभीर बांध में जलस्तर घटने पर नर्मदा-आधारित जल प्रदाय योजना उज्जैन के लिए लाइफलाइन बनती है। लेकिन नर्मदा का पानी शहर तक लाना वित्तीय रूप से अत्यधिक खचीर्ला है। पंपिंग, बिजली और रखरखाव का लगातार भारी खर्च उठाना पड़ता है। वर्तमान में नर्मदा जल की लागत 22.60 प्रति घन मीटर है। यह दर वर्ष 2014 से लागू है, जिसे अब तक बढ़ाया नहीं गया है। बीते 12 वर्षों में नर्मदा का पानी उज्जैन लाने और गंभीर में खाली स्थान भरने के मद में अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं। कम वर्षा का सीधा अर्थ है कि नगर निगम और प्रशासन को आगामी दिनों में वैकल्पिक नर्मदा जल पर निर्भरता बढ़ानी होगी, जिससे सरकारी खजाने पर वित्तीय दबाव कई गुना बढ़ जाएगा।

खाद्य विभाग की दस्तक से क्लबों के किचन में हलचल!

रोमियो लेन के बाद अब किस क्लब की बारी?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में इन दिनों खाद्य विभाग की कार्रवाई सिर्फ दुकानों तक सीमित नजर नहीं आ रही, बल्कि बड़े होटल और क्लबों के किचन भी जांच के रडार पर आते दिखाई दे रहे हैं। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर लगातार चल रही कार्रवाई के बीच अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि रोमियो लेन के बाद अगली नजर किस क्लब के किचन पर पड़ेगी?

एक दिन पहले सिंधी कॉलोनी स्थित गोस्वामी मोमोज पर खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई की। इसके बाद लसूड़िया स्थित अपोलो हाई स्ट्रीट बिल्डिंग में संचालित रोमियो लेन क्लब के किचन में भी टीम पहुंची। यहां जांच के दौरान वेज और नॉनवेज खाद्य सामग्री के साथ रखे जाने को लेकर कार्रवाई की गई। बस, इसके बाद से शहर के क्लबों में चर्चा का बाजार गर्म है। सवाल घूम रहा है कि क्या अब बड़े क्लबों के चमकते इंटीरियर के पीछे छिपे किचन की भी बारी आने वाली है?

किचन की चमक भी होगी जांच के घेरे में?

अब देखने वाली बात यह होगी कि रोमियो लेन की कार्रवाई के बाद खाद्य विभाग जांच का दायरा दूसरे क्लबों तक बढ़ाता है या नहीं। अगर टीम ने शहर के क्लबों के किचन की बाकायदा पड़ताल शुरू की, तो कई प्रतिष्ठानों के लिए असली परीक्षा फ्रंट एरिया में नहीं, बल्कि किचन के अंदर होगी। फिलहाल खाद्य विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है और कलेक्टर के निर्देश के बाद विभाग के एक्शन को लेकर चर्चा भी तेज है।

न्यूज कालम



युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई

जावरा । विधानसभा युवक कांग्रेस द्वारा युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व में किए गए कार्यक्रमों एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई । आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करें। आगामी प्रत्येक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिला उपाध्यक्ष युवक कांग्रेस रवि कुमार रतलाम शहर विधानसभा अध्यक्ष सैयद वसद अली जैदी, जावरा विधानसभा अध्यक्ष सनी अखेडिया, जिला महासचिव इमरान मोयल ,शहर अध्यक्ष अल्फेज पठान, ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रमेश डाबी, समीर मंसूरी, जीवन सिंह चौहान,अनिल गुर्जर, पीयूष कटारा, किशन रारोतिया, अमरू बागरी, शाहरुख खान के साथ कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का संचालन पूर्व एनएसयूआई जिला अध्यक्ष संयम शर्मा ने किया । आभार महासचिव पुरुषोत्तम बोडाना ने माना।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की अनुशंसा से 18 परिवारों को 41 .50 लाख की राहत

बुरहानपुर। परिवार में किडनी-लिवर ट्रांसप्लांट, कैंसर या हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारी होने पर इलाज के साथ खर्च का बोझ भी बड़ी चिंता बन जाता है। ऐसे कठिन समय में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मिलने वाली सहायता जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल बनी है। खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील की अनुशंसा पर वर्ष 2026 में अब तक संसदीय क्षेत्र के 18 प्रकरणों में कुल 41 लाख 50 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि किडनी ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांसप्लांट, कैंसर, हार्ट सर्जरी सहित अन्य गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए दी गई है। सांसद पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जरूरतमंदों को स्वास्थ्य उपचार के लिए सहायता लगातार दी जा रही है। आयुष्मान भारत के साथ-साथ पीएम राहत कोष गंभीर बीमारियों से जूझ रहे परिवारों के लिए महत्वपूर्ण सहारा है। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री मोदी और सांसद पाटील का आभार जताया है।

अंबेडकर वार्ड में स्वच्छता कर्मियों का सम्मान, प्लास्टिक मुक्त परिसर का लिया संकल्प



आलीराजपुर। गांधी जयंती के अवसर पर अंबेडकर वार्ड में स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं नागरिकों ने प्लास्टिक मुक्त परिसर का सामूहिक संकल्प लेते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने और पर्यावरण हितैषी थैलों का उपयोग करने का संकल्प लिया। साथ ही वार्ड में स्वच्छता गतिविधियां संचालित कर नागरिकों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी, समिति अध्यक्ष, सचिव, सदस्य एवं जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

नेपानगर में युवा संगम स्वरोजगार मेले का आयोजन, 208 युवाओं का प्राथमिक चयन



नेपानगर। बुरहानपुर जिले के नेपानगर स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष भारती विनोद पाटील मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।जिला रोजगार अधिकारी किशोर तायड़े ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशन में आयोजित मेले में लगभग 8 कंपनियों ने हिस्सा लिया। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कुल 331 पंजीयन हुए, जिनमें से 208 प्रतिभागियों का प्राथमिक चयन किया गया।चयनित कंपनियों में क्वेस हार्य महाराष्ट्र पुणे ने 30, युवा शक्ति स्किल इंडिया जलगांव ने 22, एसबीआई लाइफ केयर ने 20, शिवफोर्ड ग्रुप पुणे, पालिपिक इंजीनियरिंग पीथमपुर ने 45, भारतीय जीवन बीमा निगम बुरहानपुर ने 17, ट्रेटोन फूड बुरहानपुर ने 29 और धूत ट्रांसमिशन संभाजीनगर ने 28 प्रतिभागियों का चयन किया।कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र मसाने ने किया और आभार रोजगार कार्यालय बुरहानपुर की निक्की कोरी ने माना। इस अवसर पर आईटीआई प्राचार्य किशोर फूलमाली, खकनार प्राचार्य योगेश मोरे, जिला उद्योग कार्यालय से राजेश अलावा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

गौसेवा के साथ लायंस सेवा सप्ताह का शुभारंभ



सनावद। लायंस क्लब ओंकारेश्वर अनंत द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक आयोजित सेवा सप्ताह का शुभारंभ गोपाल गौशाला में गौसेवा के साथ किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, रीजन चेयरपर्सन संजना खत्री, सेवा सप्ताह कोऑर्डिनेटर मनोज नाहर सहित अतिथियों ने गौवंश को गुड़, खली व काकड़े का आहार खिलाया। इस अवसर पर गौवंश के संरक्षण, उचित प्रबंधन एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया गया। समाजसेवी जाकिर अमी ने गौवंश को प्लास्टिक व कचरा खाने से बचाने तथा निराश्रित गायों को गौशाला पहुंचाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में क्लब पदाधिकारियों के साथ विहिप, बजरंग दल, गौसेवा समिति के सदस्य एवं पशु चिकित्सक मौजूद रहे।

सेवा संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एकलव्य परिसर में चला स्वच्छता अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



गांधी जयंती के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एकलव्य परिसर, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान एवं जोबट विधायक श्रीमती सेना महेश पटेल ने सहभागिता करते हुए स्वयं झाड़ू लगाई और आमजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आलीराजपुर का संदेश भी दिया गया। अभियान के दौरान प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देते हुए नागरिकों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने था स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की गई।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने जिस स्वच्छ और स्वस्थ भारत का सपना देखा था, उसे साकार करना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हमारी नियमित जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत हमें अपने घर से करनी होगी और इसके बाद अपने मोहल्ले, गांव और शहर को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। हम स्वयं अपने आसपास गंदगी न करें और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। यही महात्मा गांधी जी के स्वच्छता के विचारों को वास्तविक रूप में अपनाने का सार्थक प्रयास होगा।

मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्लास्टिक का कम से कम उपयोग कर हम पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ प्लास्टिक मुक्त भारत के संकल्प में अपना योगदान दे सकते हैं। नागरिक कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें, गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखें तथा सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ नागरिकों की पहचान है। यदि प्रत्येक व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह न तो स्वयं गंदगी करेगा और न ही किसी अन्य को गंदगी करने देगा, तो हमारा आलीराजपुर स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ शहर बन सकता है।

वृक्षारोपण के अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण भी हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित कर सकते हैं। स्वच्छता और हरियाली एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों के लिए समाज की सामूहिक सहभागिता आवश्यक है।

इस अवसर पर जन प्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अभियान में सहभागिता की। सभी ने स्वच्छता का संकल्प लेकर शपथ भी ग्रहण की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा , तहसीलदार श्रीमती मंजू डावर ,नगर पालिका अधिकारी श्री निशिकांत शुक्ला साहित जिला प्रशासन एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।



गांधी जयंती पर राजघाट में हुआ श्रमदान, स्वच्छता का लिया संकल्प

बड़वानी । नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को माँ नर्मदा तट राजघाट में विशेष श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, सीईओ श्री अर्पित गुप्ता, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सुभाष भावसार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा सहित निकाय के पार्षदगण, एल्डरमैन, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी, नगरवासी तथा निकाय के सफाई मित्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने माँ नर्मदा तट एवं राजघाट परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान द्वारा उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, कचरे को निर्धारित स्थान पर डालने तथा स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।



पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नेपानगर

पीएम श्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नेपानगर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर 'सेवा मेरा योगदान' गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किए गए। छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही स्वच्छता संदेश के साथ सूखे एवं गीले कचरे के पृथककरण और कचरा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई।

सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताए गए और उसके विकल्प के रूप में कागज एवं कपड़े की थैलियों के इस्तेमाल का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात प्रफुल्ल हिरे द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सैयद शाकीर ने किया। अंत में समस्त शिक्षकों द्वारा शाला परिसर एवं उसके आसपास सघन सफाई अभियान चलाया गया।

महात्मा गांधी एवं शास्त्री की मनाई जन्म जयंती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पुरानी धान मंडी स्थित एवं चौपाटी पर गांधी प्रतिमा एवं शास्त्री उद्यान चौपाटी पर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

कांग्रेस नेताओ ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सद्भावना के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया व कहा दोनों महापुरुषों का जीवन आज भी समाज और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान का आयोजन भी किया गया। उपस्थित लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने, आपसी भाईचारा बढ़ाने तथा महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावरा के अध्यक्ष सुशील कोचट्टा, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कड़पा, डॉक्टर एच एस राठौर, शांतिलाल दसेड़ा, नितिराज सिंह, मसूद परदेसी, बाबूलाल निंबे, महेंद्र गंगवाल, मोहन सैनी, भागीरथ किशन परमार, महिला कांग्रेस नगर अध्यक्ष अन्नपूर्णा पंवार, नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मद मुस्तकीम मंसूरी, लोकेश विजवा, इरफान मुबारक, हुसैन गुड्डू, पार्षद कान्हा हाडा, पार्षद प्रतिनिधि शौकत भाई, अंकित लालवानी, बच्छराज चोपड़ा, जावेद पॉपुलर, मनीष बैरागी, अशोक सिसोदिया, नईम भाटी, कृष्ण अखेड़िया, मोईन शाह, बड्डी भाई, प्रभुलाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महेश शर्मा ने किया एवं आभार दानिश सिद्दीकी ने माना।

3 अक्टूबर को योग एवं ध्यान सत्रो का आयोजन होगा

बड़वानी । योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा सेवा मेरा योगदान (सेवा संकल्प अभियान2026) के अंतर्गत 3 अक्टूबर 2026 को जिले में एवं विकासखंड स्तरों पर योग एवं ध्यान सत्रो के आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में 3 अक्टूबर 2026 को जिला स्तर पर शिव कुंज आशा ग्राम बड़वानी एवं ब्लॉक स्तर पर जनपद पंचायत पाट, सीनियर बालक छात्रावास राजपुर, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ठीकरी, माता शबरी कन्या परिसर सेंधवा, शासकीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास पानसेमल में निर्धारित स्थलों पर समय सुबह 7 बजे योग एवं ज्ञान सत्र आयोजित हो रहा है। सभी शहर वासियों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योग एवं ध्यान सत्र का लाभ लेवे।

गांधी जयंती पर नमो सेवा अभियान के तहत

मद्य निषेध शपथ का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत बड़वानी द्वारा सेवा संकल्प अभियान एवं नमो सेवा अभियान के तहत स्वच्छता पर आधारित एक आकर्षक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने का दृढ़ संकल्प लिया और स्वच्छता की शपथ ली।

राजघाट रोड स्थित नर्मदा भवन में स्वच्छ भारत मिशन और नशा मुक्त भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नुक्कड़ नाटक और मद्य निषेध शपथ से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति के समग्र विनाश का साधन है, जिससे मनुष्य स्वयं के शरीर को गंभीर क्षति पहुंचाकर शारीरिक रूप से व्याधिग्रस्त हो जाता है और उसके परिवार की स्थिति भी गंभीर हो जाती है। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थितजनों को मद्य निषेध (नशा मुक्ति) की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (आशाग्राम ट्रस्ट) द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इस प्रदर्शनी की सराहना की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी चौहान, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मैंटेनेंस के कारण 3 अक्टूबर को विद्युत बंद रहेगी

बड़वानी ।मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्रीय विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड बड़वानी के कनिष्ठ यंत्री (शहर) से प्राप्त जानकारी अनुसार 3 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 9 से 10 बजे तक 33/11 केव्ही टाउन उपकेन्द्र बड़वानी फीडर पर मैंटेनेंस का कार्य किया जायेगा। जिस कारण से एमजी रोड, झण्डा चौक, मोती माता चौराह, कोर्ट चौराह, रानीपुरा, बोरा बाखल, जैन मंदिर चौराह, चांदसा मोहल्ला, लक्ष्मी टाकीज, अम्बेडकर मार्ग, पानवाड़ी मोहल्ला,पाला बाजार, चंचल चौराह, पानी की टंकी एरिया, सतपुड़ा कालोनी, कृष्णा स्टेट, पूजा स्टेट, डीआरपी लाईन, भगवान नगर, कैलाश नगर, हाउसिंग बोर्ड, माडल स्कूल, में बिजली बंद रहेगी।



गांधी जयंती पर सेवा सप्ताह का आगाज, बस स्टैंड पर लगाए स्थायी डस्टबिन

सनावद। गांधी जयंती के अवसर पर लायंस क्लब सनावद स्नेह ने सेवा, स्वच्छता और जनजागरूकता के संदेश के साथ लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 के सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया। शुरूआत माता चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय में लोहे के स्थायी डस्टबिन स्थापित किए गए। क्लब सदस्यों ने दुकानदारों एवं नागरिकों से कचरा सड़क पर नहीं फेंकने और निर्धारित डस्टबिन का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी, मधुबाला त्रिपाठी, सेवा सप्ताह कोऑर्डिनेटर मनोज नाहर, क्लब अध्यक्ष भागचंद जैन, रीजन चेयरपर्सन संजना खत्री, जोन चेयरपर्सन आशा उपाध्याय, रीजन सचिव प्रेरणा दुबे, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अनीता जैन, जयप्रकाश चौहान, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन वसीम कुरैशी सहित लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक दायित्व है।



गांधी जयंती पर नानपुर में स्वच्छता जागरूकता संवाद एवं पौधारोपण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत नानपुर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस दौरान ग्रामीणों को साफ-सफाई, कचरे के उचित प्रबंधन एवं स्वच्छ वातावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने लगाए गए पौधों की देखभाल तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अधिकारी कर्मचारी, जन प्रतिनिधि, स्वच्छता कर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पटेल नगर से गियर वाली महंगी साइकिल चोरी

खरगोन। शहर के जैतापुर थानाक्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही है। बीती रात एक बदमाश ने आंगन में खड़ी आधुनिक तकनीक से बनी साइकिल चोरी कर ली। साइकिल गैर वाली होकर 18 हजार रुपए कीमत बताई गई है। चोरी की यह करतूत कॉलोनी में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के पटेल नगर शिव मंदिर गली में 30 अक्टूबर की रात हरि भटोरे के घर के बाहर खड़ी एक साइकिल को अज्ञात युवक चुराकर ले गया। यह वारदात रात करीब ९.४० बजे हुई, जब श्री भटोरे की साइकिल उनके निवास के ठीक बाहर खड़ी थी। चोरी की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

दिगम्बर जैन महिला महासमिति ने किया कठिन तपस्या करने वाली बहनों का सम्मान

मन्दसौर। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति संभाग मंदसौर द्वारा मुनि श्री 108 शुद्ध सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में सामूहिक क्षमावाणी उत्सव एवं तपस्वी बहुमान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। दशलक्षण महापर्व के दौरान 10, 5, 4 और 3 उपवास की कठिन तपस्या करने वाली समर्पित सदस्याओं सुनैना जैन, अनीता जैन, रत्ना कियावत, अंगूर बाला गांधी, सोनाली जैन एवं अनीता जैन (बनी वाले) का बहुमान कर उनकी तपस्या की अनुमोदना की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दीपक भुता, राजकुमार बाकलीवाल, दिलीप जैन, मिट्ठी देवीजी, सुशीला भुता एवं सुनीता पहाड़िया मंचासीन रहे। महासमिति की अध्यक्ष किरण महावीर रावका ने कहा कि बहनों द्वारा की गई तपस्या समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और क्षमावाणी पर्व आपसी कटुता को भुलाकर प्रेम से जीने का संदेश देता है। कार्यक्रम का संचालन भारती अग्रवाल ने किया तथा आभार सचिव संध्या पंड्या ने माना।

पश्चिमी रेलवे मरम्मत कार्य

संभागीय रेलवे प्रबंधक (पश्चिमी रेलवे), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/173 दिनांक 28/09/2026 को आमंत्रित कार्य और स्थान: (i) चर्चगेट-स्टेशन करता है। (i) भवन - यात्री विपणन अनुभाग और तीसरी मंजिल पर स्थित यूटीएस पैसेज की मरम्मत एवं नवीनीकरण। (ii) स्टेशन भवन, एमआरवीसी भवन, नियंत्रण टावर और जीआरपी भवन में विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों के शौचालय ब्लॉक की मरम्मत एवं नवीनीकरण। (iii) चर्चगेट - ए और बी ब्लॉक फ्लैट के आरसीसी सदस्यों, शौचालयों, रसोई, जलरोधीकरण आदि की संरचनात्मक मरम्मत। (iv) चर्चगेट - चर्चगेट स्थित नियंत्रण टावर में रिसाव की मरम्मत एवं रोकथाम। (समग्र निविदा)। कार्य की अनुमानित लागत: 7,47,80,241.59 ₹रुपये। ईएमडी: 14,95,600 रूपये। आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय: 27.10.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। खोलने की तिथि एवं समय: 27.10.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैन्युअल रूप से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। 0652
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

5 अक्टूबर को होगा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

बड़वानी । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की उपस्थिति में 5 अक्टूबर को कलेक्टर कार्यालय परिसर बड़वानी में स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण समय सीमा बैठक के पश्चात किया जायेगा।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
संख्या : GEM/2026/B/8103002, दिनांक : 30.09.2026
कार्य का नाम एवं स्थान : कोचिंग डिपो इंदौर के लिए 24 माह की अवधि हेतु 24x7 चालक सहित मासिक आधार पर एमयूवी (2500 किमी x 320 घंटे प्रति माह) की कैब एवं टैक्सी किराया सेवा उपलब्ध कराना।, कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1368000/-, बयाना राशि : ₹ 27360/-, समापन अवधि : एलओए जारी होने की तिथि से 02 वर्ष, कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी : कार्यालय – वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी, इंदौर, निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय : 02.11.2026 14:00 तक, वेबसाईट व नोटिस बोर्ड ज हां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है : निविदाएं GEM वेबसाईट (www.gem.gov.in) पर देखी जा सकती है। ADM/274
Follow us on: twitter.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

झोले में छुपाकर 2 युवक लाये थे हजारों की अवैध शराब



उज्जैन। सर्कल भ्रमण के दौरान पंवासा थाना पुलिस को सूचना मिली कि दो पहिया वाहन से 2 युवक अवैध शराब लेकर आ रहे है। थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई, एएसआई सावित्री कटारा, प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला, आरक्षक पंकज ने करोदिया रोड और श्रीसिंथेटिक के बीच घेराबंदी की। जुपिटर क्रमांक एमपी 09 झेडपी 5816 पर दो युवक आते दिखाई दिये। पुलिस को देख दोनों ने पलटकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर दोनों को दबोच लिया। उनके पास से 2 कपडे के झोले जप्त किये गये। एक में देशी शराब और दूसरे में विदेशी शराब के क्वार्टर भरे थे। कुछ 325 क्वार्टर बरामद होने पर जुपिटर जप्त कर थाने लाया गया। पूछताछ में दोनों ने अपने नाम नवीन पिता दिनेश 32 साल निवासी चाणक्यपुरी देवास और सतीश पिता रुपसिंह 28 वर्ष, निवासी ग्राम पटाडी, थाना बरोठा देवास सामने आये। दोनों के खिलाफ अवैध शराब परिवहर का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों ने शराब देवास से लाना कबूल किया है। दोनों शराब किसे देने आ रहे थे, इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है। बरामद शराब 32 हजार और जुपिटर 60 हजार कीमत की है।

लोन की किश्त मांगने पर एजेंट के साथ मारपीट

उज्जैन। नागदा के भगतपुरा में रहने वाला दीपक पिता राजेश सोलंकी 28 साल प्रायवेट फायनेंस कंपनी में रिकवरी एजेंट है। कंपनी ने लिये गये लोन की किश्त लेने के लिये भाटपचलाना के ग्राम कमठाना में जितेन्द्र पाटीदार के घर पहुंचा था। जहां कुछ महिनों की बकाया किश्त मांगने पर जितेन्द्र ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौच की ओर रिकवरी एजेंट के साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। मारपीट का शिकार दीपक सोलंकी ने भाटपचलाना थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में जितेन्द्र और उसके 2 साथियों के खिलाफ मारपीट की धारा के साथ एससी एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।

सोयाबीन कटाई को लेकर 2 भाईयों में हुआ विवाद

उज्जैन। बडनगर के नयापुरा में रहने वाले सुनील पिता शिवनारायण भाटी 52 साल और छोटे भाई रामस्वरूप भाटी 48 साल का ग्राम अरंडिया में खेत है। दोनों के सोयाबीन कटाई का काम कर रहे थे। गुरूवार शाम को सुनील सोयाबीन काटकर निजी जगह पर रख रहा था। छोटे भाई ने सोयाबीन काटने से मना किया, इसी बात पर दोनों के बीच गाली-गलौच शुरू हो गई और मामला मारपीट में बदल गया। दोनों ने एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी दी। विवाद के बाद दोनों शिकायत दर्ज कराने बडनगर थाने पहुंचे। पुलिस ने झगडा भाईयों के बीच का होने पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

पहले साथ पी शराब, फिर युवक को बुरी तरह पीटा



उज्जैन। हीरामिल की चाल में रहने वाला विजय वर्मा हम्माली करता है और अकेला रहता है। रात में उसने क्षेत्र में रहने वाले शाहरूख, मोटाभाई, सैफू और उनके 2 दोस्तों के साथ घर के बाहर बैठकर शराब पी। नशा होने के बाद शाहरूख, सैफू ने विजय से माजक करते हुये उसके कपडे फाड दिये। जिसको लेकर उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। शाहरूख अपने घर से लोहे का पाइप लेकर आ गया और उसने सैफू, मोटाभाई और 2 साथियों के साथ मिलकर विजय का बुरी तरह पीटा। घायल होने पर रातभर विजय घर के दरवाजे पर पडा रहा। शुक्रवार सुबह आसपास के लोगों ने देखा तो उसे अस्पताल पहुंचाया। मामले की सूचना मिलने देवासगेट थाना पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची। मामले में जांच शुरू कर मारपीट करने वालों की तलाश शुरू की गई है।

दिन	378-8	347-4
मेन बाजार	256-3	278-7
कल्याण नाइट	590-4	780-5
मिलन डे	234-9	688
मिलन नाइट	159-5	566-2
मधुर डे	178-6	277-6
मधुर नाइट	115-7	336-2
शुभांक	3 6	8

हिरासत में 2 आरोपी, 3 की तलाश में दबिश....

मिलने के बहाने बुलाकर 5 ने किया सामूहिक दुष्कर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

16 साल की बालिका को उसके दोस्त ने मिलने के बहाने बुलाया और एक मकान में ले जाने के बाद 4 दोस्तों के साथ मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बालिका के लौटने पर घटना सामने आने पर पुलिस ने एक नाबालिग के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। 3 आरोपित फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है।



चिमनगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय बालिका कक्षा 8 वीं तक पडी है। उसकी पहचान जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले नाबालिग से थी। उसने बालिका को मिलने के बहाने बुलाया और अपने क्षेत्र के एक मकान पर ले गया। जहां अपने चार दोस्तों को ओर बुला लिया। पांचों ने मिलकर बालिका के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और कमरे में रातभर रखा। दूसरे दिन बालिका बमुश्किल अपने घर पहुंची और परिजनों को घटनाक्रम बताया। चिमनगंज थाना पुलिस बालिका के लापता होने पर परिजनों की शिकायत पर एक दिन बाद अपहरण का मामला दर्ज चुकी थी। बालिका के मिलने पर पास्को एक्ट दुष्कर्म की धारा बढाई गई। एसआई प्रीति चौहान ने बताया कि मामले से जुडे एक नाबालिग और उसके दूसरे साथी लक्की को गिरफ्तार किया गया है। 3 आरोपित फरार है जो नाबालिग होना बताये जा रहे है, उनकी भी तलाश जारी है।

26 सितंबर को हुई थी लापता

पुलिस के अनुसार बालिका 26 सितंबर की शाम घर से निकली थी, उसके बाद रातभर नहीं लौटी थी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी, सुबह तक कुछ पता नहीं चला तो दूसरे दिन थाने आकर अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने बालिका की तलाश शुरू कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये थे, कुछ घंटे बाद पता चला कि बालिका बदहवास हालत में घर लौटी है।

पूछताछ में बालिका ने बताई घटना

पुलिस बालिका को पूछताछ के लिये थाने लेकर आई थी। उसने बताया कि उसकी पहचान जीवाजीगंज क्षेत्र के रहने वाले युवक से थी। जो उससे उम्र में कुछ महिने बडा है। उसने मिलने बुलाया था और साथ लेकर गया था। उसके घर पर पहले से चार दोस्त ओर मौजूद थे। सभी उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में बालिका के बयान दर्ज कराये है।

इनका कहना

बालिका के लापता होने पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। मिलने पर उसके साथ हुई घटना सामने आने पर पास्को एक्ट की धारा बढ़ाई गई और 2 को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है, जल्द उनकी गिरफ्तारी भी कर ली जायेगी।

विवेक कनोड़िया
थाना प्रभारी चिमनगंज

कैमरों की मदद से गिरफ्त में आये चोरी के 2 आरोपी

जीआरपी-आरपीएफ की संयुक्त घेराबंदी, प्लेटफार्म पर करते थे वारदात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों का सामान चोरी करने वाले 2 बदमाशों को जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से 12 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से सोने का मंगलसूत्र, मोबाइल और नगदी बरामद की गई है।

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 पर गुरूवार को 2 यात्रियों के साथ चोरी की वारदात होना सामने आया था। मामला जीआरपी के पास पहुंचा तो निरीक्षक सुनील गुप्ता ने आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव के साथ मिलकर टीम गठित की और प्लेटफार्म पर लगे कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किये। कैमरों की मदद से 2 बदमाशों की पहचान की गई और उनकी गिरफ्तारी के लिये एएसआई अवधेश तिवारी, प्रधान आरक्षक नवीन जयसवाल, आरक्षक हेमेन्द्र शर्मा, राहुल राजपूत, रजत चौहान को रवाना किया। 12 घंटे की तलाश के बाद आरोपी तेजकरण पिता लालजीराम निवासी शाजापुर और



जितेन्द्र पिता बद्रीलाल विश्वकर्मा निवासी क्षिप्रा इंदौर को पकडा गया। दोनों के पास से एक सेमसंग कंपनी का मोबाइल, सोने का मंगलसूत्र और 7 हजार रूपये बरामद किये गये। दोनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से जेल भेजा गया है।

इनके साथ हुई चोरी की वारदात

जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि मोबाइल चोरी की शिकायत रमेश जयसवाल ने दर्ज कराई थी। बदमाश यात्री प्रतिक्षालय से उसका मोबाइल चुराकर ले गये थे। दूसरी शिकायत रामकन्या बाई ने दर्ज कराई थी। वह बुकिंग विंडो पहुंची थी, भीड के बीच उसके बेग से अज्ञात बदमाश ने सोने का मंगलसूत्र और 7 हजार रूपये नगद चोरी कर लिये थे। चोरी करने वाले दोनों आरोपी अपराधिक प्रवृति के होना सामने आये है।

छत पर खडी 2 बालिका हाईटेंशन लाइन के करंट से झुलसी





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

छत पर खडी 2 बालिका शुक्रवार दोपहर को हाईटेंशन लाइन के करंट से झुलस गई। दोनों को चरक अस्पताल लाया गया। एक बालिका 60 प्रतिशत के लगभग झुलसना बताई गई है। दूसरे के हाथ झुलसे है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के पदमावती कालोनी में रहने वाली मीनल पिता नितिन जैन 14 साल और आराध्या पिता मनजीत चौहान 13 साल को परिवार के लोग दोपहर को झुलसी हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां से दोनों को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने बर्न यूनिट में भर्ती किया लेकिन आराध्या गंभीर रूप झुलसी है। दोनों बालिकाओं के झुलसने की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई थी। मीनल ने बताया कि आराध्या उनके यहां परिवार के साथ किराये रहती है। हम दोनों कक्षा 8 वीं में पडते है। दोपहर में छत पर गये थे, इस दौरान आराध्या ने पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को पकडने की बात कहीं, उसे मना किया लेकिन वह नहीं मानी और तार पकड लिया। उसे करंट लगा तो वह बचाने पहुंची और करंट की चपेट में आ गई। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि एक बालिका के तार पकडने और दूसरी बचाने के दौरान झुलसना सामने आई है। मामले में जांच शुरू की गई है।

बेहोश मिला मोर, हिट स्ट्रोक की संभावना

रेस्क्यू कर उपचार के बाद छोडा गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मालवा में कहावत है कि कुंआर मास की गर्मी से हिरण भी काला पड जाता है। कुआर मास के पूर्व ही इसका असर देखने को मिला है। शुक्रवार को ग्राम कांकरिया चिराखान के ग्रामीणों की सूचना पर व्यस्क मोर का बेहोशी की अवस्था में रेस्क्यू किया गया। पशु चिकित्सक ने उपचार में उसे स्वस्थ पाया लेकिन उन्होंने उसके हिट स्ट्रोक प्रभावित होने की स्थिति में उपचार किया है। पशु चिकित्सक डा.अरविंद मैथनिया के अनुसार मौर का पूर्ण परीक्षण किया गया है। उसके शरीर पर किसी प्रकार की कोई चोंट खरोंच नहीं मिली है। उनके अनुसार अक्टूबर माह में तापमान 33 डिग्री से अधिक होने के कारण हिट स्ट्रोक की स्थिति को रोकने के लिए



इलेक्ट्राल पावडर उपयोग करने की सलाह देते हुए प्रदाय किया गया। डा.मैथनिया बताते हैं कि भारतीय मौर को एक अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक ,सांस्कृतिक व कानूनी दर्जा प्राप्त है। इसकी संरक्षण स्थिति कम चिंताजनक है। यह भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अनुसूची 1 में शामिल है।

विवाद के बाद पति ने दराते से किया हमला

उज्जैन। पति-पत्नी के बीच विवाद होने पर पति ने दराते से हमला कर दिया। पत्नी के हाथ और पैर में चोंट लगने पर उसे उपचार के लिये शासकीय चरक अस्पताल लाया गया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के ढांचा भवन में रहने वाली माला पति सुनील चौधरी को खून से लथपथ हालत में गुरूवार-शुक्रवार रात अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने हाथ पैर में लगी चोंट के बाद उपचार के लिये भर्ती किया। माला ने बताया कि उस पर पति ने दराते से हमला किया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सुबह सामने आया कि माला 3 बच्चों की मां और प्रतिकल्पा होटल में सफाई के साथ खाना बनाने का काम करती है। पति रिक्शा चलता है। वह घर में पैसे नहीं देता है, जिसको लेकर उनके बीच विवाद होता है। रात में भी विवाद होने पर उसने दराते से हमला किया और भाग निकला। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया जायेगा।

दूसरे दिन भी नहीं हुई मृतक की पहचान

उज्जैन। पंवासा थाना पुलिस ने मक्सीरोड उद्योगपुरी क्षेत्र में महावीर तोलकांटे के पास गुरूवार सुबह नाले से एक व्यक्ति की लाश लोगों की सूचना पर बरामद की है। लोगों से पूछताछ में पता चला था कि मृतक उद्योगपुरी क्षेत्र में मजदूरी करता था और खुद को रतलाम का रहने वाला बताता था। पुलिस ने रतलाम के सभी थाना पुलिस को मृतक का फोटो भेज पहचान के प्रयास शुरु किये थे। लेकिन शुक्रवार शाम तक उसकी पहचान नहीं हो पाई। प्रधान आरक्षक ब्रजनंदन मिश्रा ने बताया कि शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया जायेगा।

कालिदास अकादमी में आज से अंतरराष्ट्रीय लोक साहित्य महोत्सव का होगा आगाज

उज्जैन। अखिल भारतीय संजा लोकोत्सव 2026 के अंतर्गत 3 और 4 अक्टूबर को स्थानीय कालिदास अकादमी में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं लोक साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं, उत्सव की छठी शाम ग्राम जगोटी में तीन दिवसीय लोकरंग जत्रा का शानदार शुभारंभ हुआ, जिसमें देश के पांच राज्यों की लोक संस्कृति की मनमोहक छटा बिखरी। प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से यह अंतरराष्ट्रीय आयोजन हो रहा है। मुख्य समन्वयक प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार शर्मा और संस्था निदेशक डॉ पल्लवी किशन ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषय भारत का लोक और जनजातीय साहित्य एवं संस्कृति संवेदना, पारंपरिक ज्ञान, पर्यावरण और पारिस्थितिकी रखा गया है। कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा। इस दौरान जयपुर की कला विदुषी डॉ उमा जोशी द्वारा पंचतंत्र पर केंद्रित लघु चित्रों की विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसी क्रम में 4 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे प्रज्ञा प्रवाह नई दिल्ली के सहयोग से प्राक् लोक मंथन विशेष सत्र आयोजित होगा, जिसके मुख्य अतिथि वक्ता मध्य प्रदेश आदिवासी बोली विकास अकादमी भोपाल के निदेशक डॉ धर्मेंद्र पारे होंगे। इस महोत्सव में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली के सचिव डॉ सच्चिदानंद जोशी, मॉरीशस से डॉ सोमदत्त काशीनाथ, अमेरिका से डॉ मीरा सिंह और नॉर्वे से सुरेश चन्द्र शुक्ल शरद आलोक शामिल होंगे। इसके अलावा पद्मश्री डॉ भगवतीलाल राजपुरोहित, पद्मश्री भैरूसिंह चौहान, पद्मश्री कालूराम बामनिया, पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर, पद्मश्री डॉ नारायण व्यास भी मौजूद रहेंगे। साथ ही कुलपति प्रो स्मिता सहस्त्रबुद्धे, पूर्व कुलपति प्रोफेसर राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ पूरन सहगल, प्रो जगदीश चंद्र शर्मा, डॉ ममता खेड़े, माया मालवेंद्र बधेका, डॉ ललित कुमार सिंह, डॉ रमण सोलंकी, डॉ ध्रुवेंद्र सिंह जोधा और डॉ नरेंद्र सिंह पवार सहित कई शिक्षाविद एवं शोधकर्ता हिस्सा लेंगे।

साइबर ठगों ने फिर 2 खातों से उड़ाये हजारों रूपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साइबर ठगों द्वारा लगातार लोगों को झांसा देने के साथ डरा-धमकार ऑनलाइन धोखाधडी की जा रही है। एक बार फिर पुलिस ने 2 लोगों के साथ हुई धोखाधडी की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने गांधीनगर में रहने वाले रमजान पिता नत्थे खान 57 साल की शिकायत पर 38 हजार के लगभग की ठगी होने का प्रकरण दर्ज किया है। रमजान ने बताया कि वह मोहनगर स्थित लेथ मशीन की दुकान पर काम करता है। 29 अगस्त को उसके पास कॉल आया था और कहा कि खाते में 500 डालर भेजना है। लेकिन ट्रांजेक्शन नहीं हो रहा है। डालर पार्सल से भेजना होगें जिसके चलते पार्सल खर्च ऑनलाइन देना होगा। कॉल करने वाले ने क्यूआर कोड भेजा। जिस पर चार दिन में 38 हजार का ट्रांजेक्शन किया लेकिन डालर उसके पास नहीं पहुंचे। उसने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। रमजान का कहना था कि जिस नम्बर से कॉल आया वह पाकिस्तान का था, लेकिन पुलिस ने उक्त नम्बर की पुष्टि पाकिस्तान का होने की स्पष्ट पुष्टि नहीं की है। दूसरा मामला महाकाल थाना क्षेत्र के खंदार मोहल्ला में रहने वाले गौतम पिता मनोज यादव के साथ हुआ। उसके मोबाइल पर आये कॉल धारक ने धमकाया और 43 हजार का ट्रांजेक्शन करा लिया। गौतम ने भी 7 सितंबर को हुई ऑनलाइन धोखाधडी की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दर्ज कराई थी। जहां से मामला पुलिस के पास पहुंचा है।




जागरूकता के बाद भी ठगा रहे लोग

ऑनलाइन धोखाधडी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और बताया जा रहा है कि किसी को भी ओटीपी ना बताये। अपनी निजी जानकारी शेयर ना करे। किसी भी लिंक पर क्लीक करने से बचे। एपीके फाइल डाउनलोड ना करे। किसी के झांसे में ना आये। बावजूद लोग साइबर ठगों की बातों में धोखाधडी का शिकार हो रहे है।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में अग्रवाल नवयुवक मंडल ने लगाया नेत्र शिविर

उज्जैन। अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मोदी की गली स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महाराज अग्रसेन की भव्य आरती की गई और नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। इन आयोजनों में समाजजनों के साथ शहरवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मंडल अध्यक्ष इंद्रेश अग्रवाल ने बताया कि नेत्र परीक्षण शिविर में अग्रवाल समाज के साथ-साथ सभी उज्जैनवासियों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया। इसी क्रम में शाम के समय आरके बंसल स्कूल में नवयुवक मंडल द्वारा स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह खेल आयोजन हुकुमचंद बंसल, श्याम बंसल, मृदुल बंसल, अंकित बंसल एवं समस्त बंसल परिवार के सौजन्य से संपन्न हुआ। इन आयोजनों में अग्रवाल पंचायत न्यास के निमेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दीपक मित्तल, शैलेंद्र मित्तल, गोपाल अग्रवाल, रवि प्रकाश बंसल, मधुर चौधरी और संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे।

शास्त्रीजी की सोच गरीबों की सेवा करें



पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री ने कहा था यह सच है कि मैं पूरी तरह से आधुनिक इंसान नहीं हूं। कई मामलों में मैं कुछ हद तक पारंपरिक सोच वाला व्यक्ति हूं और चूंकि लगभग आधी सदी तक मुझे गांवों व ग्रामीण इलाकों में एक छोटे कार्यकर्ता के तौर पर काम करना पड़ा है, इसलिए मेरा ध्यान स्वाभाविक रूप से उन लोगों और वहां के हालात की ओर जाता है। मेरे मन में सबसे पहले यही बात आती है कि उन लोगों को राहत पहुंचाई जाए। उन्हें राहत कैसे दी जाए, यह मेरे लिए हर दिन और हर पल सबसे जरूरी बात है। मैं बहुत जरूरी मानता हूं कि वहां डिस्पेंसरी, अस्पताल और मेडिकल शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए।

चिकित्सक मित्रो, मैं आपको रिसर्च या मेडिकल शिक्षा वगैरह के बारे में कोई खास सलाह नहीं दे सकता। मैं इसके लिए योग्य नहीं हूं, लेकिन एक कार्यकर्ता और भारत के लोगों के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति के तौर पर, मेरी दिलचस्पी इस बात में है कि जब आप डॉक्टर के तौर पर प्रैक्टिस करते हैं या अस्पताल में काम करते हैं, तब लोगों के प्रति आपका नजरिया कैसा होना चाहिए? यह मेरे लिए और मुझे लगता है, पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

मैंने कुछ ग्रामीण अस्पतालों का दौरा किया है। मुझे यह कहना होगा कि एक ऐसी डिस्पेंसरी देखकर मुझे बहुत दुख हुआ, जहां न के बराबर दवाइयां थीं, डॉक्टर मौजूद नहीं थे, कंपाउंडर पूरी तरह अशिक्षित था, यहां तक कि बिस्तर भी उपलब्ध नहीं थे और इसे जल्द ही एक छोटे अस्पताल में बदला जाने वाला था? मैंने वहां दो मरीजों को जमीन पर लेटे हुए देखा। वह दृश्य बहुत दयनीय था। सवाल है कि हम इन ग्रामीण इलाकों के लिए क्या करें? क्या डॉक्टर गांवों में जाकर सेवा करने को तैयार हैं? कुछ हद तक विरोध है। मैं यह नहीं कहता कि सभी में, लेकिन बहुत से युवा डॉक्टरों में, जो एमबीबीएस की डिग्री पाते हैं, ग्रामीण इलाकों में जाने के प्रति हिचक है। मैं इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि उन्हें वे बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलतीं, जो उन्हें मिलनी चाहिए, लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि कुछ समय तक उन इलाकों में भले सुविधाएं शायद उपलब्ध न हों, मगर आपकी महानता इसी बात में है कि आप उन लोगों की सेवा करें।

आपसे माफी मांगते हुए, मुझे लगता है कि आम आदमी, गरीब लोगों और फटे-पुराने या गंदे कपड़े पहनकर अस्पताल आने वालों के प्रति आपके नजरिये में बड़े बदलाव की जरूरत है। अगर मैं अच्छे कपड़े पहनकर जाऊं, तो मुझे सारी सुविधाएं मिल जाती हैं, लेकिन यह बात भी उतनी ही जरूरी है कि हमारे देश के गरीब तबके के लोगों को भी अस्पतालों में जरूरी ध्यान मिले।

सम्पादकीय


पायलट की बहादुरी

एक अंतरराष्ट्रीय सवारी विमान में खून-खराबे की जितनी मजम्मत की जाए, कम है। दुबई से तेल अवीव (इजरायल) जा रहे विमान में सह-पायलट ने ही मुख्य पायलट पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीठ में छुरा घोंपने जैसे इस हमले में बुरी तरह घायल मुख्य पायलट स्मित मच्छार ने बहुत बहादुरी का परिचय देते हुए किसी तरह कॉकपिट का दरवाजा खोल दिया। इससे लाभ यह हुआ कि विमान में सवार इजरायली यात्री बचाव के लिए पूरे साहस से भिड़ गए। हमलावर सह-पायलट को काबू में कर लिया। उसी विमान में यात्रा कर रहे दो पायलट ने मुख्य पायलट की मदद से विमान को सऊदी अरब में सुरक्षित उतार लिया। आशंका है, अगर हमलावर सह-पायलट विमान को अपने कब्जे में लेने में कामयाब हो जाता, तो दुनिया 9/11 जैसे एक और महाविनाश पर मातम मना रही होती। यह विमानन की दुनिया में एक बहुत ही त्रासद घटना है, जब एक सह-पायलट ने 174 यात्रियों से भरे विमान को खतरे में डाल दिया। अब डर और शक ने अनेक सवाल खड़े कर दिए हैं। पहले कॉकपिट पर बाहर से खतरा माना जाता था, लेकिन क्या अब खतरा कॉकपिट में घुसकर बैठने लगा है?

विमान हादसा टल गया, लेकिन इसे भूलना या भुलाना नामुमकिन है। कॉकपिट में हुए हमले की वजह से विमान लगभग 16,000 फीट की ऊंचाई से गिर गया था और मात्र 29 सेकंड में 14,125 फीट तक पहुंच गया था। मुख्य पायलट ने चतुराई से काम लिया, जमीन पर खतरे का संदेश भेजा और किसी तरह से कॉकपिट का दरवाजा खोलकर नीचे गिर गया। आश्चर्य नहीं, फ्लाईदुबई विमानन कंपनी के भारतीय पायलट की पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू तक ने पायलट को असली नायक बताया है। पायलट के साहस से जहां विमानन क्षेत्र में उत्साह है, वहीं सह-पायलट की धोखाधड़ी से सभी चिंतित हैं। यह सह-पायलट ओमान मूल का बताया जा रहा है और यह सात महीने पहले ही फ्लाईदुबई में शामिल हुआ था। एक बार सोचकर देखना चाहिए कि अगर कॉकपिट का दरवाजा भारतीय पालयट ने न खोला होता, तो पूरी दुनिया में दहशतगर्दी की दूसरी ही दास्तान चल रही होती।

आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता

रुपए को भारतीय नागरिक ही दिला सकते हैं मजबूती



प्रहलाद सबनानी
(दैनिक अवन्तिका)

अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत लगातार नीचे गिर रही है। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारत में विभिन्न उत्पादों के आयात बहुत अधिक मात्रा में हो रहे हैं, जबकि तुलनात्मक रूप से भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात कम मात्रा में हो रहे हैं और इससे भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ता जा रहा है। बाजार में किसी भी वस्तु की कीमत उसकी मांग एवं आपूर्ति से तय होती है, भारत में विभिन्न वस्तुओं के आयात अधिक होने के चलते एवं इन आयातित वस्तुओं का भुगतान करने के लिए भारत को अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता अधिक है और तुलनात्मक रूप से निर्यात कम होने के चलते भारत को अमेरिकी डॉलर की आपूर्ति कम मात्रा में हो रही है। अतः अमेरिकी डॉलर की मांग अधिक होने एवं आपूर्ति कम होने से अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत लगातार नीचे गिर रही है। पिछले 90 दिनों के दौरान एक अमेरिकी डॉलर की कीमत अधिकतम 96.7908 रुपए और न्यूनतम कीमत 94.3986 तक रही है। आज यह पुनः 96 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर के स्तर से ऊपर पहुंच गई है। इस स्थिति को सुधारने में भारतीय नागरिकों को अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अधिक आवश्यकता है। दरअसल, भारतीय नागरिकों की आय में वृद्धि दर्ज होने के चलते वे समाज में अपने रुतबे को बढ़ता हुआ दिखाने के लिए आयातित वस्तुओं का उपयोग करने लगते हैं, जबकि देश में ही निर्मित यह उत्पाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। भारतीय नागरिकों द्वारा आयातित उत्पादों के अधिक उपयोग के कारण देश में वस्तुओं का आयात बढ़ता है और यह अमेरिकी डॉलर की मांग में वृद्धि करता है।

हाल ही के समय में भारतीय शेयर बाजार से भी विदेशी संस्थागत निवेशक भारी मात्रा में अपने निवेश को वापिस निकाल रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत कम हो रही है और इससे विदेशी निवेशकों को नुक्सान हो रहा है। केलेंडर वर्ष 2026 में अभी तक विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 2.8 लाख करोड़ रुपए की राशि निकाल ली है। सितम्बर 2024 तक के 24 माह में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 38,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया था जबकि सितम्बर 2026 तक के 24 माह में 56,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की निकासी की गई हैं। हालांकि, इस बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनी हुई है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हो रही है। इस बीच अमेरिका में बांड यील्ड में भी तेजी से वृद्धि हुई है और यह यील्ड 30 वर्ष की अवधि के बांड पर 5.595 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच गई है जो पिछले 20 वर्षों से अधिक समय (वर्ष 2002 के बाद) में सबसे अधिक है। दरअसल, भारत में ब्याज दरें अमेरिका से अधिक होने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशक भारत के शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाते जा रहे थे। परंतु, हाल ही के वर्षों में अमेरिका में ब्याज दरों में वृद्धि दृष्टिगोचर है, जिसके चलते इन विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अब भारतीय शेयर बाजार से निवेश निकाल कर अमेरिकी शेयर बाजार में निवेश किया जा रहा है। वैसे भी, भारत की आर्थिक प्रगति को विश्व के कई देश सहन नहीं कर पा रहे हैं एवं भारत को वे अपना प्रतिस्पर्धी मान रहे हैं। अतः भारत को इन परिस्थितियों से अपने नागरिकों के बल पर स्वयं ही निपटना होगा, किसी भी अन्य देश से सहायता की उम्मीद करना उचित नहीं होगा। आज भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने की सबसे अधिक आवश्यकता है।

भारत में केवल आर्थिक विकास की दर ही आकर्षक नहीं रही है बल्कि भारत के लिए विदेश व्यापार के मोर्चे पर भी अगस्त 2026 माह में मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला है। अगस्त 2026 माह में भारत से कुल निर्यात (उत्पादों एवं सेवाओं सहित) 25.41 प्रतिशत बढ़कर 8,268 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो बीते वर्ष की समान अवधि में 6,593 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। वहीं, अगस्त 2026 माह में आयात 9,209 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो बीते वर्ष अगस्त 2025 में 7,755 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। इस तरह से निर्यात में तेज बढ़ोतरी के चलते देश का व्यापार घाटा घटकर 941 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रह गया है। बीते वर्ष अगस्त 2025 माह में व्यापार घाटा 1,162 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। इसी प्रकार अगस्त 2026 माह में विभिन्न उत्पादों (वस्तुओं) का निर्यात 26.12 प्रतिशत बढ़कर 4,381 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है, जो अगस्त 2025 माह में 3,473 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। अगस्त 2026 माह में पिछले 10 वर्षों के दौरान सबसे अधिक वस्तुओं का निर्यात हुआ है। इस अवधि में सेवाओं के निर्यात में भी अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है। इसी प्रकार, अगस्त 2026 माह में ही भारत में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में भी 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। विनिर्माण क्षेत्र में तो और अधिक 9 प्रतिशत एवं बिजली एवं गैस आपूर्ति क्षेत्र में 12.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज हुई हैं। केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों में वृद्धि दर्ज हुई है एवं अब निजी क्षेत्र द्वारा भी पूंजीगत खर्चों में वृद्धि की जा रही है। विनिर्माण क्षेत्र की इकाईयों की उत्पादन क्षमता का उपयोग 75 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है, इसके बाद सामान्यतः विनिर्माण इकाईयां अपनी उत्पादन क्षमता का विस्तार करने पर विचार प्रारम्भ करती है।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर आकर्षक है, औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि दर उल्लेखनीय है, विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात भी तेज गति से बढ़ रहे हैं, फिर भी भारतीय शेयर बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशक अपना निवेश क्यों निकाल रहे हैं एवं भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार क्यों गिर रही है। इस विषय पर गम्भीरता से विचार करने की आज आवश्यकता है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत द्वारा आयातित वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं और भारत का व्यापार घाटा लगातार बढ़ रहा है। जिससे भारत को अमेरिकी डॉलर की अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है एवं इससे अमेरिकी डॉलर की मांग में वृद्धि दिखाई दे रही है जिससे अमेरिकी डॉलर भारतीय रुपए की तुलना में मजबूत हो रहा है एवं रुपया कमजोर हो रहा है। इस ट्रेंड को बदलने के लिए भारत को विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है, ताकि विभिन्न उत्पादों के आयात को कम किया जा सके और भारत अपने व्यापार घाटे को व्यापार आधिक्य में बदलने में सफल हो सके।

टूटी हुई पुरानी हॉकी स्टिक

कस्बे के पुराने खेल मैदान के मुख्य पवेलियन की सीलन भरी दीवार पर लोहे की कील के सहारे लकड़ी की एक पुरानी और टूटी हुई हॉकी स्टिक पिछले बीस सालों से टँगी हुई थी। उसकी लकड़ी पर जगह-जगह दरारें थीं और उसके निचले घुमावदार हिस्से पर लगा सफेद सूती धागा धूप और बारिश की मार से मैला होकर लटक रहा था। उस पवेलियन के ठीक नीचे ईंटों के चबूतरे पर हर सुबह सात बजते ही ओंकार काका अपनी पुरानी लाठी टेककर आकर बैठ जाते थे। सफेद खद्दर का धोती-कुर्ता पहने और आँखों पर गोल फ्रेम का चश्मा चढ़ाए ओंकार काका दिन भर उस टूटी हॉकी स्टिक को अपनी धुंधली आँखों से एकटक निहारते रहते थे। खेल मैदान में सुबह से ही आधुनिक ट्रैकसूट पहने नए खिलाड़ियों की भीड़ उमड़ रही थी, विदेशी कंपनियों की चमकती हुई नई फाइबर वाली स्टिक्स लहराई जा रही थीं और मंच पर बैठे नेताजी खेलों में करोड़ों के बजट का गुणगान कर रहे थे। उन नए खिलाड़ियों और अफसरों को उस कोने में टँगी धूल भरी पुरानी लकड़ी से कोई सरोकार नहीं था। मैदान का पुराना माली सुखिया जब भी पानी का पाइप सँभालते हुए उधर से निकलता तो काका की उस शांत मुद्रा को देखकर सहम जाता था। काका बहुत ही धीमी और कांपती आवाज में उससे पूछते क्यों रे सुखिया आज खेल दिवस के इस मेले में इस पुरानी लकड़ी के बदले कोई नया मैदान बनने का हुक्म आया क्या या आज भी सिर्फ मंच पर भाषणों की ट्रॉफी बाँटकर ही इतिश्री कर ली जाएगी? सुखिया बस अपनी नजरें झुका लेता और एक ठंडी गहरी साँस भरकर चुपचाप घास काटने में लग जाता था। खेल परिसर में हाल ही में राजधानी के बड़े खेल मंत्रालय से स्थानांतरित होकर आए नए जिला क्रीड़ा अधिकारी विक्रम राठौड़ बहुत ही कड़क, आधुनिक सोच के धनी और प्रशासनिक अनुशासन के पक्के अफसर माने जाते थे। विक्रम साहब जब भी अपनी चमकती हुई फाइलों के साथ नए एस्ट्रोटर्फ मैदान का मुआयना करने निकलते तो उनकी नजर सबसे पहले उसी चबूतरे पर बैठे ओंकार काका पर जाकर टिक जाती थी जिनकी आँखें हमेशा उस दीवार पर टँगी टूटी हॉकी स्टिक पर जमी रहती थीं।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 03अक्टूबर 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि- सप्तमी 09: 39 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र- आर्द्रा 03:52 उपरांत पुनर्वसु
योग- वरियान 15:21 उपरांत परिघ
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन मे रहेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 20तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपकी ऊर्जा और निर्णय क्षमता सराही जाएगी। व्यापार में नए सौदों से लाभ के योग बन रहे हैं।

वृषभ- प्रेम जीवन में सामंजस्य और निकटता बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में नए प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। व्यापार में पुराने संपर्कों से बड़ा लाभ मिल सकता है।

कर्क- दांपत्य जीवन में आपसी विश्वास और प्रेम बढ़ेगा। आय के अतिरिक्त स्रोत विकसित हो सकते हैं।

सिंह- भाग्य का साथ मिलेगा, रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं सफल हो सकती हैं।

कन्या- धर्म-कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। वित्तीय मामलों में स्थिति पहले से मजबूत होगी।

तुला- साझेदारी के कामों में सफलता और लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, मन में प्रसन्नता रहेगी।

वृश्चिक- व्यापार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से मुनाफा होगा। स्थिति सुदृढ़ होगी।

धनु- रचनात्मक और बौद्धिक कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी।

मकर- व्यापारिक निर्णयों में आपकी दूरदर्शिता काम आएगी। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

कुंभ- आर्थिक लाभ के नए अवसर सामने आएंगे। मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा बनी रहेगी।

मीन- आपकी मीठी वाणी से कार्यस्थल पर काम आसान होंगे। व्यापार में रुका हुआ धन वापस मिलने के योग हैं।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्र्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,26,500 पाट- 2,26,600।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।


आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

संजा का आठवां दिन

आज बनेगा शुभ का प्रतिक स्वस्तिक



संजा पर्व के आठवें दिन सप्तमी को सातिया (स्वस्तिक)बनाया जाएगा। यह शुभ का प्रतिक है। इसकी बनावट से लेकर घुमावों तक में यदि कोई चूक हो जाती है तो उसका घर-परिवार पर उल्टा असर गिरता है। इसीलिए स्वस्तिक बनाते समय बहुत सावधानी रखी जाती है। लड़कियों को सिखाया जाता है कि स्वस्तिक कैसे बनाया जाए? विवाह बाद बहू बनकर अपने ससुराल में भावी पीढ़ी की कामना हेतु हर मांगलिक कार्य करते समय इसे बनाना होता है।

संजा पर्व के सातवें दिन बनाए जानेवाले स्वस्तिक को लेकर बुजूर्गो में यह मान्यता है कि यदि यह ठीक बनता है तो घर में सबकुछ ठीक रहता है। पूजा के पूर्व भगवान का आव्हान करना हो या कलश बैठाना हो, स्वस्तिक बनाया जाता है। लाल कुमकुम से बने स्वस्तिक की सारी भुजाएं अमूमन बराबर रखी जाती है। ताकि हर तरफ संतुलन रहे। महिलाएं गोबर से संजा माण्डती लड़कियों को सिखाती है कि कैसे बनाया जाए। साथ ही स्वस्तिक बनाने के बाद उसे कुमकुम, हल्दी, अक्षत लगाकर पूजा जाता है। विवाह बाद लड़की जब ससुराल की दहलीज पर आती है तो उसके हाथों के छापे घर की दिवार पर बनवाए जाते हैं। इन छापों के समीप स्वस्तिक बनवाया जाता है। सास,दादी सास लेकर अन्य ससुराल की बुजूर्ग महिलाएं स्वस्तिक की आकृति देखकर मन ही मन समझ जाती है कि धर्म, संस्कृति तथा रीति रिवाजों को लेकर बहू की माता ने कितना सिखाया है।

यह बात संजा लोकपर्व से हटकर है लेकिन महत्वपूर्ण है, इसलिए पाठकों के समक्ष में है। तानाशाह हिटलर ने पूरे विश्व में गदर मचा दिया था। उस समय की महाशक्तियों को पानी पिला दिया था। हिटलर ने जब उंचाईयां छूना शुरू की तब तक सबकुछ ठीक रहा। जैसे ही उसने उल्टे स्वस्तिक को अपना राज चिंह बनाया, सबकुछ उल्टा होने लगा। हालात यह रहे कि विश्व विजेता की स्थिति में बढ़ने वाला हिटलर न केवल दिमागी तौर पर बीमार हुआ बल्कि उसे लगातार पराजय मिली और अंत में उसने आत्महत्या कर ली। यह सब उल्टे स्वस्तिक का नतीजा है। यह भी सही है कि उसे पता ही नहीं था कि भारतीय संस्कृति में स्वस्तिक का क्या महत्व है।

आज का गीत
संजा बई का लाड़ा जी
लुगड़ो लाया जाड़ा जी
ऐसी कई लातो दारी को
लातो गोट किनारी को
संजा बई तो ओल मोल
लुगड़ो लाया झोल मोल।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन


गले में कफ और बलगम कर रहा परेशान तो आजमाएं ये आसान उपाय

आपके वायुमार्ग में थोड़ा बलगम का होना अच्छा है। आपको उसे सुरक्षित और अपने टिश्यू को नम करने की जरूरत है। लेकिन जमाव का मतलब है आपके शरीर में बहुत ज्यादा बलगम होना। ये उस वक्त बनता है जब आपको सर्दी, साइनस या एलर्जी हो जाए या जब आप धुएं या प्रदूषकों में सांस लें।

मौसम में मामूली बदलाव आपकी सेहत को खराब कर सकता है। जब आपके आसपास पर्यावरण में परिवर्तन हो, तो जुकाम, खांसी और गले में कफ की समस्या होती है। इसका अहम कारण एलर्जी है। एलर्जी और बिना इलाज के स्थिति गले में कफ के आम कारण हैं। मौसम में बदलाव के साथ हमारे आसपास के पेड़ और पौधे पराग छोड़ते हैं, जिसके बदले में खांसी और बलगम का होता है।

कफ युक्त गला के कारण-

जैसा कि मौसम में बदलाव में आता है, तो सुबह की हवा सर्द हो जाती है और ये गले में कफ का प्रमुख कारण होता है। सर्द हवा या नमी मुक्त हवा हमारे नाक और गले में सूखापन पैदा कर सकती है। नमी को पूरा करने के लिए हमारा शरीर कफ बनाता है। ये कफ हमारे श्वसन तंत्र को



नमी और गर्मी देता है जो जलन को कम करता है।

सर्दियों में फ्लू, साइनस का संक्रमण और सामान्य जुकाम वायरल होते हैं जो गले में कफ का कारण बनता है। कमजोर इम्यूनिटी के कारण आप अक्सर बीमार पड़ते हैं जिससे गले में कफ की शिकायत होती है। आपके आसपास का सर्द वातावरण रोगाणुओं का खतरा भी बढ़ाता है, जो गले में कफ को बढ़ाता है। इसके जेनेटिक कारण भी हो सकते हैं। दूसरे संक्रमण भी गले में कफ की समस्या के जिम्मेदार होते हैं।

गले से कफ दूर करने के आसान उपाय-

- पोषण का सही इस्तेमाल, पर्याप्त पानी पीना, गैर जरूरी दिमागी तनाव से दूरी बरतकर आप समस्या का हल कर सकते हैं।
- शरीर और दिमाग को हेल्दी रखने के लिए शारीरिक व्याया बहुत महत्वपूर्ण है। अपनी उम्र और मेहनत के हिसाब से पर्याप्त नींद लें।
- दांतों को ब्रश करना सुबह में और रात के खाने के बाद सुनिश्चित करें। घर छोड़ते वक्त अपने मुंह और नाक को रूमाल से ढंक लें, बाहर के खाने से परहेज करें, विशेषकर कच्चे फल और सब्जियां और दूषित पानी न पीएं। अगर आपका गला खुरदुरा हो गया है, तो गुनगुने पानी में थोड़ा नमक डालकर गरारा करें।
- अदरक और काली मिर्च कफ पैदा कर गले को आराम देते हैं। बहुत ज्यादा ठंडा पानी ना पीएं, आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन कम करें।

धर्म-आस्था

गरबा बचा है या सिर्फ गरबे का बाजार?



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

कभी गरबे के बीच दीपक जलता था और उसके चारों ओर आस्था घूमती थी।आज दीपक वही है,लेकिन सवाल यह है,क्या उसके चारों ओर अब भी भक्ति घूम रही है,या प्रदर्शन? नवरात्रि आते ही शहरों की रातें रंगीन हो जाती हैं। चकाचौंध करती रोशनी, विशाल मंच,ऊँची आवाज में बजता संगीत,आकर्षक परिधान और हजारों की भीड़ सब मिलकर ऐसा दृश्य रचते हैं,जिसे देखकर लगता है कि गरबा पहले से कहीं अधिक भव्य हो गया है। लेकिन भव्यता और गरिमा एक ही चीज नहीं होती। गरबा बड़ा हुआ है या सिर्फ उसका बाजार बड़ा हुआ है? यह सवाल इसलिए जरूरी है क्योंकि गरबा हमारी संस्कृति में केवल नृत्य नहीं रहा। वह माँ शक्ति की आराधना रहा है। वह सामूहिकता का उत्सव है। वह अवसर रहा है जब उम्र और सामाजिक दूरी की दीवारें कुछ समय के लिए छोटी पड़ जाती थीं।

दीपक के चारों ओर घूमते कदम जीवन के उस चक्र का प्रतीक है,जिसके केंद्र में शक्ति और चेतना है। गरबा हमें सिखाता है कि जीवन कितना भी बदल जाए,मनुष्य को अपने मूल और अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए।लेकिन आज कहीं-कहीं तस्वीर बदलती दिखाई देती है। गरबा भक्ति से ज्यादा प्रदर्शन,संस्कृति से ज्यादा बाजार और सामूहिक आराधना से ज्यादा व्यक्तिगत आकर्षण का मंच बनता दिखाई दे रहा है। जब नृत्य से ज्यादा कैमरा महत्वपूर्ण हो जाए,जब आराधना से ज्यादा सोशल मीडिया पर दिखाई देना जरूरी लगने लगे,जब संस्कृति से अधिक फैशन चर्चा का विषय बन जाए और जब धार्मिक आयोजन भी इवेंट की भाषा में परिभाषित होने लगे तो सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या हम गरबा खेल रहे हैं,या गरबे के नाम पर अपना प्रदर्शन कर रहे हैं?

आज की डिजिटल दुनिया में पली-बढ़ी पीढ़ी है। उसके लिए उत्सव केवल मैदान में नहीं,मोबाइल की स्क्रीन पर भी दर्ज होता है। तस्वीरें और रील बनाना अपने आप में गलत नहीं,लेकिन सवाल यह है कि क्या हम उत्सव को जी रहे हैं या केवल उसे कैमरे के लिए रिकॉर्ड कर रहे हैं? नई पीढ़ी को संस्कृति से दूर करने के बजाय उसे यह समझाना होगा कि सोशल मीडिया पर एक रात की वायरल रील से कहीं अधिक मूल्यवान वह परंपरा है,जो पीढ़ियों तक जीवित रहती है। यहाँ आधुनिकता को कटघरे में खड़ा करना उद्देश्य नहीं है। समय बदलता है और परंपराएँ भी बदलती हैं। नई पीढ़ी नए संगीत और नए अंदाज के साथ उत्सव मनाए, इसमें कोई आपत्ति नहीं। लेकिन प्रश्न तब जन्म लेता है,जब बदलाव के साथ मूल भावना ही पीछे छूटने लगे।आधुनिक होना और अपनी जड़ों से कट जाना दो अलग बातें हैं। पहनावा व्यक्ति की पसंद है संगीत अभिव्यक्ति का माध्यम है उत्सव मनाने का तरीका भी समय के साथ बदल सकता है। लेकिन यदि आयोजन नवरात्रि और माँ शक्ति की आराधना के नाम पर है,तो उसमें श्रद्धा,गरिमा और सांस्कृतिक चेतना के लिए भी स्थान होना चाहिए।आयोजकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। नवरात्रि को केवल भीड़,प्रायोजन, टिकट और मनोरंजन का विशाल बाजार बना देना आसान है,किंतु उसके भीतर संस्कृति की लौ जलाए रखना कठिन है। मंच कितना भी बड़ा हो,संस्कृति उससे बड़ी रहनी चाहिए।

युवाओं को रोकना समाधान नहीं है उन्हें जोड़ना समाधान है। उन्हें यह बताना होगा कि संस्कृति कोई पुरानी किताब नहीं,जिसे अलमारी में बंद कर दिया जाए। संस्कृति वह स्मृति है,जो हमें बताती है कि हम कौन हैं और हमारी पहचान की जड़ें कहाँ हैं। आने वाली पीढ़ी को केवल यह मत सिखाइए कि गरबे के कदम कैसे मिलाने हैं। उसे यह भी बताइए कि उन कदमों के केंद्र में जलता दीपक क्या कहता है। क्योंकि जिस दिन गरबे में ताल होगी,लेकिन भक्ति नहीं,रोशनी होगी,लेकिन संस्कृति नहीं,भीड़ होगी,लेकिन सामूहिक चेतना नहीं उस दिन प्रश्न केवल गरबे पर नहीं,हमारी सांस्कृतिक समझ पर भी होगा। हमें गरबा रोकना नहीं है। हमें आधुनिकता से डरना नहीं है। हमें उत्सव की भव्यता कम नहीं करनी है लेकिन हमें यह अवश्य तय करना है कि चमक बढ़े तो बढ़े,पर संस्कृति धुंधली न हो। संगीत बदले तो बदले,पर आस्था दबे नहीं। कदम नए हों तो हों,लेकिन उनका संबंध उस दीपक से बना रहे,जिसके चारों ओर गरबे की परंपरा सदियों से घूमती आई है। क्योंकि गरबा केवल पैरों की थिरकन नहीं पीढ़ियों की स्मृति है और यदि उस स्मृति से भक्ति निकल गई,तो हमारे पास गरबा नहीं,केवल एक चमकदार आयोजन बच जाएगा।



पितृ पक्ष में वृद्ध दिवस पर बुजुर्गों को कराया भोजन

शुजालपुर। डिवाईन महिला मंच की ओर से पितृ पक्ष में वृद्ध दिवस के अवसर पर जटा शंकर रोड स्थित वृद्धाश्रम में सेवा कार्य किया गया। मंच की सदस्यों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों को भोजन कराया और उनके साथ समय बिताया। इस अवसर पर मंच अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल सहित अंजू खत्री, शोभा जैन, शीतल विजयवर्गीय, अर्चना दवे, शांति बागड़ी और ज्योति अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। महिलाओं ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और उनके साथ समय बिताना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

शिवराज ने एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई दी

देवास। देवास के जय मीणा ने जापान में हुए एशियन गेम्स में सॉफ्ट टेनिस में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा है। इस उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें वीडियो कॉल पर बधाई दी। जय मीणा के देवास स्थित घर पर परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में शिवराज सिंह चौहान का वीडियो कॉल आया। केंद्रीय मंत्री ने जय से कहा, आपको विजय के लिए बहुत-बहुत बधाई। आपने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। उन्होंने आगे कहा कि यह मंजिल नहीं, बल्कि आगे की शुरूआत है। शिवराज ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके 'भांजे' जय ने देश और मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है। जय ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया। इस मौके पर घर में खुशी का माहौल रहा और परिवार ने जय की उपलब्धि पर खुशी जताई।

गंधर्वपुरी में वरिष्ठ पेंशनर सदस्य का सम्मान किया

देवास। गंधर्वपुरी में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ पेंशनर संघ की सदस्य जसोदा बाई चौधरी का पेंशनर संघ के अध्यक्ष नाथूलाल राठौर ने चौधरी के निवास स्थान पर जाकर शाल-श्रीफल भेंट कर पुष्प मालाओं से सम्मान किया। उनका आशीर्वाद लिया। हर वर्ष 1 अक्टूबर को विश्व वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर संगीता चौधरी, सुधीर चौधरी, सहायक सचिव पीयूष चौधरी उपस्थित थे।

पिता की डांट से 13 साल की बच्ची रातभर घर के पीछे बैठी रही

अकोदिया। पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर निकली 13 साल की लड़की को गुलाना चौकी पुलिस ने ढूंढ लिया है। उसे परिजन को सौंपा गया है। घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे की है। लड़की अकेले दुकान से सामान लेने गई थी, जिस पर घर लौटने के बाद पिता ने उसे अकेले जाने को लेकर डांट दिया। पिता की डांट से आहत होकर बालिका बिना बताए घर के पीछे जाकर बैठ गई और रातभर वहीं छिपी रही। इसके बाद अगली सुबह वह वहां से कहीं निकल गई। सुबह जब परिजन को बेटी घर पर नहीं दिखी, तो उन्होंने खोजबीन शुरू की और थाना सलसलाई में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। तुरंत टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने गांव में पूछताछ की और एक ग्रामीण की सटीक सूचना पर बच्ची को ढूंढ निकाला। पुलिस की सलाह-डांटने के बजाय प्यार से समझाएं

फर्जी वाहन मालिक बनकर ट्रांसपोर्ट कारोबारी से 30 हजार की ठगी

शुजालपुर। मिर्ची बाजार शुजालपुर में ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले कारोबारी अनिल ठाकुर के साथ ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है, आरोपी ने फ र्जी वाहन मालिक बनकर 30 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी की। आरोपी ने खुद को नागपुर निवासी अजय भीमनाथ वाडेकर बताते हुए पिकअप वाहन के दस्तावेज व्हाट्सऐप पर भेजे और भोपाल से तमिलनाडु के उदनगुड़ी तक माल पहुंचाने का 33 हजार रुपए में सौदा तय किया। माल लोड होने के बाद आरोपी ने वाहन मालिक का खाता किस्त बकाया होने से माइनस में होने की बात कही और दूसरे फ ोन पे नंबर पर भुगतान करने को कहा। कारोबारी ने 4 अगस्त को 18 हजार और 5 अगस्त को 12 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल में 11 रक्तवीरों ने किया महादान

किसी की रगों में बहकर उसे नया जीवन देना ही सच्ची इंसानियत, गूंजा रक्तदान का संकल्प

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



अस्पताल के बिस्तर पर जिंदगी और मौत के बीच जूझते किसी अनजान मरीज के लिए खून की कुछ बूंदें संजीवनी का काम करती हैं। समाज में इसी संजीवनी की अहमियत को जन-जन तक पहुंचाने और इंसानियत के सबसे बड़े धर्म को निभाने के उद्देश्य से जिलेभर में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुरूवार को जिला चिकित्सालय शाजापुर एवं जे.एन.एस. कॉलेज, शुजालपुर में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों, छात्र-छात्राओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने एक स्वर में नियमित और स्वैच्छिक रक्तदान करने की शपथ ली।

रक्तदान के इस संकल्प को केवल शब्दों तक सीमित न रखते हुए, जिला चिकित्सालय शाजापुर में विशेष रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 11 यूनिट रक्तदान कर समाज के सामने एक बेहतरीन मिसाल पेश की। यह एकत्रित रक्त आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के काम आएगा।

कार्यक्रम के दौरान डॉ एसडी जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को रक्तदान से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों और इसके फायदों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी के घर का चिराग बुझने से बचा सकता है। उन्होंने रक्तदान को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

एक टीम, एक लक्ष्य...

आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम जनता में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति एक नई अलख जगाना था। कार्यक्रम का समापन स्वास्थ्य विभाग के इस सशक्त और प्रेरक नारे के साथ हुआ ह्लएक टीम, एक लक्ष्य जीवन बचाना हमारा कर्तव्य। रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी ने अंत में यह संदेश दोहराया कि मानव सेवा के इस यज्ञ में रक्तदान ही सबसे बड़ा महादान है।

पवित्र वसुधा आनंद क्लब ने वृद्धाश्रम में किया पौधारोपण, लिया संरक्षण का संकल्प

शाजापुर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर पवित्र वसुधा आनंद क्लब द्वारा स्थानीय वृद्धाश्रम में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरूवार सुबह 7 से 8 बजे तक चले इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ ही बुजुर्गों का सम्मान किया गया। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य से इस दौरान वृद्धाश्रम परिसर में आम और जामुन के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में पवित्र वसुधा आनंद क्लब के प्रतिनिधि आनंदक मनोज कुमार जायसवाल, कमलेश सिलोदिया, मंजू सिलोदिया और बाल सहयोगी कु. निधि जायसवाल विशेष रूप से मौजूद रहीं। इनके साथ वृद्धाश्रम के सभी वृद्धजनों और स्टॉफ ने भी उत्साह एवं उमंग के साथ पौधारोपण में हिस्सा लिया। उपस्थितजनों ने पौधे लगाते हुए यह कामना की कि भविष्य में इन वृक्षों से राहगीरों और अन्य लोगों को शीतल छांव तथा मीठे फल प्राप्त हो सकें। इस पुनीत कार्य के माध्यम से सभी ने पर्यावरण के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और रोपे गए पौधों के नियमित संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर क्लब के सदस्यों ने सभी वृद्धजनों का आत्मीय अभिवादन किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

आँगनवाड़ी के बच्चों के खिले चेहरे, कॉलेज के विद्यार्थियों ने बांटे स्लेट, चॉक और पौष्टिक आहार

शाजापुर। शहर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सेवा संकल्प अभियान के तहत एक सकारात्मक पहल की। कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों ने ज्योति नगर वार्ड-26 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लिया और वहां पहुंचकर बच्चों को पौष्टिक आहार के साथ-साथ पढ़ाई की सामग्री बांटी। अभियान के संयोजक डॉ. बी.एल. मालवीय के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में करीब 20 बच्चों को लाभान्वित किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बच्चों को खाने के लिए बिस्किट और केले बांटे। इसके अलावा नौनिहालों में शिक्षा के प्रति रुचि जगाने के उद्देश्य से उन्हें पेन, कॉपी, स्लेट, चॉक और खिलौने भी वितरित किए गए। अचानक नई स्लेट और खिलौने पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रचना जादौन, संध्या सक्सेना, रेखा परमार और सहायिका दीपिका योगी, रेखा केसवाल प्रो. ज्योति, एनएसएस के स्वयंसेवक और मोहल्ले के रहवासी भी मौजूद थे।

नुक्कड़ नाटक से जन-जागरूकता का संदेश, बी.के.एस.एन कॉलेज में आयोजन

शाजापुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बीकेएसएन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जन-जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ. एस.के.तिवारी के मार्गदर्शन में, प्रशासनिक अधिकारी प्रो. मीनू गिडवानी और नोडल अधिकारी डॉ. अर्चना वर्मा के दिशा-निर्देशन में महाविद्यालय की एनसीसी और रासेयो इकाई के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक में सहभागिता की। इस दौरान प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नुक्कड़ नाटक जनजागरूकता का अच्छा माध्यम है। आप समाज उपयोगी, जनउपयोगी विषयों को नुक्कड़ नाटक में शामिल कर जनजागरूकता का कार्य करेंगे। संयोजक डॉ. श्वेता चौहान ने बताया कि एनसीसी इकाई के छात्र-छात्राओं ने वोकल फार लोकल पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस नाटक में बुलबुल राजपूत, मधुबाला परमार, जया सूर्यवंशी, निशा राजपूत, पायल फुलेरिया, खुशबु बराडा, अंजली राठौर, बालकृष्ण और केशव ने सहभागिता की। इसी प्रकार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। इस दौरान पॉलीथीन के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया गया।

सिंधिया की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर किया स्मरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र जोशी के निवास कर्मयोगी भवन पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. सिंधिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया।

इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके व्यक्तित्व और सार्वजनिक जीवन में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद किया। कार्यकर्ताओं ने माधवराव सिंधिया अमर रहें के नारे भी लगाए। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, पार्षद बल्ला सोनी, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष हसन रजा कुरैशी, शहर अध्यक्ष रईस पठान, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष कैलाश कुशवाह, पार्षद प्रतिनिधि सिद्दीक पठान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी अरविंद सिंह देवड़ा, शहर उपाध्यक्ष सर्वजीत सिंह राजपाल, बीएलए 2 अनिल अग्रवाल, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम सिंह बाढ़पुर, पीयूष शर्मा, आमीन खान, इस्लाम अंसारी सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया में गांधी जयंती पर गुरुवार को नगर परिषद ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क नगर के स्मारकों और बस स्टैंड परिसर समेत कई स्थानों की सफाई की गई। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान में अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद परमार, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नरेंद्र मेहता, पार्षदगण, नागरिक और नगर परिषद कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। नगर परिषद कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने और स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पार्क परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।



विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

स्वच्छता के साथ सौर ऊर्जा के महत्व की दी जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को जॉय किड्स हाई सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने शुजालपुर रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों ने स्टेशन परिसर में साफ.-सफ ाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और यात्रियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लोगों को सौर ऊर्जा के महत्व की जानकारी देते हुए बिजली की बचत के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया। साथ ही लोगों से अपने आसपास के स्थानों को स्वच्छ रखने और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की। अभियान में स्टेशन मास्टर अशोक कुमार यादव, आरपीएफ एसआई संदीप कपूर एवं पॉइंटमैन अभिषेक का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने रेलवे स्टाफ एवं विद्यार्थियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

निष्पक्ष जांच-कार्रवाई के लिए कोर्ट जाएंगे; कलेक्टर को पत्र भेजा

बगलामुखी भक्त मंडल का धरना 10वें दिन खत्म

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



आगर मालवा के नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर के पास 19 सितंबर को नाले में तेज बहाव के दौरान दर्शनार्थियों की कार बह गई थी। इसमें हुई 8 लोगों की मौत के मामले में मां बगलामुखी भक्त मंडल ने गांधी जयंती पर अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया है। मंडल ने निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग दोहराते हुए अब न्यायालय की शरण लेने की बात कही है।

मंडल ने कहा कि हादसे के समय पुलिया के ऊपर पानी था और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। मंडल के अनुसार यह जांच का महत्वपूर्ण बिंदु है। निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री, गृह मंत्री के साथ संभागायुक्त, कलेक्टर और एसपी को पत्र भेजे गए हैं।

मंडल के मुताबिक, 1 अक्टूबर को तहसीलदार के माध्यम से कलेक्टर का पत्र मिला। मंडल का कहना है कि पत्र में जांच की स्थिति स्पष्ट नहीं की गई थी। नलखेड़ा क्षेत्र के अधिकारियों को जांच में शामिल किए जाने पर भी मंडल ने सवाल उठाए और किसी अन्य डिविजनल मजिस्ट्रेट से जांच कराने की मांग की।

मंडल ने आंदोलन में सहयोग करने वाले नागरिकों, व्यापारियों, पत्रकारों, राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों का आभार जताया। अब प्रशासन के पत्र का परीक्षण करने के बाद आगे की रणनीति तय करने की बात कही गई है।

23 सितंबर से चल रहा था धरना

भक्त मंडल के अनुसार हादसे के बाद 23 सितंबर से शांतिपूर्ण धरना शुरू किया गया था। 27 सितंबर को प्रशासन के साथ हुई बातचीत में जांच समिति गठित कर 7 दिन में जांच पूरी कराने का आश्वासन मिलने की बात मंडल ने कही। मंडल का कहना है कि समिति का गठन नहीं होने के कारण धरना जारी रखा गया।

एड्स : विद्यार्थियों को किया जागरूक

शुजालपुर। सघन जागरूकता अभियान के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मकान म्युनिसिपल नंबर 6/1. लालबाई फुलबाई मार्ग, गली नंबर 3, मोहल्ला उदुर्पुरा, उज्जैन क्षेत्रफल 60.59 वर्गमीटर को श्रीमती रामकन्याबाई पति श्री सुरजमलजी के द्वारा क्रय किया गया है. जिसका पंजीकृत दस्तावेज क्रमांक 3086 तारीखी 27/01/1982 है। श्री रामकन्याबाई का स्वर्गवास दिनांक 02/02/2021 को हो गया है। 1) चन्द्रशेखर साँखला पिता श्री सुरजमलजी साँखला, 2) सुनीता गेहलोत पुत्री श्री सुरजमलजी, 3) मनोरमा पुत्री सुरजमलजी साँखला, 4) कमल साँखला पिता श्री सुरजमलजी साँखला अपने आपको रामकन्याबाई के उत्तराधिकारी होना बताते है। स्वर्गीय रामकन्याबाई के उक्त उत्तराधिकारीयों के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी हो जो उक्त मकान में हित रखते हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिन की अवधि के अंदर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा एल. आई. सी. हाउसींग फाईनेंस लिमिटेड, उज्जैन के द्वारा उक्त मकान म्युनिसिपल नंबर 6/1, लालबाई फुलबाई मार्ग, गली नंबर 3, मोहल्ला उदुर्पुरा, उज्जैन क्षेत्रफल 60.59 वर्गमीटर को बंधक कर वर्तमान स्वामी कमल साँखला पिता श्री सुरजमलजी को ऋण प्रदान कर दिया जावेगा व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो। इति दिनांक- 02/10/2026 ई., स्थान उज्जैन

(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक
1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन
फोन - 2554829, 94253-80339

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, ग्राम जाफला तह. बड़नगर पटवारी हल्का नंबर 00175, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के भुमि सर्वे क्रमांक 365 रकबा 0.040 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 366/1 रकबा 0.460 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 360 रकबा 0.950 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 364/1 रकबा 0.040 हेक्टेयर, भुमि सर्वे क्रमांक 361 रकबा 0.350 हेक्टेयर मे से रकबा 0.270 हेक्टेयर कुल रकबा 1.840 हेक्टेयर मे से रकबा 1.760 हेक्टेयर पर निर्मित पूर्णतः वैध एवं विकसित आवसीय कॉलोनी बृज भुमि कॉलोनी जो कि, पाला रोड़ पर राजपुत बोर्डिंग एवं चौधरी कॉलोनी के पास नगर पालिका सीमाक्षेत्र बड़नगर में स्थित है जिसमे LIG एवं EWS के भुखण्ड निम्न आय वर्ग श्रेणी में आने वाले जिस किसी भी व्यक्ति को क्रय करना हो मय दस्तावेज के बृज भुमि कॉलोनी बड़नगर के ऑफिस मे आकर संपर्क करें एवं 15 दिवसो में भूखण्डो की बुकिंग सुनिश्चित करें। अन्यथा बाद मे किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

अर्जुन राठौड़ एडव्होकेट
37, राधाकृष्ण कालोनी बड़नगर
मो. 9098883779

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल कृषि भूमि जो मध्य प्रदेश राज्य के जिला उज्जैन, तहसील उज्जैन नगर के अंतर्गत ग्राम कस्बा उज्जैन, पटवारी हल्का कस्बा उज्जैन (प.ह.नं. 5) में स्थित है: खाता क्रमांकः 2169 खसरा / सर्वेक्षण संख्यांकः 2680/1/1/1/1/1 कुल रकबाः 1.6730 हेक्टेयर में से (अनुबंधित भाग सर्वे नंबर 2680/1/1/1/1- अनुबंधित रकबा 0.418 हेक्टेयर / 2 बीघा) चतुःसीमा (अनुबंधित भाग): पूर्व में: सड़क पश्चिम में: नाला उत्तर में: बड़नगर वालों की भूमि दक्षिण में: श्री इंद्रदेव पुरी महाराज जी की भूमि, को उसके वर्तमान दर्ज भूमिस्वामियों/विक्रेताओं (1) अब्दुल वहीद (अब्दुल विसद), पिता अब्दुल रफीक (2) मोहम्मद शाहीद, पिता मोहम्मद शब्बीर (3) साजिद, पिता शब्बीर (4) सलीम भाई, पिता उस्मान बख्श (5) अब्दुल शरीफ (शरीफ), पिता अब्दुल रफीक (6) भूरे पिता उस्मान बख्श (7) अब्दुल रशीद, पिता अब्दुल रफीक (8) अब्दुल अजीज, पिता अब्दुल गफूर (9) अब्दुल हमीद (10) अफरोज बी, पति / पिता अब्दुल गफूर (11) मेहरून्निशा शब्बीर समस्त निवासी उज्जैन (मध्य प्रदेश), ने उक्त भूमि को पूर्ण स्वामित्व, स्वत्व, अधिपत्य एवं अंतरण के निर्विवाद अधिकार सहित विक्रय करने हेतु मेरे पक्षकार के साथ लिखित अनुबंध पत्र निष्पादित किया है।

यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय प्रतिष्ठान, सरकारी अथवा गैर-सरकारी निकाय का उक्त वर्णित भूमि अथवा उसके किसी अंश पर किसी भी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार, हित, हिस्सा, आधिपत्य, विक्रय, दान, वसीयत, बंधक, दृष्टिबंधक, रहन, पट्टा, लीज, भार, ऋण, प्रभार, न्यायालयीन वाद, निषेधाज्ञा (स्टे), पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण अधिकार, अग्रिम बयाना, शासकीय अधिग्रहण इत्यादि संबंधी कोई भी वैधानिक आपत्ति या दावा हो, तो वह व्यक्ति या संस्था इस सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिनों के भीतर अपने दावे अथवा आपत्ति के समर्थन में समस्त मूल / प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्यों सहित अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिवक्ता को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में प्रस्तुत करे।

नियत अवधि 7 (सात) दिवस समाप्त होने के पश्चात यह मान लिया जाएगा कि उक्त भूमि पर किसी का कोई हक, अधिकार, हित या भार शेष नहीं है तथा यदि कोई अधिकार था तो वह सर्वथा त्याग दिया गया है। तदुपरांत मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेताओं के पक्ष में शेष प्रतिफल का भुगतान कर विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का संपादन एवं निष्पादन करवा लिया जाएगा तथा तत्पश्चात प्रस्तुत की गई कोई भी आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार अथवा उक्त संपत्ति के स्वत्व पर बंधनकारक नहीं रहेगा। दिनांकः 1.10.2026 स्थानः उज्जैन

निखिल कोचर (अधिवक्ता)
34, सुभाष पथ, महिदपुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) 456443
मोबाइलः 9926966661

जाहिर सूचना का प्रतिवाद

दैनिक समाचार पत्र दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित जाहिर सूचना दिनांक 26/09/2026 का प्रतिवाद :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट के द्वारा दिनाक 26/09/2026 को दैनिक अवन्तिका समाचार पत्र के पृष्ठ क्रमांक 8 पर एक जाहिर सूचना का प्रकाशन कराया गया जिसमें उन्होने मेरे पक्षकार श्री बजरंग दास पिता स्व. श्री अम्बाराम बैरागी एवम श्रीमती कौशल्याबाई पति श्री बजरंगदास बैरागी निवासीगण चन्द्रशेखर आजाद मार्ग गली नं. 8 उज्जैन के स्वामित्व, स्वत्व एवम आधिपत्य का भवन क्रमांक 19/2 पर निर्मित एक दुकान जो सिद्धसेन मार्ग पर स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 13.41 वर्गमीटर हैं उक्त दुकान के विक्रय एवम् हवाई हक शामिल होना बताया गया है जाहिर सूचना के माध्यम से उन्होने अपने पक्षकार श्री सुनिल राजवानी पिता श्री जर्नादन राजवानी निवासी-134, शिवांस पेराडाईस आगर रोड़ उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया होना बताया है और अनुबंध अनुसार बयाना देना भी जाहिर सूचना में दर्शित किया गया हैं जबकि मेरे पक्षकारगण ने श्री सुनिल राजवानी से अपने स्वामित्व एवम आधिपत्य की दुकान का कोई विक्रय अनुबंध नही किया है और ना ही कोई बयाना राशि उपरोक्त सम्पत्ति पेटे मेरे पक्षकारगण ने सुनिल राजवानी से प्राप्त की है वास्तविक स्थिति यह है कि सुनिल राजवानी एवम् संजय अग्रवाल पिता श्री सिद्धनाथजी अग्रवाल मेरे पक्षकारगण के पड़ोसी हैं और मेरे पक्षकारगण के सुनिल राजवानी और संजय अग्रवाल से पारिवारिक संबंध हैं। इन्हीं संबंधो का नाजायज फायदा उठाते हुए सुनिल राजवानी और संजय अग्रवाल ने मेरे पक्षकार को यह आश्वासन दिया कि वे मेरे पक्षकार की उपरोक्त सम्पत्ति पर 1 प्रतिशत की दर से दो माह के भीतर 15 लाख रुपएं का लोन करवा देगे चूंकि मेरे पक्षकार को अपना पुराना कर्जा चुकाने के लिए रूपयों की आवश्यकता थी इस करण से मेरे पक्षकारगण सुनिल राजवानी और संजय अग्रवाल की बातो पर विश्वास करके कुछ कोरे कागजों पर श्री भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट के आफिस में जाकर हस्ताक्षर कर दिये और इन दोनों ने मेरे पक्षकारगण की सम्पत्ति के असल दस्तावेज भी (अपने पास यह कहकर रख लिये हैं कि हम तुम्हे अतिशीघ्र लोन करवा देगे लेकिन लगभग 24 दिन बीत जाने के बाद भी इन दोनो ने मेरे पक्षकारगण का ना तो कोई लोन कराया है और ना ही उन्हें सम्पत्ति के असल दस्तावेज वापस कर रहें है और उनके द्वारा मेरी बहुमूल्य सम्पत्ति को हड़पने की नियत से इस जाहिर सूचना का प्रकाशन कराया गया जो कि असत्य एवम मिथ्या वर्णन है जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही है। मेरे पक्षकार इस संबंध में सुनिल राजवानी और संजय अग्रवाल के विरूद्ध पुलिस एवम न्यायालयीन कार्यवाही भी कर रहें है। सूचित हो । इति दिनांक 02/10/2026

एम.एस. खान एडवोकेट
निवास : महाकाल मार्ग, उज्जैन मोवा- 9691867494

कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

सूचना क्र./150/ लोनिवि/26 — देवास, दिनांक 29/09/2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईड http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेन्डर आई.डी.	कार्य का नाम व स्थान	कार्य की लागत एवं समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि
1	2026-UAD_539406_1	वार्ड क्र. 11 में पियूष राजपूतजी, प्रशांत मिश्रा जी एवं अमित काकाजी के मकान के सामने स्थित सेक्टर में रिफ. पेवर्स ब्लाक लगाने का कार्य (द्वितीय निविदा)	60 दिवस 14,48,000/	2,000/- 10,860/-	12.10.2026
2	2026-UAD_539446_1	वार्ड क्र. 24 जयश्री नगर में मनकामनेश्वर मंदिर के पास सामुदायिक भवन एवं शौचालय निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा)	60 दिवस 7,66,000/	2,000/- 7,660/-	12.10.2026
3	2026-UAD_539470_1	वार्ड क्र. 41 परमानन्द कालोनी में सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	60 दिवस 9,95,000/	2,000/- 9,950/-	12.10.2026
4	2026-UAD_539369_1	शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 खारी बावड़ी में रूफ वाटर प्रुफिंग, पेंटिंग फ्लोरिंग एवं शेड रिपेयरिंग कार्य। (द्वितीय निविदा)	60 दिवस 5,00,000/	2,000/- 5,000/-	12.10.2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

भाजपा नेता के रिश्तेदार ने फायर कर लूटी शराब

टीकमगढ। टीकमगढ़ में चार बदमाशों ने शराब दुकान के कर्मचारी पर कट्टे से फायर कर दिया। इसके बाद दुकान के अंदर घुसकर शराब की बोतलें लूटीं और गानों की धुन पर डांस करते हुए भाग गए। घटना देहात थाना क्षेत्र के बाबरी स्थिति मोहनगढ़ तिराहे की है। फायरिंग और लूट की यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शुक्रवार को इसका वीडियो सामने आया है। घटना गुरुवार रात करीब 8:45 बजे की है। आशीष शिवहरे (निवासी नौगांव) की कंपोजिट शराब दुकान पर कर्मचारी भूपेंद्र राय बैठा था, तभी चार बदमाश वहां पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि बाहर खड़े एक बदमाश ने खिड़की से कट्टा अड़ाकर सीधे कर्मचारी पर फायर कर दिया। गोली कर्मचारी के सिर के ठीक पास से गुजरती हुई पीछे रखी शराब की बोतलों में जा लगी। इसके बाद तीन बदमाश दरवाजा खोलकर दुकान के अंदर दाखिल हो गए। दुकान के अंदर दाखिल हुए बदमाशों ने करीब 15 से 20 मिनट तक तांडव मचाया। फुटेज में बदमाश दुकान के भीतर बज रहे गानों की धुन पर बेखौफ होकर डांस करते नजर आ रहे हैं। कर्मचारी को धमकाते हुए बदमाशों ने कहा- अपने ठेकेदार से कह देना कि कुलदीप आया था और शराब की बोतलें चाहिए थीं। इसके बाद आरोपी अंग्रेजी शराब की महंगी बोतलें उठाकर आसानी से फरार हो गए। घटना के बाद घबराए कर्मचारी ने तुरंत ठेकेदार और देहात थाना पुलिस को सूचना दी।

गांधी जयंती पर शिक्षक संयुक्त मोर्चा का उपवास

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन

दैनिक अवन्तिका » गुना

मध्य प्रदेश अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शुक्रवार, 2 अक्टूबर को जिला गुना के शिक्षकों ने गांधी जयंती के अवसर पर बापू पार्क में उपवास एवं धरना दिया। कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा प्रमुख रूप से पांच मांगें रखी गईं। इनमें टेट परीक्षा रद्द करने तथा तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर विधानसभा में विधेयक पारित करने, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करने, ई-अटेंडेंस व्यवस्था बंद करने, पुरानी पेंशन बहाल करने तथा सेवानिवृत्ति के समय नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना कर पूर्ण ग्रेच्युटी एवं अन्य देय लाभों का भुगतान करने की मांग शामिल रही।

कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक रमेश चंद्र अहिरवार, प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र भार्गव, धर्मेंद्र रघुवंशी, राम सिंह धाकड़, कीर्ति मोरोलिया, अर्चना रघुवंशी, ज्योति मांझी, केपी त्यागी एवं प्रशांत भार्गव सहित अन्य पदाधिकारियों ने उपवास रखा। धरना स्थल पर उपस्थित विभिन्न संयोजकों ने अपनी मांगों और संगठन की आगामी रणनीति को लेकर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सरकार और अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के बीच अंतिम वार्ता होने तक गुना जिले के समस्त शिक्षक संवर्गों द्वारा परीक्षा फॉर्म नहीं भरने का सामूहिक संकल्प लिया गया। धरने के समापन के बाद उपस्थित शिक्षकों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की स्मृति में 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम' का सामूहिक जाप किया।



कार्यक्रम में महेंद्र सिंह मीणा, हरिबल्लभ भार्गव, अमरीश कश्तवार, नीलम सिंह सहरिया, संजय व्यास, रविंद्र भार्गव, हिम्मत सिंह चौहान, मिट्ठूलाल जाटव, सुनील धाकड़, लक्ष्मीनारायण धाकड़, उर्मिला जामोद, शैलेंद्र गौड़, मांगीलाल कुशवाहा, संतोष मोरोलिया, अर्चना रघुवंशी, वीरेंद्र किरार, मुकेश तिवारी, जगदीश प्रसाद अहिरवार एवं कैलाश सिंह किरार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

नशा, शिक्षा, समाज एकता के लिए गांव गांव में जागरूकता का लिया संकल्प

गुना। बमोरी क्षेत्र के ग्राम विसोनिया में गांधी जयंती मनाई गई। इस मौके पर सबसे पहले गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात गांधी जयंती पर सहरिया समुदाय ने नशा, शिक्षा, समाज एकता के लिए गांव गांव में जागरूकता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर समाजिक कार्यकर्ता सूरज सहरिया ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमेशा सत्य, हिंसा के पुजारी थे। उनके द्वारा कहा था कि अन्तिम व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिए, गांव मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। आज भी सहरिया आदिवासी समाज अपने जीवन जीने के संसाधनों से वंचित हैं। ग्राम परवाह के पूर्व सरपंच नंदकिशोर ने गांधी का गीत गाया और कहा जिस तरह गांधी ने देश को आजादी दिलाई उसी प्रकार हम भी गांधी जयंती पर संकल्प लेते हैं की सहरिया आदिवासी समाज को नशा से दूर रहने, अपने बच्चों को शिक्षा, समाज एकता को लेकर जगरूक किया जायेगा। गांधी का प्रिया रघुपति राघव राजा गीत राजाराम सहरिया द्वारा गया गया है। कार्यक्रम में अमरसिंह, मांगीलाल, धमेंद्र सुक्का, अशोक, पप्पू आदि बड़ी संख्या में शामिल रहे।

पत्नी की छाती पर चढ़कर गला रेता : मौत

छतरपुर। छतरपुर में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे पति ने दोस्त के साथ अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर दिया। छाती पर चढ़कर सिर और गर्दन पर करीब 15-20 वार किए। 5-7 बार लातें मारीं और जमीन पर पटककर घसीटा। गला रेतने की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। घटना अमलतास कॉलोनी की है। सिविल लाइन पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 27 वर्षीय ज्योति चौरसिया के रूप में हुई है। वह मूल रूप से महाराजपुर की रहने वाली थी। करीब एक महीने पहले ही अमलतास कॉलोनी में किराए के मकान में रहने आई थी। पास के होटल में वेटर का काम करती थी।हत्या के बाद ज्योति का पति लखन जोशी और दोस्त सोनू कुशवाहा उत्तर प्रदेश भाग गए थे। पुलिस ने दोनों को महोबा जिले के नानोरा गांव से गिरफ्तार कर लिया। लखन हाल ही में जेल से छूटकर आया था।

दुनिया के सबसे ऊंचे ब्रिज पर 100 किमी से दौड़ी ट्रेन

जम्मू। भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में 1178 फीट की ऊंचाई पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस को 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से सफलतापूर्वक क्रॉस कराया। इतना ही नहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस ने भारत के पहले केबल-स्टे वाले अंजी ब्रिज को भी 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रॉस किया। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका वीडियो भी शेयर कर इसे ऐतिहासिक पल बताया। इस सफल ट्रायल के बाद 111 किलोमीटर लंबे श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम ट्रेन की स्पीड को 75 किमी/घंटा से बढ़ाकर 100 किमी/घंटा कर दिया गया है।

संतोषी माता की मूर्ति तोड़ने की कोशिश की गई

हैदराबाद। हैदराबाद के दिलसुखनगर बस डिपो के पास शुक्रवार को एक व्यक्ति ने मंदिर में पुजारी पर हमला किया। उसने देवी की मूर्ति पर भी डंडे मारे। यह घटना संतोषी माता मंदिर में हुई। हालांकि मंदिर में मौजूद लोगों ने तुरंत आरोपी को पकड़ लिया। लोगों ने आरोपी की पिटाई की, फिर उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की मानसिक स्थिति की जांच भी करा रही है। आरोपी ने हमला क्यों किया, इसकी वजह अभी साफ नहीं हुई है। भारत में भारतीय न्याय संहिता, 2023 लागू है, इसके अध्याय XVI में धर्म से जुडे अपराधों के लिए सजा का प्रावधान है। धारा 298 के मुताबिक यदि कोई व्यक्ति किसी भी धार्मिक पूजा स्थल (जैसे मंदिर) को नष्ट, क्षतिग्रस्त या अपवित्र करता है। किसी धार्मिक पवित्र वस्तु (जैसे मूर्ति/प्रतिमा) को नुकसान पहुंचाता है। ऐसा करने के पीछे उसका उद्देश्य किसी धर्म का अपमान करना है, तो उसे दो साल की जेल, जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।

गांधीजी एवं शास्त्रीजी की जयंती पर पुष्प अर्पित

नीमच। शहर में साहित्यिक सांस्कृतिक सामाजिक गतिविधियों को गतिमान रखने में कृति संस्था नीमच का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । आज 2 अक्टूबर को स्थापना दिवस पर प्रात 11:00 बजे वयोवृद्ध एवं युवा सदस्यों, पदाधिकारी ने उपस्थित होकर स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष डॉ निर्मल उपाध्याय सचिन रघुनंदन पाराशर कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल सहित पूर्व अध्यक्ष किशोर जवेरिया, डॉ माधुरी चौरसिया, बाबूलाल गॉड, भरत जाजू, मनोहर सिंह लोढ़ा,डॉ. जीवन कौशिक, सत्येंद्र सक्सेना, प्रकाश भट्ट, अन्य पूर्व पदाधिकारी डॉ विनोद शर्मा, कमलेश जायसवाल, महेंद्र त्रिवेदी श्याम थोरेचा, श्याम टाकवाल, शरद पाटीदार, घनश्याम अम्ब आदि उत्साह के साथ उपस्थित रहे और महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए का उद्धार किया व शास्त्री जी के विचार जय जवान जय किसान तथा करो या मरो, पर विचार रखे द्य जिसमे संस्था द्वारा विगत 34 वर्षों में किए गए कार्यों का उल्लेख भी किया गया। संस्था के प्रारंभ कल में हुई गतिविधियों जिसमें सामाजिक बुराइयों के खिलाफ नुक्कड़ नाटक, वही प्रोढ शिक्षा के लिए अलख जगाने का काम संस्था द्वारा किए जाने पर चर्चा की गई। साथ ही संस्था के इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया।

शहर में दूध के दाम बढ़े, आज से 4 रूपए महंगा मिलेगा दूध, 66 रूपए प्रति लीटर हुआ नया भाव

कम बारिश और बढ़ती लागत को देखते हुए दूध विक्रेता संघ ने लिया फैसला

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

शहर में दूध के दाम बढ़ गए हैं। उज्जैन दूध विक्रेता संघ ने दूध के नए भाव तय कर दिए है। आज शनिवार, 3 अक्टूबर से शहर में दूध 66 रुपए प्रति लीटर की दर से बिकेगा। मौजूदा भाव के मुकाबले इसमें 4 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गई है।

वहीं किसानों और पशुपालकों से दूध की खरीदी 9.70 रुपए प्रति फैट की दर से की जाएगी। शुक्रवार 2 अक्टूबर को उज्जैन दूध विक्रेता संघ की बैठक अध्यक्ष मोहन वासवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाजार के मौजूदा हालात और दूध उत्पादन से जुड़े खर्चों पर मंथन किया गया । संघ के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष कम बारिश के कारण चारे की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसके साथ ही चारा, खली, डीजल और गैस के दाम बढ़ने से दूध उत्पादन और परिवहन की लागत भी बढ़ी है। इन परिस्थितियों को देखते हुए दूध की खरीदी और बिक्री के नए भाव निर्धारित किए गए हैं।

बैठक में सर्वसम्मति से किसानों से 9.70 रुपए प्रति फैट की दर से दूध खरीदने और उपभोक्ताओं को 66 रुपए प्रति लीटर की दर से दूध बेचने का निर्णय लिया गया। नई दरें आज 3 अक्टूबर से प्रभावी होंगी। बैठक में राजेश जवर, गगन जैन, प्रकाश खंडेलवाल, अशोक यादव, लकी तना, अभिषेक कक्कड़, दिलीप बैरागी और संजय कक्कड़ सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



कुछ डेयरी संचालकों ने बैठक से पहले ही उज्जैन में बढ़ा दिए दूध के दाम - बैठक से पहले ही शहर की कई दूध डेयरियों द्वारा बढ़ी हुई कीमत पर दूध बेचे जाने की बात सामने आई है। उज्जैन में कई डेयरी संचालकों ने पिछले दो-तीन दिनों से उपभोक्ताओं से नए रेट के अनुसार दूध के पैसे लिए। कुछ डेयरियों पर दूध की कीमत 66 रुपये प्रति लीटर तक वसूले जाने की जानकारी है। इसको लेकर कुछ उपभोक्ताओं ने आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि जब दूध के दाम बढ़ाने को लेकर संघ की बैठक 2 अक्टूबर को हुई, तो उससे पहले ही कुछ डेयरी संचालकों ने कीमत बढ़ाकर वसूली शुरू कर दी। उपभोक्ताओं ने इसे मनमानी बताते हुए सवाल उठाए हैं कि संघ के औपचारिक निर्णय से पहले ही बढ़े हुए दाम क्यों लिए गए।

सांदीपनि विद्यालय में स्वच्छता जागरूकता रैली एवं श्रमदान के साथ मनाया गया

गुना। मध्यप्रदेश शासन, लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. राठौर के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विद्यालयों में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज 02 अक्टूबर को विभिन्न स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में भी स्वच्छता अभियान उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ उन्हें स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर की स्वच्छता के साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छता जागरूकता रैली, श्रमदान, स्लोगन प्रतियोगिता, सिंगल यूज प्लास्टिक का चिह्नांकन एवं पुराने अनुपयोगी सामान के एकत्रीकरण जैसे विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया तथा इन गतिविधियों का प्रतीकात्मक रूप से क्रियान्वयन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर से बाहर तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण से संबंधित प्रेरक नारे लगाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। विद्यालय के प्रवेश द्वार के समीप एक छोटे क्षेत्र को चिन्हांकित कर वहां उगी खरपतवार एवं अनावश्यक वनस्पतियों की सफाई भी की गई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस कार्य में सक्रिय भागीदारी की।

अक्टूबर में भोपाल मंडल की 22 ट्रेनें कैंसिल, 23 रूट बदले

भोपाल। भोपाल रेलवे के अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर और रीमॉडलिंग कार्यों के कारण अक्टूबर में भोपाल मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। बीना-आगासौद यार्ड रीमॉडलिंग, कसारा में तीसरी रेल लाइन और कोटा जंक्शन पर चल रहे निर्माण कार्य के कारण 22 ट्रेनें पूरी तरह निरस्त रहेंगी। 23 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं, जबकि 2 ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी। बीना स्टेशन पर प्री-एनआई/एनआई कार्य और आगासौद यार्ड के काम के कारण दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के कुल 12 फेरे भी निरस्त रहेंगे।

रेलवे के अनुसार ये 22 ट्रेनें निरस्त रहेंगी-64618 ललितपुर-बीना मेमू- 15 अक्टूबर तक। 64617 बीना-ललितपुर मेमू-15 अक्टूबर तक। 61619 बीना-कटनी मुड़वारा मेमू-15 अक्टूबर तक। 61620 कटनी मुड़वारा-बीना मेमू-15 अक्टूबर तक।



12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस- 14 अक्टूबर तक। 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस- 15 अक्टूबर तक। 61611 बीना-रूठियाई मेमू-16 अक्टूबर तक। 61612 रूठियाई-बीना मेमू-16 अक्टूबर तक। 61625 बीना-रूठियाई मेमू-16 अक्टूबर तक। 61626 रूठियाई-बीना मेमू- 16 अक्टूबर तक। 12197 भोपाल-ग्वालियर इंटरसिटी-15 अक्टूबर तक। 12198 ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी-15 अक्टूबर तक। 11086 ग्वालियर-एसएमवीटी बेंगलुरु एक्सप्रेस- 9 अक्टूबर को। 11085 एसएमवीटी बेंगलुरु-ग्वालियर एक्सप्रेस-4 और 11 अक्टूबर को। 22161 भोपाल-दमोह राज्यरानी एक्सप्रेस- 9 से 15 अक्टूबर तक। 22162 दमोह-भोपाल राज्यरानी एक्सप्रेस-10 से 16 अक्टूबर तक। 22163 भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस-15 अक्टूबर को। 22164 खजुराहो-भोपाल महामना एक्सप्रेस- 15 अक्टूबर को। 01925 कानपुर सेंट्रल-मदुरै स्पेशल-7 और 14 अक्टूबर को। 01926 मदुरै-कानपुर सेंट्रल स्पेशल-3, 10 और 17 अक्टूबर को। 04149 प्रयागराज-यशवंतपुर स्पेशल- 7 और 14 अक्टूबर को। 04150 यशवंतपुर-प्रयागराज स्पेशल-3, 10 और 17 अक्टूबर को।

नवरात्रि में वैष्णो देवी की तर्ज पर गुफा के होंगे दर्शन

मंडलेश्वर। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नवरात्रि महोत्सव को लेकर ओंकार सेवा मिशन ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक आयोजन एवं झांकी निर्माण को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई।ओंकार सेवा मिशन ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन पाटीदार ने बताया कि मंदिर के सामने पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की तर्ज पर विशेष गुफा एवं झांकी का निर्माण किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को यहां मां वैष्णो देवी के दर्शन का धार्मिक अनुभव प्राप्त होगा।उन्होंने बताया कि कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से अखंड दिव्य ज्योत 5 अक्टूबर को मनोज शर्मा एवं उनके साथी लेकर आएंगे। यह दिव्य ज्योत गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित की जाएगी। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु मां के दर्शन के साथ अखंड दिव्य ज्योत के भी दर्शन कर सकेंगे।

जाहिर सूचना

श्रीमती सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्रीमती रज़िया बी पति श्री अच्छु खान, निवासी 25/4, अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूमि नगर पालिक निगम क्रमांक 25/4 स्थित अहिल्याबाई मार्ग, उज्जैन म.प्र. में हैं। जिसके भूखण्ड का कुल कार्पेट एरिया क्षेत्रफल 48.19 वर्गमीटर अर्थात लगभग 518-71 वर्गफीट हैं। जिस पर वर्तमान में तीन मंजिला भवन आर.सी.सी. की छत का निर्मित हैं। उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि को मेरे पक्षकार दिसी वेद पति श्री जयंत वेद, निवासी 167, आर्य समाज मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन म.प्र. ने भवन स्वामी से क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही उक्त संपूर्ण भवन / भूमि के दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीकरण होना हैं। उक्त संपूर्ण भवन/भूमि के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7-सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित संपूर्ण भवन / भूमि की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा किया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगडा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपूर्ण भवन / भूमि को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

दिनांक 02/10/2026, स्थान उज्जैन

शकील एहमद एडवोकेट
सुहाना पैलेस
34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन
मो. 87707-18997

जाहिर सूचना का प्रतिवाद

दैनिक अवंतिका समाचार-पत्र में अभिभाषक श्री शैलेन्द्र शर्मा, एडव्होकेट एक्सटेंशन महावीर बाग कॉलोनी उज्जैन द्वारा दिनांक 18-09-2026 को पृष्ठ क्रमांक 7 पर भवन क्रमांक पुराना नम्बर 1/1106 नया क्रमांक 79, स्थित निजातपुरा उज्जैन जो कि पोस्ट ऑफिस वालों का मकान के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करने का अनुबंध आप महोदय के पक्षकार द्वारा होना बताया गया है। मेरे पक्षकारों के द्वारा उक्त जाहिर सूचना का खण्डन प्रस्तुत प्रस्तुत करने हेतु मुझे अभिभाषक नियुक्त किया गया है। अत: उनके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उपरोक्त मकान के सम्बन्ध में यह तथ्य है कि उपरोक्त मकान के मालिक मेरे पक्षकारगण है तथा उनके द्वारा न्यायालय में एक वाद प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उच्च न्यायालय इंदौर से मेरे पक्षकारों के हित में दिनांक 22-09-2021 को निर्णय हुआ है तथा मेरे पक्षकारगण क्रमांक 1 लगायत 7 उक्त मकान के मालिक होकर काबिज हैं तथावे यहां निवास कर रहे हैं। आपके पक्षकारों ने आप महोदय को असत्य जानकारी देकर जाहिर सूचना प्रसारित करवाई है। स तरह उक्त मकान के मालिक मेरे पक्षकारगण क्रमश: 1- जगदीश राय, 2- नरेन्द्र राय, 3- प्रेम नारायण, 4- प्रकाश राय, 5- श्रीमती उमा राय, 6- श्रीमती किरण, 7- कैलाश प्रसाद होकर मकान नंबर 79, निजातपुरा उज्जैन में वह निवासरत हैं। उक्त मकान पर मेरे पक्षकार 1 लगायत 7 का स्वामित्व है तथा नगर निगम उज्जैन में मालिक की हैसियत से मकान पर नामांतरण भी पूर्व में हो चुका है। अत: आप महोदय अपने पक्षकार को सत्य जानकारी दें तथा उक्त मकान को किसी भी तरह से विक्रय न करें, अन्यथा मेरे पक्षकारों को आपके पक्षकार के विरुद्ध पुलिस में कार्यवाही करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा, अत: आप अपने पक्षकार को सूचित करें। मेरे पक्षकारों के पास उपरोक्त मकान का विक्रय-पत्र तथा उनके नाम से नगर पालिक निगम में नामांतरण के दस्तावेज उपलब्ध हैं। आप स्वयं मेरे कार्यालय में मेरे पक्षकारों के उक्त मकान पर मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन कर सकते हैं। अत: सूचित हो। दिनांक 02-10-2026

शंकरसिंह ठाकुर एडव्होकेट एवं नोटरी,
कार्यालय- 99, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन
मो. 9977050479

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार फिरोज़ पटेल पिता अजीज पटेल, जाति नायता, निवासी ग्राम कालियादेह, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) ने दिनेश जाट पिता देवनारायण जी जाट, जाति जाट, निवासी ग्राम बरोठीखेडा, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे न. 40 रकबा 0.56 हेक्टर, कुल किता 01 कुल रकबा 0.56 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम कालूहेड़ा, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, बैंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध-पत्र या इस भूमि से सम्बंधित मुख्तयारनामा आम या मुख्तयार नामा खास हो अथवा इस सम्पत्ति में उपरोक्त भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व व अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावें, अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मेरा पक्षकार अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में सम्पादित करा लेवेगा।

सूचित हो। दिनांक 03-10-2026

फरहीन मंसूरी (सर्विस प्रोवाईडर)
सी-12, भरतपुरी काम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. -7000743043

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भू-स्वामी सुरेशचंद्र आचार्य पिता श्री मांगीलाल आचार्य निवासी उज्जैन (म.प्र.) की मालिकी, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि ग्राम गुनई खालसा तह. उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित कृषि भूमि सर्वे नं. 211 रकबा 2.15 हे., मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा तय किया होकर उक्त भूमि की कीमत पेटे आंशिक राशि अदा कर सौदा चिट्ठी / इकरारनामा भी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित करवा लिया गया है। उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी शासकीय, अर्द्धशासकीय या किसी बैंकिंग संस्था या किसी व्यक्ति विशेष का कोई लेन-देन, भार, बोझ बकाया या कोई पारिवारिक संबंधित विवाद हो या कोई रास्ते अथवा सीमा का विवाद हो तो वह जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद उक्त भूमि की कीमत की बकाया शेष राशि का भुगतान भू-स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा अदा कर उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के हित में अथवा मेरे पक्षकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में निष्पादित करवा लिया जावेगा, बाद मियाद उक्त भूमि के सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति इस जाहिर सूचना के समक्ष शुन्य मानी जावेगी। सो सूचित हो। उज्जैन, दिनांक 02/10/2026

वर्षा प्रतीक मगरे (सर्विस प्रोवाईडर)
कार्यालय-सी.एफ.-5, भरतपुर काम्प्लेक्स, उज्जैन
मो. 8109957096, 93295 70707

न्यूज-कॉलम

लायंस क्लब का चिकित्सा शिविर चार अक्टूबर को

मन्दसौर। लायंस क्लब मंदसौर एवं मेरिंगो सिम्स हॉस्पिटल अहमदाबाद के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 4 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बी.पी.एल. चौराहा स्थित चेलावत हॉस्पिटल में एक दिवसीय मल्टी स्पेशियलिटी रियायती चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अहमदाबाद के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जटिल बीमारियों से पीड़ित मरीजों को परामर्श और मार्गदर्शन दिया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. के.सी. श्रीमाल एवं सचिव मयूर सुराणा ने बताया कि शिविर में न्यूरो व स्पाइन, स्ट्रोक, हृदय रोग, गैस्ट्रोएंट्रो लॉजिस्ट,क्रिटिकल केयर, हेमेटो-ऑन्कोलॉजी के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे।

2 .978 किलो अवैध अफीम पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

मन्दसौर। सीतामऊ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2.978 किलोग्राम अवैध अफीम जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सेमलखेड़ा आमरोड पर बालाजी मंदिर के पास नाकाबंदी की। इसी दौरान मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर जांच की गई। पीछे बैठे व्यक्ति के पास मौजूद थैली की तलाशी लेने पर उसमें से 2 किलो 978 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 4 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से एक मोटरसाइकिल क्र. एमपी 14 एमएक्स 8154 भी जब्त कर ली है। मामले में पुलिस ने काचरिया जाट निवासी 18 वर्षीय मनोहर पिता मुकेश दर्जी और 40 वर्षीय मुकेश पिता उदयराम दर्जी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सीतामऊ पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 एवं 29 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

दो कारों की भिड़न्त में एक घायल



पिपलियामंडी। महू-नीमच हाईवे पर बही चौपाटी पर दोपहर करीब 1 बजे दो कारों की आपस में भिड़ंत हो गई। हादसे में गोपाल कृष्ण तिवारी निवासी बही पार्श्वनाथ (कथावाचक) उम्र 48 वर्ष, गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही टोल एंबुलेंस पर तैनात श्वरूञ्ज विशाल गिरीश भाटी एवं पायलट गोविंद राठौर मौके पर पहुंचे। घायल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल मंदसौर रेफर किया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

सेवा संकल्प यात्रा के दौरान लॉन्च हुआ शिक्षा पोर्टल

मन्दसौर। जल, जन एवं सेवा संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम जगगाखेड़ी में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए च्शिक्षा पोर्टलज का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह पोर्टल उन जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए अत्यंत मददगार साबित होगा जो आर्थिक तंगी के कारण नई पुस्तकें खरीदने में असमर्थ हैं। ग्रामीण नागरिकों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर सेवा संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया। बताया गया कि कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अगली कक्षा में जाने वाले विद्यार्थी अपनी पुरानी पुस्तकें इस पोर्टल पर दान करने के लिए दर्ज करा सकेंगे। वहीं जरूरतमंद छात्र अपनी आवश्यकता के अनुसार पोर्टल के माध्यम से पुस्तकें प्राप्त कर सकेंगे। इस पहल से शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। पोर्टल लॉन्चिंग के अवसर पर पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, निरांत बग्गा, नेपाल सिंह, सेवा संकल्प यात्रा के यात्रीगण सहित स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

नीमच में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

नीमच। राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत शहर में बुधवार को मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) में गड़बड़ी और वोट काटे जाने के आरोपों को लेकर माहौल गरमा गया।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत

गांधी जयंती पर हनुमान ताल में चलाया गया स्वच्छता अभियान

जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हनुमान ताल में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तालाब परिसर एवं उसके आसपास साफ-सफाई की तथा स्वच्छ एवं सुंदर रतलाम के निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्वयं साफ-सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। सार्वजनिक स्थलों एवं जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण में सामूहिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया गया।

अभियान के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति अथवा विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया। उनके श्रम एवं योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए स्वच्छता कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया।

अभियान के दौरान प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के लिए संकल्प लिया गया। नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों एवं जल स्रोतों को प्लास्टिक कचरे से मुक्त रखने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की गईं। इनके माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सहभागिता का संदेश आमजन तक पहुंचाया गया।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित यह गतिविधि गांधीजी के स्वच्छता संबंधी विचारों को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास रही। अभियान के माध्यम से नागरिकों को अपने घर, आसपास के क्षेत्र, सार्वजनिक स्थलों एवं जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य श्री प्रदीप उपाध्याय, महापौर श्री प्रहलाद पटेल, रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री मनोहर पोरवाल सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने साफ सफाई की साथ ही बड़ी संख्या में आम नागरिक व पत्रकार उपस्थित रहे।

अन्तर्राज्जीय सायबर ठग सोनीपत से गिरफ्तार, 10 लाख रुपये की राशि होल्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

जिले के दलौदा थाना पुलिस टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अन्तर्राज्जीय साइबर ठग को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया शातिर आरोपी वर्क फ्रॉम होम और यूएस ड्रॉप शिपिंग बिजनेस में भारी मुनाफे का झांसा देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के बैंक खाते में जमा ठगी की 10 लाख रु. की राशि को फ्रिज करवा दिया है, जिसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत पीड़ित को सुपुर्द कराया जाएगा।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि दलोदा निवासी फरियादी कौशल (परिवर्तित नाम) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से मैसेज भेजकर विदेशी बाजार में निवेश करने पर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया गया था। शुरूआती भरोसा जीतने के लिए ठग ने उसे एआई जनरेटेड फर्जी पोर्टफोलियो दिखाए और चार लाख रु. के निवेश पर मूल राशि सहित 70 हजार रु. का मुनाफा वापस किया।

इस झांसे में आकर पीड़ित ने स्वयं और अपने दोस्त के माध्यम से कुल 14 लाख रु. स्थानांतरित कर दिए। इसके बाद जब पीड़ित ने राशि वापस मांगी, तो आरोपी ने फर्जी आधार व पैन कार्ड भेजकर और पैसों की मांग की। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने 1930 हेल्पलाइन और दलोदा थाने में शिकायत दर्ज कराई।

थाना प्रभारी दलोदा रवींद्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर आरोपी की पहचान सिद्धांत (22) पिता दुगार्दास दहिया निवासी पटेल नगर सोनीपत (हरियाणा) के रूप में की। पुलिस टीम ने सोनीपत में योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को उसके निवास स्थान के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से दो आईफोन, एक एंड्रॉइड मोबाइल तथा ओरिजिनल आधार व पैन कार्ड जब्त किए गए हैं। पुलिस फिलहाल आरोपी से मनी ट्रेल और अन्य अपराधों में संलिप्तता के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

कॉलोनी गेट निर्माण को लेकर विवाद संघर्ष में कांग्रेस नेता ओम शर्मा गंभीर घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर के बाहरी क्षेत्र बरूखेड़ा रोड स्थित परशुराम नगर की परशुराम गृह निर्माग सहकारी सोसायटी के गेट व बाउंड्रीवॉल निर्माण को लेकर बुधवार दोपहर हूआ बिबाद संघर्ष में बदल गया द्य बताया गया कि रास्ते की जमीन पर एक गुमटी रखने को लेकर चल रहे विवाद मे दो लोगों ने सोसायटी के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता ओम प्रकाश शर्मा पर यात्रिया, लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में शर्मा के सिर, चेहरे, हाथ-पैर, कंधे और सिर पर गंभीर चौटें लगने से जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें उदयपुर रेफर किया गया।पुलिस में पीड़ित पक्ष द्वारा की गई रिपोर्ट के अनुसार सोसायटी की जमीन पर सदस्यों को आवंटित किए गए हैद्य जिसमें कुछ लोगों ने आपत्ति कर अनिकेत दवे व साथियो ने विवाद में ओम शर्मा के सिर पर वार कर दिया। हमले में शर्मा के सिर और चेहरे पर लगी चोट से खून बहने लगा।

गंभीर चोट के चलते घायल ओम शर्मा को परिजनों द्वारा अन्य लोगों के सहयोग से जिला अस्पताल पहुंचाया गयाद्य जहां उपचार के पक्ष गंभीर हालत के चलते उन्हें उदयपुर रेफर किया गया द्य जिला अस्पताल में पहुंचे उनके मित्र गण, और कांग्रेस नेता हरगोविंद दीवान, योगेश प्रजापति, आदि बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। अस्पताल मे चिकित्सको द्वारा उपचार के पश्चात गंभीर हालत के चलते उन्हें उदयपुर भेजा गया द्य पुलिस दो मुख्य आरोपियों को राउंडअप कर मामले की जांच कर रही है।



डिप्टी सीए श्री देवड़ा ने वोकल फॉर लोकल प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मन्दसौर। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जिले के दलोदा (धुंधड़का) स्थित श्री अखिलानंद सरस्वती ग्रामीण गौशाला में आयोजित वोकल फॉर लोकलज प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला में विधि-विधान से गौपूजन किया तथा गोवंश को हरा चारा खिलाया। प्रदर्शनी के दौरान गोमूत्र, गोदुग्ध एवं गोबर से निर्मित विभिन्न उपयोगी सामग्रियों का प्रदर्शन किया गया, जिसकी उप मुख्यमंत्री ने मुक्त कंठ से सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि गौशाला का संचालन अत्यंत पवित्र और अनुकरणीय कार्य है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस स्थान पर अनुसंधान केंद्र स्थापित करने के लिए शासन स्तर से हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां निर्मित हो रहे गौ-उत्पादों से जिले की अन्य गौशालाएं भी प्रेरणा ले सकती हैं और उनके लिए यहां प्रशिक्षण आयोजित किया जा सकता है। इस दौरान जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, विजय सुराणा, सुमित सेन, आसाराम, ईश्वर लाल, एसडीएम शुभम पाटीदार, तहसीलदार रमेश मसारे और जिला आपूर्ति अधिकारी चंद्रावत आदि उपस्थित थे।

जे के सीमेंट द्वारा संस्थापक स्वर्गीय सिंघानिया की स्मृति में

स्वास्थ्य शिविर में 530 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच, लगभग 85 मरीजों के होंगे ऑपरेशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



समीप निम्बाहेड़ा राज. स्थित जे के सीमेंट द्वारा संस्थापक स्वर्गीय सिंघानिया की स्मृति में स्वास्थ्य शिविर मे निशुल्क जांच एवं किट वितरित किए गए। चिकित्सालय में बेबी किट, गौशाला में पशु आहार एवं हरा चारा तथा वृद्धाश्रम में निःशुल्क कंबल वितरित किए द्य जे. के. सीमेंट समूह के प्रबंध निदेशक स्व. श्री यदुपति सिंघानिया की 73वीं जयंती पर 29 सितंबर 2026 को जे.के. सीमेंट निंबाहेड़ा के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विभिन्न आयोजन किए गए।

जे. के. सीमेंट के एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि स्व. श्री यदुपति सिंघानिया की 73वीं जयंती पर विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं ऑपरेशन शिविर भंडारी नेत्रालय नीमच के तत्त्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस शिविर में नजर, नाखूना, मोतियाबिंद, निःशुल्क चश्मे की जांच आदि समस्याओं से जुड़े 530 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई एवं लगभग 85 मरीजों का जे.के. सीमेंट द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा, जिनमें 70 ऑपरेशन मोतियाबिंद के, 8 ऑपरेशन नाखूना के तथा 7 अन्य ऑपरेशन किए जाएंगे।कार्यक्रम की इसी कड़ी में स्व. श्री सिंघानिया की 73वीं जयंती पर निंबाहेड़ा क्षेत्र के 10 राजकीय विद्यालयों की 50 छात्राएँ जो टॉपर हैं, उन्हें विधायक श्रीचंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख गब्बर अहीर, जे. के. सीमेंट के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल, एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा, सुरभि क्लब की अध्यक्ष श्रीमती नेहा तोषनीवाल आदि अतिथियों द्वारा साइकिलें वितरित की गईं।

नगर कांग्रेस कमेटी ने महात्मा गांधी की जयंती अहिंसा दिवस के रूप में मनाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलीया मंडी



भारत के राष्ट्रपिता मोहनदास करमचंद गांधी जिन्हें बापू या महात्मा गांधी के नाम से भी जाना जाता है के जन्मदिन 2 अक्टूम्बर 1869 को गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है इस दिन को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।उक्त बात जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा ने शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

शर्मा ने कहा कि गाँधीजी 1915 में भारत लौटे ओर देश को अंग्रजो की गुलामी से आजाद कराने के आंदोलन से जुड़ गए।उन्होंने बिना किसी हथियार के केवल सत्य,अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग पर चलकर अंग्रजो का विरोध किया।उन्होंने असहयोग आंदोलन,दाड़ी मार्च ओर भारत छोड़ो आंदोलन जैसे कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया।शर्मा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2 अक्टूम्बर को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में घोषित किया है यह दिन हमे शांति,सादगी,स्वछता,ओर भाईचारे के उनके विचारों को अपनाने की प्रेरणा देता है। प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने कहा यह दिन महात्मा गांधी के जन्म 2 अक्टूबर 1869 पोरबंदर गुजरात की याद दिलाता है भारत को बिट्रिश शासन से आजाद कराने में उनके महान ओर निस्वार्थ कार्यो को याद किया जाता है।

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शिवना नदी और बावड़ी क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान



मन्दसौर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मंदसौर शहर में जल-जन सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता और श्रमदान के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वाराणसी-वड़नगर जल जन सेवा संकल्प यात्रा के मंदसौर पहुंचने पर नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। नगर के प्रमुख चौराहों से होती हुई यह यात्रा भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची, जहां यात्रियों ने पूजा और अभिषेक किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शिवना नदी घाट पर सामूहिक श्रमदान किया तथा स्वच्छता कर्मियों का सम्मान भी किया।

इसी अभियान के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मंदसौर द्वारा किला रोड स्थित ऐतिहासिक सात सहेलियों की बावड़ी एवं उसके आसपास के क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें सांसद सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, जिला यात्रा प्रभारी हितेश शुक्ला, शिवराज सिंह राणा, भाजपा के विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, सुनील जैन महाबली, विजय सुराणा, कमलेश सिसौदिया सहित एनसीसी कैडेट्स तथा गणमान्य नागरिकों ने एक घंटे से अधिक समय तक सफाई कर श्रमदान किया। सफाई कार्य के उपरांत बावड़ी परिसर में पौधरोपण किया गया और सांसद श्री गुप्ता ने सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। क्षेत्र का भ्रमण करने के बाद सांसद ने बावड़ी के विकास एवं सौंदर्यीकरण के लिए सांसद निधि से प्राथमिक रूप से 5 लाख रु. देने घोषणा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, सीएमओ प्रेम कुमार सुमन, तहसीलदार निलेश पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

न्यूज कालम



गांधी जयंती पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया बापू का स्मरण

रतलाम। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सेवा संकल्प अभियान के तहत माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भारतीय जनता पार्टी ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण किया। माल्यार्पण कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, आरडीए अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, बजरंग पुरोहित, शैलेन्द्र डागा, जयवंत कोठारी, प्रहलाद राठौड़, जुबिन जैन, नीलेश बाफना, बलवंत भाटी, संदीप यादव, भगतसिंह भदौरिया, महेश अग्रवाल, हार्दिक मेहता, राजेश रांका, अशोक पंचोली, नंदकिशोर पंवार, राजेन्द्र पाटीदार, मंगल लोढ़ा, ईश्वर बोराना, विवेक शर्मा मौजूद रहे।

यात्री बसों की आरटीओ द्वारा जांच में 4 बसें जब्त, 20 हजार शमन शुल्क वसूला



नीमच। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निदेर्शानुसार जिला परिवहन अधिकारी एवं यातायात पुलिस नीमच द्वारा मोटरयान अधिनियम के तहत वाहनों की सुरक्षा की दृष्टि से लगातार जांच एवं चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 1 अक्टूबर 2026 को यात्री बसों की जांच की गई। जांच के दौरान नियमों का पालन नहीं करने वाली यात्री बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 4 यात्री बसों को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान 20 हजार का शमन शुल्क वसूल किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यात्री वाहनों में सुरक्षा मानकों एवं मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए इस प्रकार की जांच एवं चालानी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

विद्वता परिषद ने गांधी शास्त्री को जयंती पर याद किया



पिपलियामंडी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जन्मजयंती पर विद्वता परिषद के सदस्यों ने स्थानीय आर्य समाज भवन में एक मंचीय कार्यक्रम आयोजित कर दोनों विश्व विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण किया। अतिथि के रूप मे उपस्थित वेदाचार्य सत्येंद्र आर्य, अशोक कुमठ, पंकज शर्मा "तरुण" दंत चिकित्सक डॉ. सुश्री शैलजा ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी एवं शास्त्रीजी के जीवन दर्शन को उल्लिखित करते हुवे राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद श्यामलाल बोराना ने दोनों महान विभूतियों के जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक संस्मरण सुनाए। राजेंद्र कैथवास, रमेश तेलकार, सुरेश सोलंकी आदि ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन परिषद के सचिव कवि पोरवाल मुकेश निडर ने किया। इस अवसर पर पेंशनर संघ के सर्व श्री हरिसिंह यादव, अमृतलाल जैन, रामेश्वर फरक्या, वेदप्रकाश आर्य, शैलेन्द्र गहलोत आदि मौजूद थे।

तलईया में नहाने उतरी महिला-बच्ची गहरे पानी में डूबीं दोनों की मौत

नीमच। जिले के जावद क्षेत्र के ग्राम बावल की तलईया में नहाने गई के एक महिला और 7 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई। दोनों तलाई में नहाने के लिए उतरी थीं। इसी दौरान गहराई में चले जाने से दोनों पानी में डूब गई। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान अकरी बाई पति मुकेश भील (18) निवासी नौगांवा थाना थांदला जिला झाबुआ और सुमित्रा पिता पन्नालाल भील (7) निवासी ग्राम सेजल जिला रतलाम के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बावल की तलाई में नहाने के लिए गई थीं। नहाते समय अचानक गहरे पानी में जाने से वे संभल नहीं सकीं और डूब गईं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव पानी से बाहर निकलवाए। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना की परिस्थितियों और दोनों के तलाई तक पहुंचने को लेकर भी पुलिस जाँच कर रही है।

सेवा संकल्प कलश यात्रा का जीरापुर में भव्य स्वागत

जीरापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रही सेवा संकल्प यात्रा मंगलवार देर शाम जीरापुर पहुंची। यात्रा के स्वागत के लिए सांसद रोडमल नागर एवं क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सेवा संकल्प अभियान के तहत देशभर में विभिन्न जनसेवा एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। यात्रा के खिलचीपुर नाका पहुंचते ही पहले से मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ यात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा छापीहैड़ा नाका होते हुए इंदर चौराहा पहुंची, जहां भी कार्यकताओं और नागरिकों ने पुष्पवर्षा एवं स्वागत किया।

फार्मर आईडी कार्य में लापरवाही पर पटवारी निलंबित

ब्यावरा-राजगढ़। फार्मर आईडी एवं फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने तथा शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर पटवारी हल्का क्रमांक 13/00037 साण्डाहेडी वृत्त अमरगढ़ तहसील राजगढ़ सुंदरसिंह भिलाला को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ द्वारा जारी आदेश के अनुसार भिलाला को फार्मर आईडी के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रगति नहीं होने पर पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब चाहा गया था। इसके बावजूद फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने, सीएम हेल्पलाइन में संतोषजनक जवाब नहीं देने, मुख्यालय पर निवास नहीं करने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों का गंभीरता से पालन नहीं करने संबंधी मामले की समीक्षा की गई।

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में छात्रों का आंकलन

सुसनेर। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय आकली-सुसनेर में 30 सितंबर को पीएम श्री निधि के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के आकलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आगर से आए भौतिक चिकित्सक संजय शर्मा ने विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का शारीरिक एवं कार्यात्मक आकलन किया। इस दौरान विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमताओं एवं आवश्यकताओं की जांच कर उन्हें उनकी जरूरत के अनुसार उचित मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की आवश्यकताओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा।

अनुशासन ओर शिष्टाचार जैसे गुणों का संचार करते है

सारंगपुर। सारंगपुर नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सत्र 2027-28 के हेड बॉय और हेड गर्ल के साथ चारों हाउसेस के पदाधिकारियों को गुरूवार को अलंकरण समारोह के माध्यम से चुना गया। आयोजन का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। आयोजन के प्रारंभ में संस्था प्राचार्य के द्वारा पधारे हुए अतिथि का स्वागत किया गया। ततपश्चात संस्था प्रबंधक अशोक चावडा ओर नितिन परिहार ने समस्त हाउसेस के कॅप्टन एवं वाईस कॅप्टन को बैच एवं पद की बेल्ट पहनाई गई। इसके आगे विद्यालय की घोष टीम के द्वारा शानदार परेड के माध्यम से अतिथियों को सलामी दी गई।

माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

सारंगपुर। उदनखेड़ी स्थित माध्यमिक विद्यालय परिसर में गुरुवार को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकताओं और सहायिकाओं की विशेष उपस्थिति में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांचों आंगनवाडी केंद्रों का अमला एक ही स्थान पर एकत्रित हुआ, जहां उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को बढावा देने के उद्देश्य से पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान एक पेड मां के नाम अभियान के तहत स्थानीय बच्चों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित माताओं और पालकों ने अपनी मां की स्मृति और सम्मान में पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

सियासी अविश्वास के साए में स्ट्रांग रूम, तीन स्तरीय सुरक्षा के बाद भी कांग्रेस का तंबू-पहरा

मतगणना की तैयारियों के लिए आए कर्मचारियों से विवाद के बाद कांग्रेस का हंगामा, तंबू हटाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव के तहत मतदान की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद भी सियासी पारा लगातार चढ़ा हुआ है। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी हो या फिर मतदान के दौरान वार्ड क्रमांक 7 में ईवीएम का मुददा इस चुनाव में कांग्रेस आक्रमक व हमावर नजर आ रही है।

अब शासकीय आईटीआई कॉलेज परिसर में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर जहां कांग्रेस कार्यकताओं ने बाहर तंबू गाड़कर मोर्चा संभाल रखा है वहीं अब मतगणना की प्रशासनिक तैयारियों के लिए पहुंचे कर्मचारियों के साथ भी कांग्रेस नेताओं की तीखी बहस और विवाद की खबर सामने आई है। इस उपचुनाव में मतदान के पहले से लेकर मतदान के दिन तक कांग्रेस की ओर से तीखे आरोप-प्रत्यारोप और कई जगह प्रशासनिक अधिकारियों के साथ सीधे टकराव की स्थितियां देखने को मिलीं।

आईटीआई कॉलेज परिसर में बने स्ट्रांग रूम की निगरानी कर रहे कांग्रेस उम्मीदवार विष्णु प्रसाद पाटीदार और उनके समर्थकों का प्रशासनिक मशीनरी पर अविश्वास इस कदर बढ़ गया है कि उन्होंने मतगणना से ठीक पहले व्यवस्थाएं जुटाने आए कर्मचारियों को घेर लिया। कांग्रेस नेताओं ने नियमों और पूर्व सूचना का हवाला देते हुए कर्मचारियों की मौजूदगी पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसके चलते स्ट्रांग रूम के बाहर काफी देर तक हंगामा और गहमागहमी की स्थिति बनी रही। बाद में थाना प्रभारी अनिल मालवीय के



साथ पुलिस बल के पहुंचने पर टेंट हटवानें के साथ विवाद ना करने की हिदायत भी दी गई।

यह अविश्वास और गुस्सा अचानक नहीं बढ़ा है, इसकी पृष्ठभूमि 29 सितंबर 2026 को हुए मतदान के दौरान ही तैयार हो गई थी, जब कांग्रेस ने विभिन्न मोर्चों पर जमकर हंगामा किया।

वार्ड नंबर 7 में ईवीएम बदलने पर बवाल-: मतदान के दिन सबसे बड़ा विवाद वार्ड क्रमांक 7 में हुआ। कांग्रेस विधायक भैरों सिंह परिहार बापू ने आरोप लगाया कि उनके पास मौजूद सूची और पोलिंग बूथ पर लगी ईवीएम मशीन के सीरियल नंबर अलग-अलग हैं। बिना सूचना मशीन बदले जाने के आरोप लगाते हुए कांग्रेस विधायक ने जमकर हंगामा किया, जिसके कारण करीब 15 मिनट तक मतदान ठप रहा।

मतगणना आज

नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव का मतदान संपन्न होने के साथ ही अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में कैद हो गया है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईवीएम को निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखकर सील कर दिया गया है। अब 3 अक्टूबर को होने वाली मतगणना के बाद यह साफ होगा कि नगर परिषद की अध्यक्षीय कुर्सी की जिम्मेदारी किसके हाथों में जाएगी। चुनावी मुकाबले में भाजपा के प्रदीप सोनी और कांग्रेस के विष्णु प्रसाद पाटीदार आमने-सामने रहे। मतदान के बाद अब प्रत्याशियों और समर्थकों में परिणाम को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।



रंगनाथाचार्य ने किया गौ शाला का निरीक्षण

जगोटी। ग्राम पंचायत जगोटी द्वारा हाल में बनाई नवीन वृंदावन गौ शाला का निरीक्षण गत दिवस रामानुज कोट के पीठाधीश्वर श्री 1008 स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने किया। स्वामी जी ने गौ शाला प्रबंधन के सदस्यों से गायों के आहार, रख रखाव की जानकारी लेते हुए मार्गदर्शन दिया। स्वामी जी का पुष्प हारों से स्वागत समाज सेवी अशोक हेड़ा, पूर्व सरपंच हाकमसिंह बापू, जालम सिंह हीरावत नजरपुर, गजेंद्र सिंह तोमर डाबरी, ओम सिंह पटेल,, रजनीश तिवारी,गोवर्धन सिंह आंजना मोहनलाल हेड़ा, पवन टटार, आदि ने किया। स्वामी जी के साथ पधारे जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह अमरपुरा ने भी गौ शाला का अवलोकन किया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना की।

38 वर्ष 3 माह की गौरवपूर्ण पुलिस सेवा पूर्ण कर उप निरीक्षक किरकेट्टा सेवानिवृत्त



ब्यावरा। राजगढ़ पुलिस परिवार के उप निरीक्षक नथूलाल किरकेट्टा ने 30 सितंबर 2026 को पुलिस विभाग में 38 वर्ष 03 माह की दीर्घ, गौरवपूर्ण एवं समर्पित सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। उनकी दीर्घ एवं उल्लेखनीय सेवाओं के सम्मान में 01 अक्टूबर 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजगढ़ में ससम्मान विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा सेवानिवृत्त उप निरीक्षक नथूलाल किरकेट्टा को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति-पत्र एवं पुलिस स्मृति-चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने श्री किरकेट्टा के दीर्घ एवं अनुकरणीय सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ पुलिस विभाग के दायित्वों का निर्वहन किया। उनका अनुभव, कार्यशैली एवं सेवाभाव पुलिस विभाग के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। पुलिस अधीक्षक ने श्री किरकेट्टा एवं उनके परिवार के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, सुखमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किरकेट्टा के साथ बिताए सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए उनके उल्लेखनीय योगदान को स्मरण किया तथा उन्हें भावभीनी विदाई दी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्र. 6, 8, 9 और 10 में जागरूकता कार्यक्रम



ब्यावरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 6, 8, 9 एवं 10 में स्थित सुठालिया रोड के आंगनबाड़ी केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदों सहित जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में श्रीमती रुचि रवि बड़ोने, गोपाल बादशाह, पार्षद गोपाल जाटव, पार्षद इकबाल हुसैन, सुमित सोलंकी, अरविंद शर्मा एवं गोपीलाल चौहान सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीशा बानो, रजिया खान, शादाब खान, निवेदिता सक्सेना, सुनीता बघेल एवं खुशबू अग्रवाल तथा सभी सहायिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी साझा की गई।

औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया बैंक शाखा का भ्रमण



महिदपुर रोड ! ग्राम झुटावद स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्कूली छात्र-छात्राओं ने व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेडों में माह सितंबर में आयोजित औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा की आलोट शाखा का भ्रमण किया। इस दौरान अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आलोट का भ्रमण किया । अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बैंक ऑफ बड़ौदा, आलोट शाखा का औद्यो गिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक द्वारा विद्यार्थियों को बैंकिंग व्यवस्था, बैंक की विभिन्न सेवा ओं, कार्यप्रणाली एवं बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रदान की । स्कूली छात्र-छात्राओं ने बैंक की कार्यप्रणाली को नजदीकी से समझा तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान बैंक में कार्य कर्मचारियों अधिकारियों से प्राप्त किया बैंक शाखा प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। औद्योगिक भ्रमण विद्या र्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी रहा तथा इससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेड के व्याव हारिक पक्ष को समझने का अवसर मिला।

अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर नागरिकों का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ब्यावरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायणसिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने उनके योगदान और सामाजिक भूमिका को रेखांकित किया। बुजुर्गों के अनुभवों से सीखना और आधुनिक युग में संस्कारों से जुड़ना बहुत जरूरी है बुजुर्ग हमारे अनुभव का खजाना हैं उनके जीवन के अनुभवों में वह ज्ञान और सीख छिपी है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। भारतीय संस्कृति में सदैव बुजुर्गों को सम्मान और परिवार में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

पहले परिवार के सदस्य एक साथ बैठकर रामायण, गीता एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों का पाठ करते थे। ऐसे पारिवारिक वातावरण से बच्चों में प्रेम, अपनत्व, अनुशासन और बड़ों के प्रति सम्मान जैसे संस्कार विकसित होते थे। आज आधुनिकता के दौर में जीवनशैली तेजी से बदल रही है।

अवैध हथियार सप्लाई करने के मामले में 3-3 वर्ष का कठोर कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुसनेर ने अवैध हथियार रखने और उनकी आपूर्ति से जुड़े मामले में तीन आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 3-3 वर्ष के कठोर कारावास तथा 2-2 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से एडीपीओ ताहिर खान ने पैरवी की। अभियोजन खान के अनुसार 21 मई 2018 को थाना सुसनेर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दिनेश पिता भगवानसिंह लोहार, निवासी पाट, थाना माकड़ोन, जिला उज्जैन, तहसील चौराहा डग रोड सुसनेर पर कमर में अवैध देशी कट्टा लेकर खड़ा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस पंचों एवं बल के साथ मौके पर पहुंची और दिनेश की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसकी पेंट की बेल्ट के अंदर से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। कट्टा खोलकर देखने पर उसमें 315 बोर का एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने दिनेश को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। विवेचना के दौरान पूछताछ में दिनेश ने पुलिस को बताया कि उक्त हथियार उसे असलम पिता रहीम निवासी डेलची, थाना माकड़ोन के माध्यम से पीरूलाल पिता बंशीलाल निवासी सारसी, थाना माकड़ोन से प्राप्त हुआ था। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पीरूलाल के कब्जे से विभिन्न देशी कट्टे एवं कट्टा बनाने के उपकरण तथा असलम के कब्जे से 315 बोर के दो देशी कट्टे एवं एक जिंदा राउंड बरामद किया।

18 वर्षो से चली आ रही अटूट परम्परा

नवरात्रि पर माँ बिजासन की निकलेगी भव्य चुनर यात्रा 15 को



दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

नवरात्रि महोत्सव पर आस्था और भक्ति के सबसे बडे महापर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। माँ दुर्गेश्वरी धाम छापीहेड़ा से माँ बिजासन धाम भैसवामाता तक निकलने वाली नगर की ऐतिहासिक चुनर यात्रा का यहाँ 19 वॉ वर्ष है। 15 अक्टूबर बुधवार तिथि पंचमी को यात्रा अपने भव्य दिव्य अंदाज में निकलेगी।

समाजसेवी कृष्णा सोनी ने बताया कि यह यात्रा गौरव का प्रतीक बन चुकी है। नगरवासियों के अटूट सहयोग से यह यात्रा लगातार 18 वर्षों से माँ के चरणों में श्रद्धा की चुनर अर्पित करती आ रही है और इस वर्ष 19वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। प्राचीन सिद्धपीठ माँ दुर्गेश्वरी धाम से प्रारंभ होकर माँ बिजासनधाम भैंसवा तक लगभग 30 किलोमीटर की पैदल यात्रा के रूप में निकलेगी। इस दौरान सैकडों माताएं-बहनें अपने सिर पर माँ की पवित्र चुनर लेकर चलेंगी, युवा साथी भगवा ध्वज एवं ढोल-नगाडों के साथ माता के जयकारे लगाते हुए चलेंगे।

यह केवल यात्रा नहीं आस्था का संगम

सोनी ने कहा कि यह यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आस्था का महासंगम और समर्पण का महाउत्सव है ओर इसी को से बनाने के लिए समस्त नगरवासी सहित नीरज सेठिया, मुकेश चौधरी, बबलू जायसवाल, नवनीत सेठिया, आनंद गठेलिया, सोनू बैरागी, सुशील गुप्ता सहित कृष्णा फ्रेंड्स क्लब के सदस्य यात्रा की तैयारियों में लगे हुए है।

सारंगपुर में तीन और चार अक्टूबर को आयोजित होगा सरकार आपके द्वार शिविर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग के निदेर्शों के अनुपालन में अनुविभाग सारंगपुर में सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी और समयबद्ध लोक सेवाएं सीधे उनके गांव और वार्ड स्तर पर ही उपलब्ध कराना है।

उक्त जानकारी देते हुए सारंगपुर एसडीएम जय सोलंकी ने बताया कि इस विशेष अभियान का प्राथमिक उद्देश्य आम जनता विशेषकर कृषकों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं, वंचितों और समाज के कमजोर



वर्गों को शासकीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने की मजबूरी से पूरी तरह मुक्त करना है। इस पहल के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की समस्त फ्लैगशिप हितग्राहीमूलक योजनाओं और राजस्व विभाग की नागरिक सेवाओं का लाभ आवेदकों को मौके पर ही स्वीकृत और प्रदान किया जाएगा।

शिविरों का यह रहेगा विस्तृत कार्यक्रम

एसडीएम सोलंकी ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए अलग-अलग दिवसों में शिविर तय किए गए है। ग्रामीण क्षेत्र के 3 अक्टूबर शनिवार को जनपद पंचायत सारंगपुर परिसर में विकासखंड स्तरीय मेगा शिविर आयोजित किया जाएगा।

पूर्व सरपंच परमार के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

सारंगपुर। समीपस्थ ग्राम बाबडलिया के पूर्व सरपंच एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव चंदर सिंह परमार पिता पूर्व सरपंच जय सिंह परमार का गुरूवार को निधन हो गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई। वह एक मिलनसार, कर्मठ और समाज सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के रूप में समाज सेवा का कार्य करते थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10:00 बजे उनके निज निवास गृह ग्राम बाबडलिया से निकाली गई। मुख्याग्नि उनके पुत्रो चंदर सिंह परमार तथा कमल सिंह ने दी।

बस स्टैंड पर स्वच्छता अभियान, श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

महात्मा गांधी जयंती पर किया सेवा कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा ।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम में शुक्रवार को बस स्टैंड परिसर राजगढ़ में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, अभियान में कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, श्रीमती मोना सुस्तानी सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए श्रमदान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर ने स्वच्छता अभियान में स्वयं श्रमदान कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया, उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है अभियान के दौरान बस स्टैंड परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की तथा कचरे का संग्रहण कर उचित निपटान किया, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता के साथ श्रमदान कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव, कलेक्ट गिरीश कुमार मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता मित्रों का हार एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वच्छता मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके योगदान को समाज एवं शहर को स्वच्छ बनाए रखने में महत्वपूर्ण बताया। । उन्होंने कहा कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति, संस्था या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है।

स्वच्छता मित्र कर रहे दायित्वों का निर्वहन

स्वच्छता मित्र प्रतिदिन अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके कार्य के प्रति सम्मान एवं उनके योगदान को प्रोत्साहित करना हम सभी का दायित्व है, कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी ने स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।





बच्चे का डर ऐसे करें दूर!

अभिभावक की ये गलतियां बढ़ा सकती हैं उसका डर

बच्चा अंधेरे कमरे में जाने से डरता है?

आजकल अधिकतर माता-पिता इस बात की शिकायत करते हैं कि उनका बच्चा अकेले अंधेरे कमरे में जाने से घबराता है। अगर आपका बच्चा भी अंधेरे से घबराता है तो इसे अनदेखा न करें। विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया तो बच्चे की नींद, एकाग्रता और आत्मविश्वास पर नकारात्मक असर हो सकता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, अंधेरे से डर लगना एक सामान्य बात है, खासकर छोटे बच्चों में। वे इस डर को निक्टोफोबिया कहते हैं। इसमें बच्चे या वयस्क को अंधेरे में अकेले रहने या कुछ अनजान होने का डर महसूस होता है। कई बच्चों में यह डर सामान्य से कहीं अधिक होता है, जो चिंताजनक है?और नींद में बाधा डालकर दैनिक गतिविधियों को प्रभावित कर सकता है।



क्यों होता है ऐसा?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, दो से छह वर्ष की आयु में बच्चों की कल्पनाशक्ति तेजी से विकसित होती है। इस उम्र में वे वास्तविकता और कल्पना के बीच का अंतर पूरी तरह नहीं समझ पाते। इसलिए अंधेरे में दिखाई देने वाली परछाई भी उन्हें किसी डरावने राक्षस जैसी लग सकती है। इसका एक कारण यह भी है कि विकास-क्रम के दौरान मनुष्य में अंधेरे के प्रति स्वाभाविक सतर्कता विकसित हुई है। कई बार माता-पिता बच्चों से अपनी बात मनवाने के लिए भूत-प्रेत या राक्षस जैसी काल्पनिक बातें कहते हैं, जिससे उनके मन में स्थायी डर बैठ जाता है। इसके अलावा डरावनी फिल्में, मोबाइल गेम्स, परिवार का तनावपूर्ण माहौल, किसी दुर्घटना का अनुभव तथा जन्मजात अधिक संवेदनशील स्वभाव भी बच्चों में अंधेरे का डर पैदा करते हैं।

कैसे करें बचाव?

बच्चों को झूठ बोलकर बहलाना?आपकी सबसे बड़ी गलती है। आपको उन्हें डराना नहीं है, बल्कि हिम्मत के साथ डर का सामना करना सिखाना है। उन्हें समझाएं कि अंधेरा सामान्य है और आप उनके साथ हैं। साथ ही अचानक अंधेरे के डर को खत्म करने की कोशिश करने के बजाय उनके पहले हल्की रोशनी में उनके साथ खेलें, फिर धीरे-धीरे अंधेरे डर को खत्म करने का प्रयास करें। अच्छा स्लीप रूटीन अपनाएं, सोने से पहले कुछ अच्छी कहानियां सुनाएं और दिन में आउटडोर खेल खिलाएं। यदि बच्चा कुछ देर बिना डरे अंधेरे में रह ले तो उसकी प्रशंसा करना न भूलें।

खेलों में अंधेरे की गतिविधियां

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. आरती आनंद बताती हैं, अगर आपके बच्चे को अंधेरे से डर लगता है, तो जल्दबाजी न करें। धैर्य से उसे समझाएं और पहले खुद अंधेरे कमरे में जाकर उसे सुरक्षा का अहसास दिलाएं। सजा के रूप में कभी अंधेरे कमरे में न भेजें, इससे डर बढ़ सकता है। सोते समय कमरे में हल्की रोशनी रखें। रोज खेल-खेल में उसे थोड़ी देर अंधेरे कमरे में रहने के लिए प्रेरित करें और बाहर आकर उसके प्रयास की प्रशंसा करें। इससे उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा और अंधेरे का डर धीरे-धीरे कम होगा।

बच्चे की हर गलती पर उसे डांटना कितना सही?

क्या आप अपने बच्चे को बात-बात पर डांटने लगी हैं? बच्चों की गलतियों पर उन्हें समझाना और सही रास्ता दिखाना परवरिश का जरूरी हिस्सा है, लेकिन क्या हर छोटी-बड़ी गलती पर डांटना सही परवरिश का तरीका है? आप जैसे कई माता-पिता बच्चों को अनुशासित रखने के लिए बार-बार डांटते हैं और इसे उनकी भलाई से जोड़कर देखते हैं। मगर विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार डांट-फटकार बच्चे के व्यवहार और भावनात्मक विकास पर नकारात्मक असर डाल सकती है। इस बार-बार की डांट का बच्चे पर गहरा असर होता है, इसे आपको जरूर जानना चाहिए।

आत्मविश्वास में आती है कमी


जब बच्चे को हर छोटी-बड़ी बात पर डांट सुननी पड़ती है, तो उसके मन में धीरे-धीरे यह धारणा बन जाती है कि वह कुछ भी ठीक से नहीं कर सकता। इस कारण वह खुद को अयोग्य समझने लगता है, जिसका सीधा असर उसके आत्मविश्वास पर पड़ता है। लगातार ऐसा व्यवहार झेलने वाले बच्चे नए काम या चुनौतियों को आजमाने से डरने लगते हैं। उन्हें असफल होने से ज्यादा इस बात का डर सताता है कि गलती होने पर उन्हें फिर डांट सुननी पड़ेगी। ऐसे में माता-पिता होने के नाते आपके लिए बच्चे की गलती बताने के साथ उसकी कोशिशों की सराहना करना भी जरूरी है। लगातार डांट सुनने वाले बच्चे के मन में एक तरह का डर बैठ जाता है। उसे हर समय यह चिंता रहती है कि कहीं उससे कोई गलती न हो जाए।




रंग भरकर चित्र बनाओ



रास्ता खोजो



बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ



Sport

चीन को हराकर ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई किया; 13वें दिन इंडिया को 6 गोल्ड

44 साल बाद एशियाड विमेंस हॉकी का गोल्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय विमेंस हॉकी टीम ने एशियन गेम्स में 44 साल बाद गोल्ड जीत लिया। भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराया। टीम के लिए एकमात्र गोल लालरेमसियामी ने किया।

शुक्रवार को गोलकीपर सविता पूनिया ने फर्स्ट हाफ में चीन का पेनल्टी स्ट्रोक रोककर भारत की बढ़त कायम रखी। इस जीत के साथ भारत ने लॉस एंजिलिस 2028 ओलिंपिक के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। भारत ने इससे पहले 1982 में साउथ कोरिया को हराकर गोल्ड जीता था। विमेंस हॉकी के गोल्ड के साथ भारत के कुल 16 गोल्ड हो गए हैं और वह मेडल टैली में 5वें नंबर पर है। रेसलिंग के पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल फाइनल में सुजीत कलकल ने ताजिकिस्तान के अब्दुलमजीद कुडिएव को 10-9 से हराया। मुकाबले में एक समय सुजीत 2-9 से पीछे थे और सिर्फ 1 मिनट 40 सेकंड का खेल बाकी था। इसके बाद उन्होंने लगातार टेकडाउन किए। आखिरी 11 सेकंड में एक और टेकडाउन से 2 अंक लेकर स्कोर 10-9 कर दिया और गोल्ड जीत लिया।



बॉक्सिंग में एक ही दिन 3 गोल्ड

अंकुश पंघाल ने पुरुषों की 80 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में साउथ कोरिया के किम मिन-सियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड जीता। वह 2018 के बाद एशियन गेम्स में बॉक्सिंग गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष बने।

इससे पहले परवीन हुड्?डा ने विमेंस 65 किग्रा फाइनल में चेन निएन-चेन को 3-2 से हराकर गोल्ड जीता। लवलीना बोरगोहेन ने विमेंस 75 किग्रा फाइनल में बाओ जिया को 5-0 से हराकर गोल्ड अपने नाम किया। इस तरह पहली बार एक ही एशियन गेम्स में 3 भारतीय बॉक्सर चैंपियन बने। कुमकुम मोहोड, अंकिता भक्त और कीर्ति की भारतीय विमेंस रिकर्व टीम ने गोल्ड जीता। इससे पहले टीम ने सेमीफाइनल में चीन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

नैनो न्यूज

- **ब्राजील टीम पहुंची कोलकाता-** ब्राजील की स्टार फुटबॉल टीम भारत के खिलाफ दोस्ताना मुकाबले के लिए कोलकाता पहुंच गई। मैच को लेकर प्रशंसकों में खासा उत्साह है।
- **भारत-पाकिस्तान क्रिकेट फाइनल तय-** एशियन गेम्स पुरुष टी20 के स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने होंगे। भारत ने श्रीलंका को 124 रन से हराया।
- **महिला हॉकी टीम स्वर्ण से दूर-** एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले में उतरी। टीम के सामने एशियाई खिताब और ओलंपिक कोटा हासिल करने का मौका रहा।
- **भारतीय तीरंदाजों ने फाइनल में जगह बनाई-** अंकिता भकत, कुमकुम मोहोड़ और कीर्ति शर्मा की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने चीन को 5-1 से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया।
- **रोहित यादव ने जीता कांस्य पदक-** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी रोहित यादव ने एशियन गेम्स में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने प्रतियोगिता के बाद अपने प्रदर्शन पर संतोष जताया।
- **सरवेश कुशारे को ऊंची कूद रजत-** भारतीय हाई जम्प खिलाड़ी सरवेश कुशारे ने एशियन गेम्स में रजत पदक जीता। उन्होंने स्वर्ण नहीं मिलने पर निराशा भी जाहिर की।
- **स्क्वैश में भारत को दो कांस्य-** एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला स्क्वैश टीमों को सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास लिया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने कहा कि टेस्ट कैप हासिल करना अब संभव नहीं है। चहल ने कभी भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला।

उन्होंने 72 वनडे और 80 टी-20 इंटरनेशनल खेले हैं। उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच अगस्त 2023 में टी-20 था। चहल ने कहा कि देश के लिए खेलने की उनकी भूख अभी भी बरकरार है। वह वनडे और टी-20 में वापसी के लिए पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में बताया लिखा, मेरे लिए रेड-बॉल क्रिकेट कभी सिर्फ एक और फॉर्मेट नहीं था। यहीं मैंने धैर्य, चरित्र, जुझारूपन और लंबे समय तक मैदान पर रहने की खुशी सीखी। उन्होंने आगे लिखा, मैंने अपना आखिरी फर्स्ट क्लास मैच लॉर्ड्स में खेला। यह लिखना भावुक कर देने वाला है, क्योंकि टेस्ट कैप हमेशा मेरा सपना रही। यह सपना कई सालों तक मेरे साथ रहा। चहल ने कहा, यह सपना पूरा नहीं हुआ, लेकिन मैं अपने सफर से सचमुच संतुष्ट हूं। इस फॉर्मेट में मिले हर मौके के लिए मैं बेहद आभारी हूं। चहल ने अपने पोस्ट में लिखा, अभी सब खत्म नहीं हुआ है। देश के लिए खेलने की भूख अभी भी पूरी तरह बरकरार है। मुझे लगता है कि मेरे अंदर अभी क्रिकेट बाकी है। उन्होंने आगे लिखा, मैं वनडे और टी-20 फॉर्मेट में एक और मौका हासिल करने के लिए अपना सबकुछ लगा दूंगा।



ब्राजील फुटबॉल टीम भारत आई

नई दिल्ली। ब्राजील फुटबॉल टीम अपने शेफ और न्यूट्रिशनिस्ट के साथ भारत आई है। टीम को 3 अक्टूबर को कोलकाता में साल्ट लेक स्टेडियम में भारत के खिलाफ फ्रेंडली मैच खेलना है। खिलाड़ियों को दिन में करीब 5 बार खाना दिया जा रहा है।

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

किराए से देना है
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

प्रॉपर्टी बेचना है
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

मकान बेचना है
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोनः 7869850570
9827832632

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

प्रवेश प्रारंभ
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की (अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदनः 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल 36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बरः-2557390

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

जलस्रोत खाली होने से रबी फसल पर संकट

धार। धार जिले में बारिश का दौर अब पूरी तरह थम गया है। पिछले कई दिनों से आसमान साफ है और तेज धूप के साथ गर्मी का असर बढ़ गया है। ऐसे में अब लोगों को बारिश की उम्मीद भी कम होती नजर आ रही है। शुक्रवार सुबह मौसम में हल्की ठंडक महसूस हुई, जिससे दिन के मौसम में बदलाव के संकेत जरूर मिले, लेकिन बारिश के आसार नजर नहीं आए। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में जिले में बारिश काफी कम हुई है।


सोलर प्लांट से क्वॉइल ऑयल और कॉपर चोरी

निसरपुर। ग्राम लिंगवा स्थित सोलर प्लांट के ट्रांसफार्मर खोलकर क्वॉइल, ऑयल और कॉपर केबल चोरी करने के मामले में निसरपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दोनों ने चार अन्य साथियों के साथ वारदात करना स्वीकार किया है। चार आरोपी अभी फरार हैं। 29 अगस्त को हितेंद्र पाटीदार, निवासी इंदौर, की शिकायत पर थाना कुक्षी में बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और साइबर सेल के पीएसटीएन डेटा से सुराग जुटाए।

प्रतिबंध के बाद भी पीओपी मूर्तियों का विसर्जन

धार। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद ऐतिहासिक देवी सागर तालाब की सफाई व्यवस्था की स्थिति सामने आई है। तालाब में पीओपी की बड़ी प्रतिमाएं किनारे पर पड़ी हैं। पानी कम होने के कारण कई प्रतिमाएं पूरी तरह डूब नहीं पाईं। तालाब में पूजन सामग्री, फूल-मालाएं और पॉलीथिन भी तैर रही हैं। विसर्जन के बाद भी सफाई नहीं होने से सड़ती पूजन सामग्री के कारण पानी से दुर्गंध आने लगी है। इस बार कम बारिश के कारण शहर के तालाबों में पर्याप्त पानी नहीं है। जल प्रदूषण रोकने के लिए प्रशासन ने पीओपी की प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगाई थी।

पेटलावद में व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर रोक की मांग



लोगों ने पुलिस से कहा- आस्था की जगह दिखावा कर पैसे कमाए जा रहे

झाबुआ। झाबुआ जिले के पेटलावद में नवरात्रि से ठीक पहले 'धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन बचाओ मंच' के बैनर तले लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। शहर में बड़ी संख्या में एकजुट हुई महिलाओं और पुरुषों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए पैदल रैली निकाली और सीधे पुलिस थाने पहुंचे। वहां उन्होंने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर इस बार नवरात्रि में होने वाले सभी कमर्शियल (व्यावसायिक) गरबा आयोजनों की अनुमतियां तुरंत रद्द करने की मांग की। ज्ञापन के जरिए मंच ने साफ कहा कि नवरात्रि सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि मां जगदंबा की भक्ति, संस्कार और सनातन परंपरा से जुड़ा पवित्र पर्व है। चिंता की बात यह है कि बड़े-बड़े व्यावसायिक आयोजनों में आस्था की जगह दिखावे, पैसे कमाने और फूहड़ता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कमर्शियल आयोजनों में मयार्दा से परे पहनावे, अश्लील गानों और अभद्र डांस जैसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जिसका हमारी युवा पीढ़ी पर बेहद बुरा असर पड़ रहा है।

नैनो न्यूज

- **इंदौर बाजार में त्योहारी रौनक बढ़ी-** त्योहारी सीजन शुरू होते ही इंदौर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी। कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, सजावटी सामान और घरेलू वस्तुओं की मांग बढ़ी।
- **ऑटो बाजार में बिक्री बढ़ने लगी-** त्योहारी खरीदारी के चलते इंदौर के ऑटोमोबाइल बाजार में ग्राहकों की पूछताछ बढ़ी। दोपहिया और कार डीलरों ने नए मॉडल पर ऑफर शुरू किए।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर ऑफरों की भरमार-** त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन और मोबाइल की बिक्री बढ़ाने के लिए दुकानदारों ने विशेष छूट शुरू की।
- **सराफा बाजार में ग्राहकों की हलचल बढ़ी-** त्योहारों और आगामी वैवाहिक सीजन को देखते हुए इंदौर सराफा बाजार में आभूषणों की पूछताछ बढ़ी। ग्राहकों ने सोने और चांदी के हल्के आभूषण पसंद किए।
- **कपड़ा बाजार में थोक कारोबार तेज-** त्योहारी मांग बढ़ने से इंदौर के कपड़ा व्यापार में थोक खरीदारी तेज हुई। व्यापारी नए डिजाइन और विभिन्न रेंज के माल की आपूर्ति बढ़ा रहे हैं।
- **मिठाई कारोबार में बढ़ी तैयारी-** त्योहारी अवसरों को देखते हुए शहर की मिठाई दुकानों ने उत्पादन बढ़ाने की तैयारी शुरू की। पैकिंग और गिफ्ट पैक की मांग भी बढ़ रही है।
- **मोबाइल बाजार में नए मॉडल की मांग-** इंदौर मोबाइल बाजार में नए स्मार्टफोन मॉडल को लेकर ग्राहकों की पूछताछ बढ़ी। दुकानदारों ने एक्सचेंज और फाइनेंस विकल्पों के साथ बिक्री शुरू की।

इंदौर छावनी में रोड चौड़ीकरण के लिए फिर चला बुलडोजर, तीन पोकलेन और दो जेसीबी के साथ पहुंचा अमला

नगर निगम ने मथुरावाला बिल्डिंग समेत बाधक हिस्से तोड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मास्टर प्लान के तहत रोड चौड़ीकरण में बाधक मकानों और प्रतिष्ठानों के हिस्से हटाने के लिए शुक्रवार सुबह नगर निगम का अमला एक बार फिर छावनी पहुंचा। छावनी चौराहे पर मथुरावाला प्रतिष्ठान की बिल्डिंग के हिस्से सहित अन्य मकानों के बाधक हिस्सों को हटाने की कार्रवाई की गई। निगम की टीम तीन पोकलेन और दो जेसीबी मशीनों के साथ पहुंची थी।

नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी शुक्रवार सुबह मशीनों के साथ छावनी चौराहे पहुंचे। यहां मथुरावाला की बिल्डिंग सहित अन्य मकानों और प्रतिष्ठानों के रोड चौड़ीकरण में बाधक हिस्सों को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। निगम की टीम ने पहले मैन्युअल काम किया और इसके बाद मशीनों की मदद से बाधक हिस्से तोड़े। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। फिलहाल किसी विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है। पिछली कार्रवाई के दौरान मशीनों से काम करते समय बिजली के तार मशीन में उलझ गए थे। तार हटाने के लिए जेसीबी चालक ने जोर लगाया तो बिजली का खंभा उखड़कर होम्योपैथिक डॉक्टर कपिल दीक्षित के सिर पर गिर गया, हादसे में डॉक्टर घायल हो गए थे।



पेंडिंग कार्रवाई पूरी करने पहुंचे

नगर निगम के एडिशनल कमिश्नर प्रखर सिंह ने बताया कि मास्टर प्लान में शामिल छावनी रोड पर रोड चौड़ीकरण के लिए जिन बाधक हिस्सों को हटाने की कार्रवाई लंबित थी, उसे शुक्रवार को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एक मकान का छज्जा हटाया गया है, जबकि दूसरे मकानों के बाधक हिस्से भी हटाए गए हैं।

मई में भी हुई थी कार्रवाई

इससे पहले नगर निगम ने मई में छावनी क्षेत्र में रोड चौड़ीकरण के लिए रिमूवल कार्रवाई की थी। इसके बाद रोड का काम शुरू हुआ था। कार्रवाई को लेकर राजनीतिक विरोध भी हुआ था। कांग्रेस ने इसके विरोध में क्षेत्र में जन अधिकार यात्रा निकाली थी। शुक्रवार को निगम की टीम दूसरी बार यहां बाधक हिस्से हटाने पहुंची।

सौ साल से ज्यादा पुराने हैं कई मकान

छावनी क्षेत्र में कई मकान और प्रतिष्ठान सौ साल से भी ज्यादा पुराने हैं। नगर निगम पहले भी यहां रोड चौड़ीकरण के लिए बाधक हिस्सों पर कार्रवाई कर चुका है। छावनी चौराहे पर जिस मथुरावाला बिल्डिंग पर शुक्रवार को कार्रवाई हुई, वह भी काफी पुरानी बताई जा रही है। बिल्डिंग में पांच फ्लोर और एक बेसमेंट है।

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड: महिला ने जीबीएस को दी थी मात, 17 अगस्त से निजी अस्पताल में हुआ था इलाज

72 दिन भर्ती रहीं पार्वती की 7 महीने बाद मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड के दौरान गंभीर रूप से बीमार हुईं 67 वर्षीय पार्वती कोंडला की बुधवार रात मौत हो गई। पार्वती करीब 72 दिन तक वेंटिलेटर और आईसीयू में भर्ती रही थीं। उन्हें दुर्लभ गिलियन-बैरे सिंड्रोम हुआ था।

उस समय डॉक्टरों ने उनके बचने की संभावना महज 3-4% बताई थी, लेकिन करीब 72 दिन के इलाज के बाद उन्हें बचा लिया गया था। हालांकि, उनकी वर्तमान मौत का चिकित्सकीय कारण और इसका दूषित पानी की घटना से सीधा संबंध आधिकारिक रूप से स्पष्ट होना बाकी है।



दिसंबर में उल्टी-दस्त के बाद बिगड़ी थी हालत

पार्वती को दिसंबर 2025 में उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें अलग-अलग अस्पतालों से होते हुए बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया। जांच में जीबीएस सिंड्रोम की पुष्टि हुई थी।
जीबीएस में शरीर का इम्यून सिस्टम नसों पर हमला करता है। इससे शरीर में कमजोरी और गंभीर स्थिति में लकवे जैसी स्थिति बन सकती है। पार्वती की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें 16 दिन वेंटिलेटर और 22 दिन आईसीयू में रखा गया था। फेफड़ों की स्थिति खराब होने पर ट्रेकोस्टोमी की गई थी। वे करीब 18 दिन तक बेहोश भी रही थीं।

पार्वती के बेटे नीलेश ने बताया कि उनकी मां की तबीयत दोबारा बिगड़ने के बाद 17 अगस्त से एक निजी अस्पताल में भर्ती थीं। लगातार इलाज चल रहा था और परिवार को हालत में सुधार की उम्मीद थी। इसी बीच बुधवार रात उनकी मौत हो गई। लंबे इलाज के बाद मार्च में उनकी हालत में सुधार शुरू हुआ। वे परिजनों को पहचानने लगी थीं और जवाब देने की कोशिश करने लगी थीं। 9 मार्च को उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था। घर लौटने के बाद भी उनकी रिकवरी जारी थी। उन्हें ट्यूब के जरिए दिन में कई बार लिक्विड डाइट और प्रोटीन दिया जाता था। फिजियोथेरेपी और नियमित देखभाल के जरिए उन्हें दोबारा सामान्य स्थिति में लाने का प्रयास चल रहा था।

66 करोड़ के बैंक लोन घोटाले में 21 आरोपी तलब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रुचि ग्लोबल लिमिटेड (अब एग्रोट्रेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड) से जुड़े करीब 66 करोड़ रुपए के बैंक लोन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 1 अक्टूबर को विशेष पीएमएलए कोर्ट, इंदौर में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेंट (चालान) दाखिल किया। कोर्ट ने मामले में शामिल 21 आरोपियों और संस्थाओं को नोटिस जारी कर प्री-कॉग्निजेंस सुनवाई के लिए तलब किया है।

मामले की शुरूआत सीबीआई, भोपाल की एफआईआर से हुई थी। इसी के आधार पर ईडी ने पीएमएलए के तहत जांच शुरू की। सीबीआई की एफआईआर में रूचि ग्लोबल लिमिटेड के साथ उमेश शाहरा, साकेत बरोडिया, आशुतोष मिश्रा और अज्ञात लोक सेवकों के नाम थे। ईडी की जांच के अनुसार रूचि ग्लोबल ने पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा और जम्मू-कश्मीर बैंक के कंसोर्टियम से करीब 66 करोड़ रुपए की नॉन-फंड बेस्ड क्रेडिट सुविधाएं हासिल कीं। इनमें लेटर ऑफ क्रेडिट शामिल थे। एजेंसी का आरोप है कि संबंधित सहयोगी संस्थाओं के पक्ष में कृषि उत्पाद खरीदने के नाम पर इन सुविधाओं का इस्तेमाल किया गया। ईडी के मुताबिक एलसी के जरिए तैयार किए गए बिलों में कथित तौर पर फर्जी बिल ऑफ एक्सचेंज और नकली लॉरी रिसीट का इस्तेमाल किया गया। बैंकों से बिल डिस्काउंट होने के बाद रकम कई संबंधित संस्थाओं के खातों के जरिए घुमाई गई और 1 से 3 दिन के भीतर फिर रूचि ग्लोबल के खातों में पहुंच गई। एजेंसी ने इसे बैंक क्रेडिट के कथित दुरुपयोग और रकम को लेयर कर वापस कंपनी तक पहुंचाने की प्रक्रिया बताया है।

जैन महिला अधिवेशन में आएंगी 5 हजार मातृशक्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

वीआईपी रोड स्थित दलाल बाग परिसर में निर्मित विद्या-सुधा मंडप में राष्ट्रसंत मुनिश्री सुधासागर म.सा. के सानिध्य में चल रहे चातुर्मास महोत्सव में आगामी 4-5 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर पर जैन महिला अधिवेशन होगा जिसमें देश के 97 शहरों से 3800 से अधिक महिलाएं शामिल होंगी। महिला परिषद् की संभागीय अध्यक्ष मुक्ता जैन ने कहा कि इसे महिलाओं का महाकुम्भ नाम दिया गया है और यह देश में 31वां महिला अधिवेशन होगा। आयोजन समिति की प्रमुख शीला डोडिया एवं सुशीला पाटनी ने कहा कि दो दिवसीय इस सम्मेलन में आने वाली मातृशक्तियों का 5 अक्टूबर को शहर में भव्य जुलूस भी निकाला जाएगा और देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं परम्पराओं को दर्शाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। दोनों दिन महिलाओं से जुड़े विभिन्न सामयिक और ज्वलंत विषयों पर विचार मंथन होगा। आयोजन सकल दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस अधिवेशन में देश के गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, छग एवं मध्यप्रदेश सहित चार राज्यों के 97 शहरों से 3800 महिलाओं के पंजीयन अब तक हो चुके हैं जबकि इस पूरे आयोजन में 5 हजार से अधिक महिलाओं की सह भागिता होने की उम्मीद है। आयोजन से जुडी महिला मंडलों महिला परिषद् की ओर से एवं महिला प्रकोष्ठ दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद की अध्यक्ष साधना दगडे, रूचि गोधा, संगीता बाकलीवाल ने कहा कि इस महाकुम्भ में शहर के विभिन्न महिला मंडलों, महिला परिषद् से जुडी मातृशक्ति भी शामिल होंगी और अपनी-अपनी प्रस्तुतियां भी देंगी।

क्राइम ब्रांच के अफसर बनकर घर में घुसे बदमाश

ठेकेदार को थाने ले जाने की धमकी देकर की वसूली, आरोपियों की तलाश जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

आजाद नगर इलाके में बदमाशों ने खुद को क्राइम ब्रांच का पुलिसकर्मी बताकर एक ठेकेदार के घर में घुसकर मारपीट की। आरोपियों ने उसे थाने ले जाने और केस में फंसाने की धमकी दी। डर के चलते ठेकेदार ने उन्हें 4 हजार रुपए दे दिए। शिकायत के बाद पुलिस टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

आजाद नगर टीआई लोकेश भदौरिया ने बताया कि हुसैनी मस्जिद वाली गली में रहने वाले इमरान पिता अनवर खान की शिकायत पर आरोपी भैया पठान, शाहरुख पेट्रोल और उनके दो अन्य साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इमरान ठेकेदारी का काम करते हैं।

इमरान ने पुलिस को बताया कि 28 सितंबर की रात करीब 3 बजे आरोपियों ने उनके घर का दरवाजा बजाया। दरवाजा नहीं खोलने पर उन्होंने लातें मारना शुरू कर दिया। दरवाजा खोलते ही चारों जबरन घर में घुस आए।

आरोपियों ने खुद को क्राइम ब्रांच का बताते हुए इमरान से थाने चलने को कहा। इमरान ने जाने से इनकार करते हुए कहा कि वे पुलिस की वर्दी में नहीं हैं और उनसे आईडी कार्ड मांगा। इस पर आरोपी भड़क गए। उन्होंने इमरान को कमरे से बाहर धक्का दिया और कहा कि उन्हें बड़े साहब के पास लेकर चलते हैं।

केस में फंसाने की धमकी देकर लिए 4 हजार- घर से बाहर आने के बाद आरोपियों ने खर्चे के नाम पर पैसे मांगे और झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। बातचीत के दौरान उन्होंने इमरान से 4 हजार रुपए जबरन ले लिए।

वारदात के बाद आरोपी बाहर खड़ी स्कॉर्पियो में बैठकर भाग गए। इमरान ने परिवार और दोस्तों को घटना बताई। परिजनों की सलाह के बाद वह थाने पहुंचे और आरोपियों का हुलिया बताया।

दो अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

घर से रुपए लेकर निकले युवक ने फांसी लगाई, सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में बीती रात दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई। आजाद नगर क्षेत्र में 35 वर्षीय युवक ने घर के बाहर वाले कमरे में फांसी लगा ली। वहीं तेजाजी नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान मनोज (35) पिता मोहर सिंह ठाकुर, निवासी मूसाखेड़ी के रूप में हुई है। वह गैस सिलेंडर डिलीवरी और रिपेयरिंग का काम करता था। पुलिस के अनुसार रात करीब 12.30 बजे उसने घर में फांसी लगा ली।

मनोज के भाई विनोद ने बताया कि रात करीब 11 बजे वह कुछ रुपए लेकर घर से निकला था। उसने पत्नी से कुछ देर में लौटने की बात कही थी। बाद में वह घर आया, तब तक पत्नी और बच्चे सो चुके थे। देर रात पत्नी उसे देखने बाहर के कमरे में पहुंची तो मनोज फंदे पर लटका मिला। उसने पड़ोसियों और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

परिजनों के मुताबिक मनोज ने घटना से पहले विदिशा में रहने वाले अपने साले से फोन पर बात की थी। भाई विनोद ने किसी तरह के कर्ज की जानकारी होने से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

बाइक को कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

- दूसरी घटना तेजाजी नगर क्षेत्र में हुई। पुलिस के मुताबिक दीपक मनासिया, निवासी कुशलगढ़ (मह्) की सड़क हादसे में मौत हो गई। रात करीब 12 बजे डी-मार्ट के पास तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।
- हादसे के बाद कार सवार युवक कार मौके पर छोड़कर दूसरी कार से भाग गए। पीछे से आ रहे दीपक के दोस्तों ने उसे सड़क पर पड़ा देखा और तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दोस्तों के साथ चापड़ा गया था

परिजनों ने बताया कि दीपक काम के सिलसिले में चापड़ा गया था। उसके साथ कुछ दोस्त अलग-अलग बाइकों पर थे। दीपक खेती-किसानी का काम करता था। उसके परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। पुलिस ने हादसे में शामिल कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com